डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

आश्विन कृष्ण पक्ष 8, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), बुधवार, 25 सितंबर 2024, वर्ष-30, अंक-341, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज 10



'मुझे टेस्ट क्रिकेट नहीं खेलने का कोई अफसोस नहीं...

**सेंसेक्स**
84,914.04 -14.57

**डॉलर**
83.609 +0.071

**पलामू सर्राफा**
10 ग्राम 75,070
01 किलो 90,570

## एक नजर

### राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक 27 को

**रांची।** राज्य कैबिनेट की बैठक 27 सितंबर को रांची के धुर्वा स्थित प्रोजेक्ट बिल्डिंग में शाम चार बजे से होगी। मंत्रिपरिषद की बैठक के बारे में मंगलवार को मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) की ओर से यह जानकारी दी गई है। इसमें कहा गया है कि हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक 27 सितंबर को अपराह्न चार बजे से झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी। झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा से पहले होने वाली कैबिनेट की बैठक में कई अहम और लोकलुभावन फैसले होने की उम्मीद है।

### लातेहार में फर्जी होमगार्ड बहाली का हुआ खुलासा

**रांची।** झारखंड में होमगार्ड जवानों की फर्जी बहाली मामले में प्रतिदिन नया खुलासा हो रहा है। रांची के बाद यह सिंडिकेट अब लातेहार में भी सक्रिय मिला है। वहीं, फर्जी तरीके से एक अभ्यर्थी मनोज कुमार के होमगार्ड में बहाल होने का मामला सामने आया है। इस बात का खुलासा सीओ की जांच के बाद हुआ। अभ्यर्थी मनोज फर्जी तरीके से स्थानीय प्रमाण पत्र बनाकर बहाल हुआ था। इस बात का खुलासा वहां की मुखिया रमली देवी ने एसडीओ को पत्र लिख कर किया है। इसके बाद मामले की जांच हुई और पुलिस मुख्यालय को भी इस बात की जानकारी दी गई।

### हरिनी अमरसूर्या बनीं श्रीलंका की नई प्रधानमंत्री

**कोलंबो।** नेशनल पीपुल्स पावर (एनपीपी) की सांसद हरिनी अमरसूर्या ने मंगलवार को श्रीलंका के नए प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। पीएम के तौर पर उनकी नियुक्ति श्रीलंका की राजनीति में एक महत्वपूर्ण क्षण है। वह चंद्रिका भंडारनायके कुमारतुंगा और सिरीमावो भंडारनायके के बाद प्रधानमंत्री का पद संभालने वाली तीसरी महिला बन गई हैं। अमरसूर्या एक प्रसिद्ध शिक्षाविद, राइट्स एक्टिविस्ट और यूनिवर्सिटी लेक्चरर हैं। उन्होंने शिक्षा और सामाजिक न्याय के लिए विशेष रूप से काम किया है। इससे पहले सोमवार को दिनेश गुणवर्धने ने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था।

**पलामू परिवर्तन यात्रा : बीजेपी नेताओं ने हेमंत सरकार पर किया जोरदार हमला**

## मंईयां योजना में 300 रुपए कमीशन, सरकार आदिवासी हितों की अनदेखी कर रही : अन्नपूर्णा देवी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू परिवर्तन यात्रा के दौरान केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने राज्य की हेमंत सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने मंईयां सम्मान योजना में कमीशनखोरी का आरोप लगाते हुए कहा कि इस योजना में 300 रुपए का कमीशन लिया गया है। अन्नपूर्णा देवी ने कहा, 'इस योजना ने लोगों को परेशान किया है। जब लोगों को पैसे की आवश्यकता थी, तब पैसे का वितरण नहीं किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार ने सालाना 72 हजार रुपए देने का वादा किया था, लेकिन वास्तविकता में कुछ और ही हो रहा है।

पलामू के छतरपुर में आयोजित परिवर्तन यात्रा को संबोधित करते हुए अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि राज्य सरकार आदिवासियों के हित में काम नहीं कर रही है। उन्होंने चंपाई सोरेन के सीएम बनने का जिक्र करते हुए कहा कि हेमंत सोरेन ने उन्हें एक दिन भी सीएम की कुर्सी पर बैठने नहीं दिया। 'यह कौन सा आदिवासी प्रेम है?' उन्होंने सवाल उठाया।

**महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध :** केंद्रीय मंत्री ने महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि 'राज्य की डेमोग्राफी बदल रही है,' और यह सरकार न तो युवाओं और न ही महिलाओं के शेष पृष्ठ 11 पर

## पुलिस हिरासत में आरोपी की मौत के बाद थाना का घेराव



**ग्रामीणों ने की पत्थरबाजी, कई पुलिस कर्मी घायल**

**पुलिस की हवाई फायरिंग से भगदड़**

**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडाई।** थाना के बाल मित्र कक्ष में सोमवार रात्रि जरही गांव निवासी बच्चा भुइयां के मौत मामले को लेकर मंगलवार के दिन थाना पूरी तरह रण क्षेत्र में तब्दील हो गया। मामले को लेकर दोपहर 2 बजे हजारों की संख्या में थाना पहुंचे भुइयां समाज के लोगों ने थाना का घेराव किया गया। थाना का मुख्य गेट को बंद कर वहीं पर प्रदर्शकारी बैठक गए। प्रदर्शनकारियों द्वारा पुलिस पदाधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दिया गया। पुलिस प्रशासन मुदार्बाद, कानून को हाथ में लेने वाले होश में आओ के साथ-साथ बच्चा भुइयां को जिंदा लाए हो जिंदा वापस करो आदि नारेबाजी की गई। प्रदर्शन के दौरान पुलिस जवानों द्वारा एक दो ग्रामीणों की पिटाई कर दी गई। पुलिस की उक्त कार्रवाई से आक्रोशित ग्रामीणों ने पत्थर बाजी करना शुरू कर दिया गया। उनके पत्थरबाजी में कई पुलिस के जवान जख्मी हो गए तो कई पुलिस शेष पृष्ठ 11 पर

### बच्चा भुइयां फांसी के फंदे से लटा मिला : डीएसपी

थाना कक्ष में प्रेस वार्ता कर डीएसपी नीरज कुमार ने बताया कि धनंजय साहू के पिता हीरा साह के लिखित आवेदन के आलोक में बच्चा भुइयां को सोमवार शाम 5:30 बजे उसके गांव से गिरफ्तार कर थाना लाया गया था। उसके बाद पुलिस पदाधिकारी द्वारा घटना के बारे में पूछताछ कर उसे थाना के बाल मित्र कक्ष में खाना खाने के बाद सोने के लिए भेज दिया गया। मंगलवार की सुबह थाना के चौकीदारों को उठने के बाद उस वक्त कमरे में फांसी के फंदे पर लटका देखा गया। उसके बाद बीडीओ, सीओ और प्रखंड के कई जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में शव को नीचे उतार गया। इसके बाद ही शव को पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया गया।

**मुख्यमंत्री इटखोरी में 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम में हुए शामिल, कहा**

# केंद्र सरकार ने झारखंड का एक लाख 36 हजार करोड़ रुपये रखा है बकाया

**बोले सीएम, आने वाले 5 वर्षों में हर घर में हर वर्ष एक लाख रुपये पहुंचाएंगे**

**चतरा एवं कोडरमा जिले को 1500 करोड़ रुपये की योजनाओं की सौगात दी**



**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** विधानसभा चुनाव में वोट खरीदने के लिए पूरे देश से बड़े-बड़े मंत्री और मुख्यमंत्री झारखंड में मंडरा रहे हैं। उनका मकसद झारखंड को लूटना है। केंद्र सरकार बकाया पैसा का सूद भी दे दे, तो वे मंईयां सम्मान योजना की राशि एक हजार से बढ़ाकर दो हजार कर देंगे। ये बातें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इटखोरी में कही।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जिले के इटखोरी प्रखंड मुख्यालय के भद्रकाली मंदिर स्थित महोत्सव मैदान में मंगलवार को आयोजित ह्यआपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वारह्न कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने चतरा एवं कोडरमा जिलों को लगभग 1500 करोड़ रुपये की योजनाओं की सौगात दी। उन्होंने विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया तथा लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का भी वितरण किया। इस कार्यक्रम में चतरा और कोडरमा से लाभुक पहुंचे थे। इस दौरान सुरक्षा के भी चौबंद व्यवस्था की गई थी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि केंद्र सरकार ने झारखंड का 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपये बकाया रखा हुआ है। अगर केंद्र सरकार इस पैसे का ब्याज भी दे देती है, तो वे मंईयां सम्मान योजना की राशि एक हजार रुपये से बढ़ाकर दो हजार रुपये कर देंगे। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार गरीबों और कमजोरों को ताकत देने का काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने 200 यूनिट बिजली फ्री कर दी है और बकाया बिजली बिल को भी माफ कर दिया है। भाजपा के आरोपों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि मंईयां सम्मान योजना वोट लेने के लिए नहीं, बल्कि गरीबों की मदद करने के लिए शुरू की गई है। जबकि, भाजपा ने कभी गरीबों के लिए कुछ नहीं किया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि 2019 में जब से उनकी सरकार बनी है, तब से ही वे पूरे राज्य में घूम रहे हैं और देख रहे हैं कि सरकारी योजनाएं और सेवाएं गांवों तक पहुंच रही हैं या नहीं। चतरा जिला ऐसा दूसरा स्थान है, जहां सबसे अधिक शिविर लगे हैं और लाखों लोगों के आवेदन आए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2021 में शुरू हुआ 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम झारखंड का पहला ऐसा कार्यक्रम है, जिसके तहत राज्य के सभी बुजुर्गों, विधवाओं और दिव्यांगों को पेंशन दी जा रही है। इस योजना के तहत सरकार हर महीने सभी बुजुर्गों को 1000 रुपये की पेंशन दे रही है। अब मंईयां सम्मान योजना भी शुरू हो गई है। इसके तहत सरकार महिलाओं को भी पेंशन दे रही है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार आने वाले पांच सालों में लोगों को इतना सशक्त बनाएगी कि शेष पृष्ठ 11 पर

**बैद्यनाथ मंदिर के निकट क्यू कांप्लेक्स के फेज-2 मामले में अवमानना याचिका पर सुनवाई**

## झारखंड हाई कोर्ट ने मुख्य सचिव को जारी किया अवमानना नोटिस

**पर्यटन सचिव एवं देवघर डीसी को भी नोटिस**

**सांसद निशिकांत दुबे की है अवमानना याचिका**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में मंगलवार को देवघर में बाबा बैद्यनाथ मंदिर के निकट क्यू कांप्लेक्स के फेज-2 का निर्माण कार्य शुरू नहीं होने को लेकर सांसद निशिकांत दुबे की अवमानना याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में हाई कोर्ट की खंडपीठ ने राज्य सरकार द्वारा दायर किए गए शोकॉज को रद्द कर दिया। राज्य सरकार की ओर से कहा गया था कि सीएसआर (कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी) फंड से देवघर में क्यू कांप्लेक्स के फेज-2 का निर्माण नहीं कराया जा सकता है, जिस पर हाई कोर्ट की खंडपीठ ने राज्य के मुख्य सचिव, पर्यटन सचिव और देवघर डीसी को और अवमानना नोटिस जारी करते हुए पूछा है कि कोर्ट के आदेश का अनुपालन 10 माह बाद भी क्यों नहीं किया गया। उनके खिलाफ क्यों नहीं अवमानना की कार्रवाई शुरू की जाए? हाई कोर्ट की खंडपीठ ने मामले की अगली सुनवाई 16 अक्टूबर निर्धारित की है। हाई कोर्ट की खंडपीठ ने दिसंबर 2023 में निशिकांत दुबे की ओर दायर जनहित याचिका को स्वीकृत करते हुए देवघर में बाबा बैद्यनाथ मंदिर के क्यू कांप्लेक्स का निर्माण जल्द करने का आदेश दिया था। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि नवयुग कंपनी लिमिटेड द्वारा सीएसआर के तहत देवघर में क्यू कांप्लेक्स के द्वितीय फेज के निर्माण के लिए 120 करोड़ रुपये देने का जो आग्रह किया था, उसे राज्य सरकार स्वीकार करे। इस राशि से देवघर में क्यू कांप्लेक्स के द्वितीय फेज का निर्माण कार्य शुरू किया जाए। कोर्ट ने सरकार को क्यू कांप्लेक्स के द्वितीय फेज के निर्माण कार्य की मॉनीटरिंग करने का भी निर्देश दिया था, लेकिन हाई कोर्ट के आदेश का पालन नहीं होने पर निशिकांत दुबे की ओर से हाई कोर्ट में अवमानना याचिका दाखिल की गई। नवयुग कंपनी लिमिटेड द्वारा सीएसआर के तहत देवघर में क्यू कांप्लेक्स के द्वितीय फेज के निर्माण के लिए 120 करोड़ देने के आग्रह राज्य सरकार से किया गया है। सांसद निशिकांत दुबे द्वारा दाखिल जनहित याचिका में कहा गया है कि बाबा बैद्यनाथ मंदिर, देवघर के लिए क्यू कांप्लेक्स के दूसरे फेज का निर्माण कार्य चल रहा है।

## हाई कोर्ट ने धार्मिक न्यास बोर्ड की पहाड़ी मंदिर कमेटी भंग की

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में पहाड़ी मंदिर विकास समिति की दायर याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। सुनवाई में अदालत ने राज्य सरकार और धार्मिक न्यास बोर्ड की बनाई गई कमेटी को भंग कर दी है। अदालत ने निर्देश दिया है कि पूर्व की तरह रांची डीसी के नेतृत्व वाली कमेटी पहाड़ी मंदिर का कार्यभार देखेगी। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया कि समिति को किसी प्रकार का धारा 29 का नोटिस (समिति भंग करने का कारण) नहीं दिया गया। ना ही जिला न्यायाधीश से मंदिर विकास के लिए कोई योजना दी गई और न ही जिला न्यायाधीश से किसी प्रकार की कोई सहमति ली गई। समिति भंग करने से पहले बोर्ड से कोई आदेश भी पारित भी नहीं कराया गया। धार्मिक न्यास के चेयरमैन का आदेश सही नहीं है। पहाड़ी मंदिर विकास समिति के ओर से अधिवक्ता अभय मिश्रा ने पक्ष रखा। धार्मिक न्यास बोर्ड की ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार ने पक्ष रखा।

**चुनाव आयोग ने की झारखंड विस चुनाव की तैयारियों की समीक्षा, कहा**

## निष्पक्ष मतदान कराने को प्रतिबद्ध हैं : राजीव कुमार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा को लेकर केंद्रीय निर्वाचन आयोग की टीम का दो दिवसीय दौरा मंगलवार को संपन्न हो गया है। आयोग ने कहा है कि हम राज्य में निष्पक्ष, स्वतंत्र और पारदर्शी रूप से विधानसभा के चुनाव कराने को प्रतिबद्ध हैं। कानून व्यवस्था और चुनाव आयोग के निर्देशों का बिना किसी पक्षपात के सख्ती के साथ पालन कराया जाएगा। राज्य सरकार, प्रशासन और कानून का



अनुपालन कराने वाली एजेंसियों को इसके लिए सख्त निर्देश दिए गए हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और डॉ एसएस संधू के साथ रांची में झारखंड में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए चुनाव तैयारियों की विस्तृत और व्यापक समीक्षा की। झारखंड में राज्य विधानसभा का कार्यकाल पांच जनवरी, 2025 को समाप्त होने वाला है और राज्य में 81 एसी (44 सामान्य, 09 एससी, 28 एसटी) के लिए चुनाव निर्धारित हैं। 23-24 सितंबर को आयोग के दो दिवसीय समीक्षा दौरे के दौरान राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों जैसे आम आदमी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, भारतीय जनता पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी), भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, नेशनल पीपुल्स पार्टी, आजसू पार्टी, झारखंड मुक्ति मोर्चा और राष्ट्रीय जनता दल के प्रतिनिधि आयोग से मिलने आए। सभी राजनीतिक दलों ने लोकसभा चुनाव 2024 के सफल और शांतिपूर्ण आयोजन के लिए सराहना व्यक्त की। अधिसंख्य दलों ने शेष पृष्ठ 11 पर

## पीएम मोदी अमेरिकी यात्रा समाप्त कर स्वदेश लौटे



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन दिवसीय अमेरिकी यात्रा समाप्त कर स्वदेश लौट आए हैं। भारत लौटने पर दिल्ली एयरपोर्ट पर उनका भव्य स्वागत किया गया। अपनी यात्रा के दौरान पीएम मोदी ने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र में क्वाड लीडर्स समिट और फ्यूचर समिट में भाग लिया। इसके साथ ही, उन्होंने कुछ महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठकें भी कीं। नरेंद्र मोदी अपनी अमेरिकी यात्रा के दौरान भारतीय समुदाय के एक कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र महासभा में भविष्य के शिखर सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने रविवार को क्वाड शिखर सम्मेलन के इतर अपने जापानी और ऑस्ट्रेलियाई समकक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं और आपसी लाभ एवं हिंद-प्रशांत क्षेत्र की शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए द्विपक्षीय सहयोग को और गहरा करने पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

**इंडिया**

## क्षुद्र राजनीति से ऊपर उठकर व्यापकता से ही आएगी समृद्धि



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

वैश्विक गांव में बदल चुकी दुनिया आज सबसे बड़े बाजार के रूप में ही नहीं एक उभरते शक्तिशाली भारत को देख रही है जो अपने बलबूते अपनी पहचान बना रहा है। कृत्रिम मेधा एआइ के आने से भाषा का बंधन भी लगभग समाप्ति पर है और आधुनिक उपकरणों का प्रयोग करने वाले लोग इसका भरपूर उपयोग तो कर ही रहे हैं मोबाइल तक ऐसे बाजार में आ गए हैं जो तत्क्षण भाषा को बदलने में सक्षम हैं। ऐसे में भारत भी तेज अर्थव्यवस्था की दौड़ में अपने आप शामिल हो गया है और विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से दूसरी या पहली अर्थव्यवस्था बनने कि तीव्र चाहत रखता है। औपनिवेशिक काल और स्वतंत्रता के बीच, वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में भारत की हिस्सेदारी एक-चौथाई से गिरकर लगभग पांच फीसदी रह गई थी जो आज वैश्विक जीडीपी में हमारी हिस्सेदारी (क्रय शक्ति समता के मामले में) लगभग सात-आठ फीसदी है। हमने अपनी स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष तक भारत को दुनिया के विकसित देशों में शामिल कराने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। पर इस बड़े लक्ष्य का पूरा होना राजनीतिक दांवपेंच से ऊपर उठकर निरंतर आर्थिक विकास से ही संभव है। अभी हमारी प्रति व्यक्ति आय लगभग 2,100 डॉलर है। जबकि आज उच्च आय वाला देश उसे माना जाता है, जहां प्रति व्यक्ति आय 12 हजार डॉलर से अधिक हो। यानी अभी हम उच्च आय वाले देश के छठवें हिस्से के बराबर हैं। चूंकि, वर्ष 2024 की तुलना में वर्ष 2047 में उच्च आय वाले देशों की आय सीमा स्वाभाविक ही बहुत अधिक होगी, इसलिए प्रति व्यक्ति आय का हमारा लक्ष्य 15 हजार डॉलर सालाना से अधिक होना चाहिए। भारत को विकसित देश बनाने के लिए आज से 2047 के बीच लगातार आठ फीसदी से अधिक की विकास दर पाना जरूरी है। बुनियादी ढांचे में सार्वजनिक पूंजीगत व्यय द्वारा समर्थित निजी निवेश से इस विकास को आगे बढ़ाना होगा। केंद्र सरकार निश्चित रूप से अपना काम कर रही है पर राजनीति से ऊपर उठकर सभी सरकारों को इस मुद्दे पर एकमत होना चाहिए। जीडीपी में 2014 और 2024 के बीच केंद्र सरकार के पूंजीगत व्यय का हिस्सा जीडीपी के 1.5-1.6 फीसदी से दोगुना होकर जीडीपी का 3.0-3.2 फीसदी हो गया है।बुनियादी ढांचे में यह निवेश लॉजिस्टिक की लागत को कम करेंगे और हमारी विनिर्माण प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देंगे। राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन जैसे कार्यक्रमों के साथ-साथ बुनियादी ढांचे में निवेश से इस क्षेत्र में निजी निवेश बढ़ेगा। उच्च विकास दर हासिल करने के लिए विनिर्माण और निर्यात का भी विस्तार होना चाहिए। बुनियादी ढांचे में निवेश और व्यापार सुगमता पर ध्यान देने से व्यापार करने की लागत में कमी आएगी। हालांकि बहुत कुछ हासिल किया जा चुका है, पर अब अगली छलांग पर ध्यान देना चाहिए। राज्य स्तर पर प्रक्रियाओं, मंजूरी, लाइसेंस, फॉर्म्स आदि व्यवस्थाओं को निश्चित रूप से तर्कसंगत और सुव्यवस्थित किया जाना चाहिए। अब यह राज्य सरकारों की जिम्मेदारी है कि वे अपने राज्यों को निवेश गंतव्य के रूप में बढ़ावा दें। तेजी से उभर रही नई प्रौद्योगिकी के साथ भारत को तकनीकी रूप से छलांग लगाने के लिए नवाचार-समर्थक नियामक दृष्टिकोण की जरूरत है।



भारतीय नियामकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे पर्याप्त क्षमता से सुसज्जित हों और नई प्रौद्योगिकियों को विकसित होने का मौका देने का लचीलापन भी दिखाएं। हमें निर्यात बाजारों को भी आक्रामक रूप से लक्षित करना चाहिए। बुनियादी ढांचे में निवेश के अलावा केंद्र एवं राज्य सरकारों को भूमि एवं श्रम सुधारों को लागू करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। उद्योगों के लिए बिजली की लागत को भी अन्य समकक्ष राष्ट्रों के हिसाब से प्रतिस्पर्धी बनाना चाहिए। सरकार लागत संबंधी कमियों को दूर करने का प्रयास तो कर ही रही है, निजी क्षेत्रों को भी नवाचार, अनुसंधान व विकास और गुणवत्ता पर ध्यान देना चाहिए। भारत में अनुसंधान व विकास पर ज्यादातर खर्च सार्वजनिक क्षेत्र से होता है। खासकर उद्योग 4.0 (एआई, मशीन लर्निंग इत्यादि) में निजी अनुसंधान एवं विकास हमारी प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने के लिए आवश्यक है। डिजिटल कौशल और साक्षरता पर अधिक जोर दिया जाना चाहिए और कौशल विकास उद्योग आधारित होने चाहिए। टिकाऊपन या स्थिरता को हमारे सभी प्रयासों के केंद्र में रखना होगा। आने वाले वर्षों में विकसित राज्यों की तरह झारखंड को भी रणनीति बनानी चाहिए ताकि हमारे प्रतिभावान बच्चे यहां भविष्य ढूंढे और इसे समृद्ध करें । हमारी कंपनियों और सरकारों को इस बदलाव के लिए तैयार रहना चाहिए। इसी तरह वैश्विक पूंजी भी अपने निवेश फैसलों में तेजी से आर्थिक, सामाजिक एवं शासन संबंधी मानदंडों को ध्यान में रख रही है। झारखंड भी चुनाव के मुहाने पर खड़ा है जिसे राज्य के व्यापक हितों के बारे में सोचना चाहिए न कि भावनात्मक चुनावी नारों के बारे में जो हर चुनाव में उछले जाते हैं ।

### नवनियुक्त चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव रांची आए, आज लेंगे शपथ

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के नवनियुक्त चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव मंगलवार को एयर इंडिया के विमान से रांची पहुंचे। एयरपोर्ट पर हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल, रजिस्ट्रार एस्टैब्लिशमेंट, प्रोटोकॉल के अधिकारी, लॉ सेक्रेटरी, रांची डीसी, राजपाल के प्रधान सचिव, रांची एसएसपी ने उनका स्वागत किया। वहां से नवनियुक्त चीफ जस्टिस होटल रेडिसन ब्लू पहुंचे, जहां वे रुकेंगे। बुधवार को दिन में 10:30 बजे राज्यपाल उन्हें राजभवन में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव को स्थानांतरित करते हुए झारखंड हाईकोर्ट का चीफ जस्टिस बनाया है।

## एक नजर

### विधायक ने दी पांच और सड़कों की सौगात



**हुसैनाबाद।** स्थानीय विधायक की अनुशंसा पर ग्रामीण कार्य विभाग ने हुसैनाबाद, हैदरनगर और मोहम्मदगंज की पांच सड़कों की स्वीकृति दी है। इन सड़कों में पंचायत कोलहुआ सोनबरसा से बिहरा पुल, ग्राम पंसा महावीर मंदिर से कोयल नदी तक, मंझौली मेन रोड से बरवाडीह हरिजन टोला तक जैसी सड़कों का निर्माण शामिल है। विधायक ने कहा कि दुर्गा पूजा तक सभी स्वीकृत सड़कों का निर्माण कार्य पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कार्य की गुणवत्ता पर जनता नजर रखे और किसी गड़बड़ी की सूचना तत्काल दी जाए।

### हुसैनाबाद के पूर्व विधायक के पिता पंचतत्व में विलीन

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद के पूर्व विधायक दशरथ कुमार सिंह के पिता रामसेवक सिंह का मंगलवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार देवरी सोन नदी तट पर किया गया, जहां सैकड़ों लोगों ने उन्हें अंतिम विदाई दी।

### मंईयां सम्मान यात्रा का हुसैनाबाद व हैदरनगर में भव्य स्वागत

# झारखंड की महिलाओं को सशक्त करने का संदेश, कल्पना सोरेन का विपक्ष पर निशाना


**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद/हैदरनगर।** पलामू जिले में मंगलवार को मईयां सम्मान यात्रा मोहम्मदगंज होते हुए हैदरनगर और हुसैनाबाद पहुंची। इस यात्रा का नेतृत्व झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की वरिष्ठ नेत्री एवं विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन, मंत्री बेबी देवी, दीपिका पांडे सिंह, और मंत्री मिथिलेश ठाकुर कर रहे थे। यात्रा का मोहम्मदगंज में भव्य स्वागत किया गया, जहां जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह और झामुमो के कई नेताओं ने हजारों कार्यकताओं के साथ उनकी अगवानी की।

यात्रा बाइक रैली के साथ हैदरनगर उच्च विद्यालय और हुसैनाबाद अनुमंडल मैदान तक पहुंची, जहां बड़ी संख्या में महिलाओं ने यात्रा का भव्य स्वागत किया।

**महिला सशक्तिकरण पर जोर :** हुसैनाबाद और हैदरनगर में आयोजित कार्यक्रमों में कल्पना सोरेन ने कहा, 'मंईयां सम्मान योजना ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया है और यह नारी सशक्तिकरण को मजबूत कर रही है।' उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार महिलाओं और समाज के सभी वर्गों के हित में काम कर रही है। उन्होंने विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि मईयां सम्मान योजना के खिलाफ जो लोग पीआईएल दायर कर रहे हैं, वे झारखंड की महिलाओं के विरोध में काम कर रहे हैं। उन्होंने जनता से अपील की कि वे इस बार झारखंड को प्रगति के पथ पर ले जाने के लिए आदिवासी मुख्यमंत्री का समर्थन करें।

कार्यक्रम में डीडीसी शब्बीर अहमद, एसडीओ पियूष सिन्हा, एसडीपीओ मनोज कुमार महतो, बीडीओ विश्वप्रताप मालवा, और अंचल पदाधिकारी विकास कुमार पांडेय उपस्थित रहे।



#### मंत्री बेबी देवी और दीपिका पांडे सिंह ने भी किया संबोधित

सभा को संबोधित करते हुए बेबी देवी और दीपिका पांडे सिंह ने भी कहा कि मईयां सम्मान योजना ने महिलाओं का सम्मान बढ़ाया है और हेमंत सोरेन की सरकार हर वर्ग के लिए काम कर रही है। मंगलवार की रात यह यात्रा मेदिनीनगर में चौपाल कार्यक्रम में शामिल होगी, और बुधवार को यह मानिका, लातेहार, और पांकी विधानसभा क्षेत्रों में कार्यक्रमों में भाग लेगी।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत एके सिंह कॉलेज ने रेलवे स्टेशन पर चलाया स्वच्छता अभियान




**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निदेर्शानुसार सेवा योजना इकाई एके सिंह कॉलेज जपला के बैनर तले स्वच्छता सेवा अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व प्रो. राजेश कुमार सिंह ने किया। जपला स्टेशन परिसर में सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें स्वयंसेवकों के साथ कालेज के शिक्षक भी शामिल हुए। स्टेशन प्रबंधक संजय कुमार ने भी इस अभियान में भाग लिया। प्राचार्य प्रो. सूर्यमणि सिंह ने स्वच्छता के महत्व पर जोर दिया और महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने की आवश्यकता बताई। प्रो. राजेश कुमार सिंह ने सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई और हर साल 100 घंटे स्वच्छता के लिए समर्पित करने की अपील की।

## गोवंशीय पशुओं की तस्करी का भंडाफोड़, एक आरोपी गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सोमवार को गुप्त सूचना के आधार पर दंगवार ओपी प्रभारी पुअनि सोनु कुमार गुप्ता एवं उनकी टीम ने काजरात नावाडीह स्टेशन रोड से होते हुए दंगवार बस स्टैंड की ओर जा रहे एक पिकअप गाड़ी को रोका। इस गाड़ी में 07 गोवंशीय पशुओं को क्रूरता पूर्वक लादकर बिहार ले जाया जा रहा था। गाड़ी की तलाशी लेने पर दो गाय, एक बछड़ा, एक भैंस तथा तीन भैंस के बच्चे पाए गए। वाहन के चालक, कन्हैया कुमार (पुत्र भीष्मदेव यादव, निवासी चतरा, चौरिया, थाना फेजर, जिला औरंगाबाद, बिहार), से पशुओं के परिवहन के वैध कागजात मांगे गए, लेकिन चालक कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाया। तत्पश्चात कन्हैया कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया।

इस कार्रवाई के दौरान, हुसैनाबाद थाना में पशु परिवहन नियम 1978, झारखंड गोवंशीय पशु हत्या प्रतिशेध अधिनियम 2005, तथा पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया।

छापामारी दल में पुअनि सोनु कुमार गुप्ता, प्रभारी, दंगवार ओपी, सशस्त्र बल ए-766 धनश्याम प्रसाद एवं सशस्त्र बल ए-758 रोहित कुमार शामिल थे। गिरफ्तार आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में लेकर मंगलवार को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। है।

## सड़क पार कर रही छात्रा को पिकअप ने रौंदा, मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** नेशनल हाईवे 39 डालटनगंज-रांची मुख्य पथ पर सतबरवा थाना क्षेत्र के पोलपोल में सड़क पार कर रही छात्रा को पिकअप सवारी गाड़ी ने रौंद दिया। गंभीर हालत में उसे एमआरएमसीएच में ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। छात्रा की पहचान पोलपोल के चक बरेवा निवासी संजय पांडे की 23 वर्षीय पुत्री साक्षी पांडे के रूप में हुई है। बताया जाता है कि साक्षी पांडे मेदिनीनगर कॉलेज जाने के लिए पोलपोल से टेंपो में सवार हुई थी। कुछ देर बाद घर से फोन आया कि रास्ते में कहीं झिंगी का पत्ता मिले तो लेते आना। छात्रा टेम्पो से उतर कर झिंगी का पत्ता तोड़ने के लिए सड़क पार कर रही थी। इस बीच डालटनगंज की ओर से तेज रफ्तार से आ रही पिकअप सवारी गाड़ी ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। गंभीर हालत में छात्रा को एमआरएमसीएच ले जाया गया, यहां कुछ देर इलाज चलने के बाद उसने दम तोड़ दिया। घटना के बाद चालक पिकअप लेकर भाग निकला और कुछ दूर आगे जाने के बाद पोलपोल और लहलहे के बीच वाहन लगाकर फरार हो गया। सूचना मिलने के बाद सतबरवा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जेसीबी की मदद से पिकअप सवारी गाड़ी को जब्त कर थाना ले आई है। मामले में छानबीन की जा रही है।

### किसान संकल्प महापंचायत में 11 सूत्री प्रस्ताव पारित

## भ्रष्टाचार मुक्त हुसैनाबाद का संकल्प : कर्नल संजय सिंह



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद में किसान संकल्प महापंचायत का आयोजन किया गया। इस महापंचायत का नेतृत्व किसान ब्रिगेड के संरक्षक कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह ने किया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य भ्रष्टाचार के खिलाफ एक संगठित लड़ाई शुरू करना था। इस मौके पर कर्नल सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद में भ्रष्टाचार सबसे बड़ी समस्या है, जो विकास योजनाओं से लेकर किसानों के अधिकारों की उपेक्षा तक हर क्षेत्र में फैला है। उन्होंने कहा, 'हम एक ऐसा हुसैनाबाद बनाएंगे, जहां कोई भी भ्रष्टाचारी टिक नहीं पाएगा।' महापंचायत में किसानों की समस्याओं पर गहराई से चर्चा की गई। किसानों के लिए निःशुल्क बिजली, सिंचाई योजनाओं के शीघ्र क्रियान्वयन और फसल का उचित मूल्य सुनिश्चित करने की मांग की गई। कर्नल सिंह ने चेतावनी दी कि अगर मांगें पूरी नहीं हुईं, तो आंदोलन और बड़ा रूप लेगा। इस महापंचायत में 11 सूत्री मांगें पारित की गईं, जिनमें भूमि सर्वेक्षण में सुधार, सिंचाई परियोजनाओं का शीघ्र क्रियान्वयन, और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार सृजन की मांग शामिल थी।

### उत्तर कोयल परियोजना उच्च विद्यालय के अस्तित्व पर मंडराया संकट

# एकमात्र शिक्षक की सेवानिवृत्ति के बाद बंद होने का खतरा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** उत्तर कोयल परियोजना उच्च विद्यालय, जिसे 1985 में स्थापित किया गया था, अब अस्तित्व के संकट से जूझ रहा है। यह विद्यालय पहले अविभाजित बिहार के जलसंसाधन विभाग के अधीन था और राज्य विभाजन के बाद से झारखंड के जलसंसाधन विभाग द्वारा वित्तीय सहायता से संचालित किया जा रहा है। मौजूदा स्थिति यह है कि विद्यालय के सभी शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारी 2023 तक सेवानिवृत्त हो चुके हैं, और बचे हुए एकमात्र शिक्षक भी 2027 में सेवानिवृत्त हो जाएंगे। इसके बाद विद्यालय के बंद होने की आशंका है।

स्थानीय पंचायत की मुखिया कमला देवी के प्रयास से विद्यालय भवन का हाल ही में मरम्मत किया गया, जिससे कुछ रौनक वापस आई है। हालांकि, विद्यालय का शिक्षा विभाग में अधिग्रहण करने की मांग अभी तक पूरी नहीं हो सकी है। पूर्व प्रधानाध्यापक चंद्रबहादुर सिंह ने 2011 से इसका अधिग्रहण कराने के प्रयास किए, लेकिन अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है।



#### अधिग्रहण की कोशिश नाकाम

पूर्व प्रधानाध्यापक चंद्रबहादुर सिंह ने बताया कि उन्होंने लगातार प्रयास किया कि इस विद्यालय का अधिग्रहण शिक्षा विभाग द्वारा किया जाए, जैसे इंद्रपुरी और वाल्मीकि नगर के स्कूलों का हुआ है। विद्यालय में पर्याप्त भवन, भूमि और खेल मैदान की सुविधा है, लेकिन अब तक इस पर निर्णय लंबित है। अभिभावकों ने राज्य के शिक्षा मंत्री से विद्यालय को अधिग्रहित करने की मांग की है। इकलौते शिक्षक चंद्रशेखर मेहता ने कहा कि उन्हें कई महीनों से वेतन नहीं मिला है, बावजूद इसके वह अतिथि शिक्षकों की मदद से विद्यालय का संचालन कर रहे हैं।

## भीम बराज : बिजली की कमी से छाया अंधेरा, राहगीरों में भय

**मोहम्मदगंज।** भीम बराज में बिजली की व्यवस्था न होने के कारण शाम होते ही अंधेरा छा जाता है, जिससे राहगीरों को पुल से गुजरने में डर लगता है। बराज की सुरक्षा के लिए होमगार्ड जवान तैनात हैं, लेकिन बिजली न होने के कारण अधिकतर समय पुल पर अंधेरा रहता है। बराज के संचालन के लिए डीजी सेट का उपयोग किया जाता है, लेकिन यह व्यवस्था पूरी रात ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित नहीं कर पाती है। स्थानीय लोगों ने जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि बराज पर बिजली की स्थायी व्यवस्था के लिए कदम उठाए जाएं। विद्युत विभाग ने पहले ही बिजली आपूर्ति के लिए प्राक्कलन तैयार कर लिया है, लेकिन सिंचाई विभाग ने अब तक इसकी स्वीकृति के लिए भुगतान नहीं किया है। इस मामले में सिंचाई विभाग के स्थानीय अभियंता टिप्पणी करने से बचते हैं और इसे उच्च स्तर का मामला मानते हैं।


|| कार्यालय जिला पशुपालन पदाधिकारी,गढ़वा ||

जिला पशुपालन कार्यालय गढ़वा अन्तर्गत विभिन्न प्रखण्डों में दो द्विवसीय विशेष पशु चिकित्सा शिविर की सूची।

फेज–1 (माह –: अक्टुबर 2024)

–: आम सूचना :–

सरकार के सचिव कृशि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखण्ड रॉची राज्यादेश सं0 15 रा0 (विभाग) दिनांक 01.07.2024 के द्वारा गढ़वा जिला अन्तर्गत सभी प्रखण्डों के पंचायतों में पंचायतवार दो द्विवसीय विशेष पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें विभागीय योजनाओं की जानकारी, संकामक रोगो से बचाव हेतु जानकारी, बीमार पशुओं की चिकित्सा, मलमूत्र एवं रक्त आदि की जॉच की जाएगी। पशुपालक भाईयों से अनुरोध है कि पंचायत स्तर के पशु चिकित्सा शिविरों में अपनी उपस्थिति आवश्यक रूप से दर्ज कराऍ। विशेश पशुचिकित्सा शिविरों का आयोजन प्रातः 09:00 बजे से संध्या 03:00 बजे तक किया जायेगा। पंचायतवार कार्यकम विवरणी निम्नवत है –

(नोटः– स्थान एवं दिनांक आवश्यकतानुसार परिवर्तनीय है।)

| क0 सं0 | नाम, पदनाम एवं मोबाईल नं0 | प्रखण्ड | पंचायत | स्थल/ग्राम | दिनांक | | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | डा0 चन्दन कुमार चौधरी, (भ्र0प0चि0पदा0, रमना) 9470060027 | रमना (07) | बहियार कला | पंचायत भवन | 01.10.2024 | 04.10.2024 | |
| | | | बहियार खुर्द | पंचायत भवन | 05.10.2024 | 06.10.2024 | |
| | | | हारादाग कला | पंचायत भवन | 07.10.2024 | 08.10.2024 | |
| | | | सिलिदाग | पंचायत भवन | 09.10.2024 | 14.10.2024 | |
| | | | गम्हरिया | पंचायत भवन | 15.10.2024 | 16.10.2024 | |
| | | | टण्डवा | पंचायत भवन | 17.10.2024 | 18.10.2024 | |
| | | | बुल्का | पंचायत भवन | 19.10.2024 | 20.10.2024 | |
| 2 | डा0 चन्दन कुमार चौधरी, (भ्र0प0चि0पदा0, रमना) 9470060027 | डंडई (05) | करके | पंचायत भवन | 01.10.2024 | 04.10.2024 | |
| | | | तशरार | पंचायत भवन | 05.10.2024 | 06.10.2024 | |
| | | | झोतर | पंचायत भवन | 07.10.2024 | 08.10.2024 | |
| | | | जरही | पंचायत भवन | 09.10.2024 | 14.10.2024 | |
| | | | पचौर | पंचायत भवन | 15.10.2024 | 16.10.2024 | |
| 3 | डा0 रोहित कुमार , (प्र0प0पदा0, धुरकी) 9470186878 | धुरकी (04) | खुटिया | पंचायत भवन | 01.10.2024 | 04.10.2024 | |
| | | | गनियारी कला | पंचायत भवन | 05.10.2024 | 06.10.2024 | |
| | | | भण्डार | पंचायत भवन | 07.10.2024 | 08.10.2024 | |
| | | | अम्बा खोरिया | पंचायत भवन | 09.10.2024 | 14.10.2024 | |
| 4 | डा0 रोहित कुमार , (प्र0प0पदा0, धुरकी) 9470186878 | सगमा (05) | बिरबल | पंचायत भवन | 15.10.2024 | 16.10.2024 | |
| | | | सगमा | चिकित्सालय भवन | 17.10.2024 | 18.10.2024 | |
| | | | सोनडीहा | पंचायत भवन | 19.10.2024 | 20.10.2024 | |
| | | | घघरी | पंचायत भवन | 21.10.2024 | 22.10.2024 | |
| | | | कटहर कला | पंचायत भवन | 23.10.2024 | 24.10.2024 | |
| 5 | डा0 सत्येन्द नारायण (भ्र0प0चि0पदा0, भवनाथपुर) 9934435365 | भवनाथपुर (05) | सिन्दुरिया | पंचायत भवन | 01.10.2024 | 04.10.2024 | |
| | | | बनशानी | पंचायत भवन | 05.10.2024 | 06.10.2024 | |
| | | | अरसली 'द0' | पंचायत भवन | 07.10.2024 | 08.10.2024 | |
| | | | अरसली 'उ0' | पंचायत भवन | 09.10.2024 | 14.10.2024 | |
| | | | मकरी | पंचायत भवन | 15.10.2024 | 16.10.2024 | |
| 6 | डा0 सत्येन्द नारायण (भ्र0प0चि0पदा0, भवनाथपुर) 9934435365 | केतार (07) | पाचाडुमर | पंचायत भवन | 17.10.2024 | 18.10.2024 | |
| | | | केतार | चिकित्सालय भवन | 19.10.2024 | 20.10.2024 | |
| | | | परती कुसवानी | पंचायत भवन | 21.10.2024 | 22.10.2024 | |
| | | | वलीगढ़ | पंचायत भवन | 23.10.2024 | 24.10.2024 | |
| | | | मुकुन्दपुर | पंचायत भवन | 25.10.2024 | 26.10.2024 | |
| | | | परसोडीह | पंचायत भवन | 27.10.2024 | 28.10.2024 | |
| | | | लोहरगढ़ा | पंचायत भवन | 29.10.2024 | 30.10.2024 | |
| 7 | डा0 रंजीत कुमार दे, (भ्र0प0चि0पदा0,रमकण्डा) 8340197771 | चिनियाँ (03) | खुरी | पंचायत भवन | 01.10.2024 | 04.10.2024 | |
| | | | बिलैतीखैर | पंचायत भवन | 05.10.2024 | 06.10.2024 | |
| | | | बेता | पंचायत भवन | 07.10.2024 | 08.10.2024 | |
| 8 | डा0 रंजीत कुमार दे, (भ्र0प0चि0पदा0,रमकण्डा) 8340197771 | भण्डरिया (02) | जनेवा | पंचायत भवन | 01.10.2024 | 04.10.2024 | |
| | | | बिजका | पंचायत भवन | 05.10.2024 | 06.10.2024 | |
| 9 | डा0 रंजीत कुमार दे, (भ्र0प0चि0पदा0,रमकण्डा) 8340197771 | रमकण्डा (03) | उदयपुर | पंचायत भवन | 01.10.2024 | 04.10.2024 | |
| | | | रक्सी | पंचायत भवन | 05.10.2024 | 06.10.2024 | |
| | | | विराजपुर | पंचायत भवन | 07.10.2024 | 08.10.2024 | |
| 10 | डा0 रंजीत कुमार दे, (भ्र0प0चि0पदा0,रमकण्डा) 8340197771 | बड़गड (04) | बड़गड़ | चिकित्सालय भवन | 09.10.2024 | 14.10.2024 | |
| | | | परसवार | पंचायत भवन | 15.10.2024 | 16.10.2024 | |
| | | | मदगड़ी (च) | पंचायत भवन | 17.10.2024 | 18.10.2024 | |
| | | | टेहड़ी | पंचायत भवन | 19.10.2024 | 20.10.2024 | |
| 11 | डा0 अमित कुमार अमित (भ्र0प0चि0पदा0, मझिआंव) 8789515256 | कांडी (12) | घटौवा | पंचायत भवन | 01.10.2024 | 04.10.2024 | |
| | | | चटनिया | पंचायत भवन | 05.10.2024 | 06.10.2024 | |
| | | | लमारी | पंचायत भवन | 07.10.2024 | 08.10.2024 | |
| | | | रानाडीह | पंचायत भवन | 09.10.2024 | 14.10.2024 | |
| | | | शिवपुर | पंचायत भवन | 15.10.2024 | 16.10.2024 | |
| | | | पतीला | पंचायत भवन | 17.10.2024 | 18.10.2024 | |
| | | | बलीयारी | पंचायत भवन | 19.10.2024 | 20.10.2024 | |
| | | | सरकोनी | पंचायत भवन | 21.10.2024 | 22.10.2024 | |
| | | | खुटहेरिया | पंचायत भवन | 23.10.2024 | 24.10.2024 | |
| | | | हरिहरपुर | पंचायत भवन | 25.10.2024 | 26.10.2024 | |
| | | | मझिगाँवा | पंचायत भवन | 27.10.2024 | 28.10.2024 | |
| | | | डुमरसोता | पंचायत भवन | 29.10.2024 | 30.10.2024 | |
| 12 | डा0 दिनेश कुमार, (भ्र0प0चि0पदा0, चन्दी मझिआंव) 8789266683 | मझिआंव (05) | बोदरा | पंचायत भवन | 01.10.2024 | 04.10.2024 | |
| | | | करमडीह | पंचायत भवन | 05.10.2024 | 06.10.2024 | |
| | | | खरसोता | पंचायत भवन | 07.10.2024 | 08.10.2024 | |
| | | | मोरबे | पंचायत भवन | 09.10.2024 | 14.10.2024 | |
| | | | तलसबरिया | पंचायत भवन | 15.10.2024 | 16.10.2024 | |
| 13 | डा0 दिनेश कुमार, (भ्र0प0चि0पदा0, चन्दी मझिआंव) 8789266683 | विशुनपुरा (05) | विशुनपुरा | चिकित्सालय भवन | 17.10.2024 | 18.10.2024 | |
| | | | अमहर | पंचायत भवन | 19.10.2024 | 20.10.2024 | |
| | | | सरांग | पंचायत भवन | 21.10.2024 | 22.10.2024 | |
| | | | पिपरी कला | पंचायत भवन | 23.10.2024 | 24.10.2024 | |
| | | | पतिहारी | पंचायत भवन | 25.10.2024 | 26.10.2024 | |
| 14 | डा0 नीरज कान्त, (प्र0 पशु0 पदा0,गढ़वा) 9006828886 | गढ़वा (12) | चिरौंजियां | पंचायत भवन | 01.10.2024 | 04.10.2024 | |
| | | | नवादा | पंचायत भवन | 05.10.2024 | 06.10.2024 | |
| | | | संग्रहे | पंचायत भवन | 07.10.2024 | 08.10.2024 | |
| | | | रंका | पंचायत भवन | 09.10.2024 | 14.10.2024 | |
| | | | तिलदाग | पंचायत भवन | 15.10.2024 | 16.10.2024 | |
| | | | कोरवाडीह | पंचायत भवन | 17.10.2024 | 18.10.2024 | |
| | | | बेलचम्पा | पंचायत भवन | 19.10.2024 | 20.10.2024 | |
| | | | छतरपुर | पंचायत भवन | 21.10.2024 | 22.10.2024 | |
| | | | प्रतापपुर | पंचायत भवन | 23.10.2024 | 24.10.2024 | |
| | | | फरहटिया | पंचायत भवन | 25.10.2024 | 26.10.2024 | |
| | | | अंचला | पंचायत भवन | 27.10.2024 | 28.10.2024 | |
| | | | उर्सुगी | पंचायत भवन | 29.10.2024 | 30.10.2024 | |
| 15 | डा0 रंजीत कुमार दे, (भ्र0प0चि0पदा0,रमकण्डा) 8340197771 | रंका (10) | विश्रामपुर | पंचायत भवन | 01.10.2024 | 04.10.2024 | |
| | | | सोनदाग | पंचायत भवन | 05.10.2024 | 06.10.2024 | |
| | | | कटरा | पंचायत भवन | 07.10.2024 | 08.10.2024 | |
| | | | दुधवल | पंचायत भवन | 09.10.2024 | 14.10.2024 | |
| | | | खरडीहा | पंचायत भवन | 15.10.2024 | 16.10.2024 | |
| | | | खपरो | पंचायत भवन | 17.10.2024 | 18.10.2024 | |
| | | | मानपुर | पंचायत भवन | 19.10.2024 | 20.10.2024 | |
| | | | तमगेकला | पंचायत भवन | 21.10.2024 | 22.10.2024 | |
| | | | चुतुरू | पंचायत भवन | 23.10.2024 | 24.10.2024 | |
| | | | सिरोई खुर्द | पंचायत भवन | 25.10.2024 | 26.10.2024 | |
| 16 | डा0 शमशाद अली, (भ्र0प0चि0पदा0, नगर उँटारी) 9450941313 | नगर उटॉरी (08) | कधवन | पंचायत भवन | 01.10.2024 | 04.10.2024 | |
| | | | भोजपुर | पंचायत भवन | 05.10.2024 | 06.10.2024 | |
| | | | कुम्बा | पंचायत भवन | 07.10.2024 | 08.10.2024 | |
| | | | पिपरडीह | पंचायत भवन | 09.10.2024 | 14.10.2024 | |
| | | | नरही | पंचायत भवन | 15.10.2024 | 16.10.2024 | |
| | | | हुलहुला | पंचायत भवन | 17.10.2024 | 18.10.2024 | |
| | | | हलिवन्ता | पंचायत भवन | 19.10.2024 | 20.10.2024 | |
| | | | बेलासपुर | चिकित्सालय भवन | 21.10.2024 | 22.10.2024 | |
| 17 | डा0 कृष्ण कुमार सिंह, (भ्र0प0चि0पदा0, मेराल) 8789266683 | मेराल (12) | चामा | पंचायत भवन | 01.10.2024 | 04.10.2024 | |
| | | | बिकताम | पंचायत भवन | 05.10.2024 | 06.10.2024 | |
| | | | करकोमा | पंचायत भवन | 07.10.2024 | 08.10.2024 | |
| | | | दुलदुलवा | पंचायत भवन | 09.10.2024 | 14.10.2024 | |
| | | | गेरूवा | पंचायत भवन | 15.10.2024 | 16.10.2024 | |
| | | | गोन्दा | पंचायत भवन | 17.10.2024 | 18.10.2024 | |
| | | | बाना | पंचायत भवन | 19.10.2024 | 20.10.2024 | |
| | | | हासनदाग | पंचायत भवन | 21.10.2024 | 22.10.2024 | |
| | | | लोवादाग | पंचायत भवन | 23.10.2024 | 24.10.2024 | |
| | | | चेचरिया | पंचायत भवन | 25.10.2024 | 26.10.2024 | |
| | | | खोरीडीह | पंचायत भवन | 27.10.2024 | 28.10.2024 | |
| | | | ओखरगाड़ा (उ0) | पंचायत भवन | 29.10.2024 | 30.10.2024 | |

नोट :–

1. शिविर का समय सुबह 09:00 बजे से शाम 03:00 बजे तक होगा।
2. संबंधित मुखिया एवं पंचायत प्रतिनिधि को सूचित करते हुए उनसे अनुरोध करेगें की कार्यकम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करेगें।
3. शिविर में पशु औशधि का वितरण आवश्यकता एवं उपलब्धता के आधार पर किया जाएगा तथा अनउपलब्ध औशधि के बारे में परामर्श दिया जाएगा।
4. शिविर में उपलब्धता के अनुसार टीकाकरण कार्य करेगें।
5. पशुपालकों को केन्द्र एवं राज्य प्रायोजित योजनाओं का पशुपालन विभाग द्वारा दिया जायेगा।
6. रक्त, गोबर, मूत्र आदि का नमूना एकत्र कर पशु स्वास्थ्य उत्पादन संस्थान, रॉचीको भेजने हेतु कार्यालय को उपलब्ध करायेंगे।
7. शिविर का प्रतिवेदन विहित प्रपत्र में प्रतिदिन फोटोग्राफ के साथ उपलब्ध करायेगें।
8. विभागीय राज्यादेश सं0 15 रा0 दिनांक 01.07.2024 का नियमानुसार पालन किया जाय।

जिला पशुपालन पदाधिकारी,
गढ़वा।

PR 336926 Animal Husbandry(24-25)D

आस्क कंपनी के कर्मचारियों का नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय में उग्र प्रदर्शन

# आउटसोर्सिंग विवाद: विश्वविद्यालय में काम बंद कर्मचारियों ने वेतन व बहाली की मांग को लेकर दिया धरना



**प्रदर्शनकारियों की मांग है कि उन्हें बकाया वेतन तुरंत दिया जाए**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय में मेन पावर सप्लाई करने वाली आस्क कंपनी के कर्मचारियों ने मंगलवार को जोरदार प्रदर्शन किया। कंपनी का अनुबंध पिछले वर्ष दिसंबर में समाप्त हो गया था, लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन ने सितंबर 2024 तक कर्मचारियों से काम लिया। कर्मचारियों का आरोप है कि पिछले 9 महीनों से उनका वेतन नहीं दिया गया और अब उन्हें काम करने से भी मना कर दिया गया है। मंगलवार को नाराज कर्मचारियों ने विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर धरना देकर सभी अधिकारियों को कार्यालय में प्रवेश करने से रोक दिया, जिससे विश्वविद्यालय का पूरा कामकाज ठप हो गया। प्रदर्शनकारियों की मांग है कि उन्हें बकाया वेतन तुरंत दिया जाए और नई कंपनी के माध्यम से उनकी बहाली की जाए।

**बकाया वेतन जल्द ही दिया जाएगा : कुलसचिव**

कुलसचिव डॉ. शैलेश मिश्रा ने धरना समाप्त करने का प्रयास किया और कर्मचारियों को आश्वासन दिया कि बकाया वेतन जल्द ही दिया जाएगा, लेकिन कर्मचारी इस आश्वासन से संतुष्ट नहीं हुए और धरना जारी रखा। धरने में शामिल आस्क कर्मचारी अंकित उपाध्याय ने कहा, हमारे 9 महीने के वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। अधिकारी बार-बार हमें केवल आश्वासन देते रहे कि एक महीने के भीतर भुगतान हो जाएगा। लेकिन 23 सितंबर 2024 को बिना बकाया वेतन दिए हमें निष्कासित कर दिया गया। जब तक हमें न्याय नहीं मिलेगा, धरना जारी रहेगा।

**बकाया राशि कर्मियों का अधिकार**

एबीवीपी विश्वविद्यालय संयोजक मंजुल शुक्ल ने कहा, 'आस्क कंपनी का अनुबंध समाप्त होने के बाद कर्मचारियों से काम क्यों लिया गया और उन्हें वेतन क्यों नहीं दिया गया? बकाया राशि कर्मियों का अधिकार है और विश्वविद्यालय को इसे तुरंत भुगतान करना चाहिए। साथ ही, यह भी स्पष्ट करना चाहिए कि क्या इन कर्मियों को नई कंपनी के तहत बहाल किया जाएगा या नहीं।'

**अधिकारियों की लापरवाही के कारण कर्मचारी आंदोलन पर**

एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अमरनाथ तिवारी ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा, 'अधिकारियों की लापरवाही के कारण आज कर्मचारी आंदोलन पर उतारू हैं, जिसका खामियाजा छात्रों को भुगतना पड़ रहा है। यदि जल्द ही स्थिति स्पष्ट नहीं की गई तो एनएसयूआई भी आंदोलन करेगी।' धरना प्रदर्शन में आलोक कुमार, अंकित उपाध्याय, सूर्यकांत तिवारी, चंदन सिंह, शुभम तिवारी सहित कई कर्मचारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### अमानत नदी में डूबे व्यक्ति का शव बरामद

**मेदिनीनगर।** अमानत नदी में सोमवार को नहाने के क्रम में डूबे व्यक्ति का शव नदी से बरामद कर लिया गया है। सिंगरा कला गांव के रहने वाले 45 वर्षीय व्यक्ति सुंदर राम सोमवार को अमानत नदी में नहा रहा था। नहाने के क्रम में अचानक पानी में डूब गया। यह घटना सोमवार दस बजे सुबह की है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने मेदिनीनगर-औरंगाबाद मुख्य पथ को जाम कर दिया था। सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय ने लोगों को आश्वासन दे कर जाम हटवाया था। पुलिस सुंदर राम की खोजबीन के दौरान मुस्तैदी से जुटी रही। स्थानीय गोताखोरों का सहारा लेना पड़ा। सोमवार को 12 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद व्यक्ति का शव अचानक पानी पर तैरने लगा। सदर थाना प्रभारी ने बताया कि सुंदर नहाने के क्रम में अचानक गहरे पानी में चलाया गया, जिससे वह डूब गया। अमानत नदी में पुल निर्माण के दौरान कई जगह छोटे-बड़े गड्ढे हो गए हैं। इसलि अंदेशा जताया जा रहा है कि उसका शव किसी जगह फंस गया होगा।

### सूरत पांडेय डिग्री कॉलेज में एनएसएस स्थापना दिवस समारोह

**गढ़वा।** सूरत पांडेय डिग्री कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई ने मंगलवार को एनएसएस का स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम में पेंटिंग और गीत-संगीत प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. निकलेश चौबे ने कहा कि एनएसएस का उद्देश्य छात्रों को सामुदायिक सेवा के माध्यम से अपने व्यक्तित्व का विकास करना है। इस अवसर पर प्रतिभागियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन छात्रों के व्यक्तित्व विकास के लिए किया गया, जिसमें महात्मा गांधी की शिक्षाओं का अनुसरण किया गया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस पर क्विज प्रतियोगिता, श्रेया झा प्रथम रही




नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** योध सिंह नामधारी महिला कॉलेज के तत्वावधान में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस मनाया गया। स्थापना दिवस पर राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़ी छात्राओं ने कॉलेज परिसर की सफाई की। छात्राओं के बीच क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में लगभग 50 छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम श्रेया झा, द्वितीय अंजली कुमारी, तृतीय अंजली तिवारी रही। मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. सीमा कुमारी ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य है सेवा के माध्यम से शिक्षा, राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सद्भाव का अभ्यास करना। राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं के चरित्र निर्माण में मदद करता है। इकाई दो की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. मिनी टुडू ने कहा कि अधिक संख्या में छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़ना चाहिए, क्योंकि इसका मकसद युवाओं को सामुदायिक सेवा के जरिए अपने व्यक्तित्व को विकसित करने में अवसर मिलता है।

## सड़कों की मरम्मत से आवागमन सुगम होगा: विधायक



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज क्षेत्र के सड़कों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए विधायक आलोक चौरसिया ने 6 करोड़ रुपये की लागत वाली कई महत्वपूर्ण योजनाओं का शिलान्यास मंगलवार को किया। इन योजनाओं में बांसडीह मोड़ से ताली पीएमजीएसवाई पथ तक के मरम्मत कार्य का शिलान्यास शामिल है, जिसकी कुल लागत 1.38 करोड़ है। इसके बाद पीडब्ल्यूडी पथ से हरिनामाड तक के मरम्मत कार्य का शिलान्यास हुआ, जिसकी लागत 2.35 करोड़ है। अंत में, पीडब्ल्यूडी तालापारा मोड़ से करमाहा पीएमजीएसवाई रोड तक के मरम्मत कार्य का शिलान्यास किया गया। जिसकी लागत 2.37 करोड़ है। विधायक आलोक चौरसिया ने शिलान्यास के दौरान कहा कि इन सड़कों की मरम्मत से आवागमन सुगम होगा और क्षेत्र के लोगों के जीवन स्तर में सुधार आएगा। मौके पर जिला परिषद सदस्य रामलव चौरसिया, मुखिया लालबहादुर भूइयां, भीष्म चौरसिया, रामकरेश प्रसाद, प्रेमलाल चौधरी, मंडल अध्यक्ष सिकंदर चौधरी, निरंजन सिंह, नन्हक तिवारी, श्रवण ओझा और रवींद्र कुमार समेत कई स्थानीय लोग उपस्थित थे।

### मंदिर में चोरी के आरोप में दो गिरफ्तार

**मेदिनीनगर।** बारालोटा कचरवा क्षेत्र में शिव मंदिर में चोरी करने के आरोप में टीओपी वन ने दो चोरों को पड़कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार चोरों में राजकुमार राय का 22 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार व राजकुमार भुइयां के पुत्र रामा भुइयां का नाम शामिल है। दोनों चोर जीएलए कॉलेज बारालोटा कचरवा डैम क्षेत्र के रहने वाले हैं। पुलिस ने उनके पास से मंदिर से चोरी की गई सोने का लॉकेट, रुपए सहित अन्य सामान बरामद किया है।

## ठेलों व बाइक पार्किंग की वजह से बाजार क्षेत्र में लगा रहता है जाम



नवीन मेल संवाददाता।

**मेदिनीनगर।** छह मुहान से बड़ी मस्जिद, गणपति धर्मशाला होकर गुजरने वाले रास्ते में अक्सर जाम लगा रहता है। त्योहारों के दौरान यहां की स्थिति और भी बिगड़ जाती है। इस कारण लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। मंगलवार को जितिया के पूर्व संध्या पर महिलाएं बाजार में बड़ी संख्या में खरीदारी करने हेतु उमड़ी। परंतु बाजार क्षेत्र में बड़े पैमाने पर जाम के कारण उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। यूं तो पूरे मेदिनीनगर बाजार में जाम लगना आम बात है, पर सबसे बुरी स्थिति छह मुहान बड़ी मस्जिद रोड में देखने को मिलती है। वहां मुश्किल से कुछ फीट ही जगह आने जाने वालों के लिए बचती है। बाजार की सड़कों पर अतिक्रमणकारियों ने भी पूरी तरह से कब्जा जमा रखा है। बाजार की सड़कों पर यहां-वहां फुटपाथ की दुकान सज जाती हैं।

**सड़क किनारे खड़ी रहती है बाइक और स्कूटी**

बिना हेलमेट पहने और ट्रिपल लोडिंग बाइक सवार के चलान तो काटे जाते हैं, परंतु मेदिनीनगर शहर में बाइक स्कूटी आदि नो पार्किंग में भी धड़ल्ले से पार्क किए जाते हैं। बाजार आने वाले लोग जगह-जगह दुकानों के आगे अपनी बाइक खड़ी कर देते हैं। जिससे इन सड़कों पर पैदल ही चला जा सकता है। पूरा बाजार फुटपाथी दुकानदारों और ठेला चालकों से पटा रहता है, इस कारण आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

**चार पहिया वाहनों पर रोक लगाने की आवश्यकता**

मुख्य बाजार में चार पहिया वाहन बेरोक-टोक दिन भर आते-जाते हैं। दिन में इनके प्रवेश पर रोक नहीं लगाया गया है, जिसके कारण बड़ी मस्जिद रोड, पंचमुहान,सब्जी बाजार और लाल कोठा रोड में जाम की स्थिति बनी रहती है।

## छह मुहान पर चला चेकिंग अभियान 50 हजार फाइन की वसूली



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद के नेतृत्व में मंगलवार को शहर के छहमुहान चौक पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान चार पहिया व दो दोपहिया वाहनों की जांच की गयी। कई वाहन चालक बगैर हेलमेट, बिना लाइसेंस व ट्रिपल लोड वाहन चलाते पकड़े गये। कुछ वाहन चालक बिना लाइसेंस के वाहन चलाते भी पकड़े गए। जिनका वाहन जब्त कर शहर थाना परिसर में रखा गया है। इनमें 16 मोटरसाइकिल 2 ई रिक्शा, 1 टेंपो सवारी गाड़ी को सीजीएम कार्यालय डालटनगंज चालान फाइन के लिए भेजा गया है। सीजीएम कार्यालय से 24 मोटरसाइकिल गाड़ियों का चालान फाइन के रूप में 50 हजार रुपया वसूला गया है। ट्रैफिक प्रभारी ने वाहन चालकों से वाहन का कागजात लेकर चलने व हेलमेट लगाने की अपील की है।

## न्यूज बॉक्स

### शिवाजी मैदान क्षेत्र से नहीं हट रहा अघोषित वाहन स्टैंड



**मेदिनीनगर।** स्थानीय प्रशासन द्वारा कार्रवाई नहीं होने से शिवाजी मैदान क्षेत्र से माल वाहक गाड़ियों के चालकों का मनोबल बढ़ गया है। आलम यह है कि शिवाजी मैदान के किनारे सड़क के दोनों तरफ धड़ल्ले से गाड़ी पार्क कर अधिकतर वाहन चालक इधर-उधर बैठकर समूह में लूडो खेलते नजर आते हैं। उन्हें इस बात का कोई डर नहीं है कि पुलिस उन पर कोई कार्रवाई करेगी। इनमें अधिकतर पिकअप वाहन होते हैं। उसके साथ निजी गाड़ियां भी बुकिंग के लिए खड़ी होती है। स्थानीय लोग वाहन चालकों के इस मनमानी से खासे नाराज हैं, लेकिन वह समूह में अपनी बात को नहीं रख पाते। पुलिस भी अवैध रूप से वहां खड़ा करने वाले चालकों पर कार्रवाई करने हेतु सामूहिक रूप से मुहल्ले वासियों को इसके शिकायत करने का की बात कहती है। कहने को तो शहर में ऑटो को नो पार्किंग में खड़े करने तथा बाइक सवार को विभिन्न कागजात की कमी और ट्रिपल लोडिंग आदि बताकर ट्रैफिक प्रभारी लाखों रुपए जुमार्ना वसूलती है। यक्ष प्रश्न यह है कि इन मनमानी कर रहे वाहन चालकों पर कौन कार्रवाई करेगा। **अवैध पार्किंग हटाना नगर निगम का कार्य ट्रैफिक प्रभारी :** इस बाबत ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने कहा कि अवैध रूप से स्टैंड बनाए जाने के मामले में नगर निगम ही कुछ कर सकती है। उन्हें जो आदेश मिलेगा वह उसका पालन करेंगे।

### कांग्रेस की बैठक में ग्रास रूट के कार्यकर्ताओं को उम्मीदवार बनाने की मांग



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों की बैठक जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक (बिट्टू पाठक) की अध्यक्षता में हुई। मुख्य अतिथि के तौर पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह पलामू पर्यवेक्षक विनय सिन्हा (दीपू) उपस्थित थे। संचालन महानगर अध्यक्ष राजेश चौरसिया ने किया। बैठक में आगामी विधानसभा 2024 को चुनाव को लेकर विचार विमर्श किया गया। कांग्रेस के पदाधिकारियों ने अपनी बातों को गंभीरतापूर्वक रखा। पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारियों ने एक स्वर में कहा कि इस बार विधानसभा चुनाव में जीतने वाले व्यक्ति को टिकट दिया जाए। सिर्फ चुनाव लड़ने के लिए पार्टी में बने हुए व्यक्ति को चिन्हित किया जाए। यह भी देखना जरूरी है कि नरेंद्र मोदी व केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ पार्टी जब संघर्ष कर रही थी, तब हल्ला बोल धरना-प्रदर्शन, पदयात्रा कौन-कौन नेता इस संघर्ष में शामिल हुए थे। मौके पर विनय सिन्हा ने कहा कि कार्यकर्ताओं के भावनाओं को प्रदेश नेतृत्व तक रखा जायेगा। संगठन इस बार ग्रास रूट से विधानसभा के उम्मीदवारों की सूची मांगी है। उसी क्रम में सभी प्रखंडों से भी सूची प्राप्त हो रहा है। मौके पर प्रदेश महासचिव चंद्रशेखर शुक्ला, पूर्व विधायक बिट्टू सिंह, विमला कुमारी, प्रदेश सचिव रामाशीष पांडेय, लक्ष्मी नारायण तिवारी, सज्जाद खान, ओम प्रकाश अमन, विनोद तिवारी, पूर्णिमा पांडेय, शमीम अहमद राइन, सत्यानंद दुबे, शंकर पांडेय, जितेंद्र कमलापुरी, शैलेश चंद्रवंशी, लाल सूरज, मिथिलेश सिंह सहित काफी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी उपस्थित थे।

### प्रतिनिधि मंडल को बुलाकर वार्ता नहीं करना निंदनीय: सतीश कुमार



**मेदिनीनगर।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सतीश कुमार ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार के ओएसडी ने मोर्चा के प्रतिनिधि मंडल को आंदोलन के सवाल पर वार्ता करने के लिए मुख्यमंत्री आवास पर बुलाकर कार्यक्रम स्थगित करने का दबाव बनाया गया। प्रतिनिधि मंडल में मोर्चा के प्रधान महासचिव पुष्कर महतो वरिष्ठ पदाधिकारी जितेन्द्र सिंह कुशवाहा, रवि नन्दी, सरोजिनी कच्छप मौजूद थे। प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री के ओएसडी व अपर सचिव के सामने केवल एक शर्त रखी थी। आंदोलनकारी को जेल जाने की बाध्यता को समाप्त कर सभी आंदोलनकारियों को समान पेंशन 50-50 हजार रुपये मासिक दिया जाये। आश्रितों को शिक्षा स्वास्थ्य और नियोजन की गारंटी सरकार दे। उन्होंने कहा किअगर आंदोलनकारियों के प्रति सरकार को सहानुभूति है तो 30 सितंबर के पहले मांगों को पूरा करें नहीं तो मुख्य मंत्री आवास को झारखंड के 24 जिला के आंदोलनकारी घेराव करेगे। 30 सितंबर को हजारों हजार के संख्या में झारखंडी रांची पहुंच कर मुख्यमंत्री का आवास घेराव करेंगे।

### केश कला बोर्ड का गठन कर नाई समाज का उत्थान करने की मांग

**गढ़वा।** कल्याणपुर स्थित बिरसा मुंडा हेलीपैड पार्क में आयोजित चौपाल कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय नाई महासभा के प्रदेश सचिव भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रंजनी कुमारी उर्फ रंजनी शर्मा एवं राष्ट्रीय नाई महासभा के प्रदेश मार्गदर्शक सदस्य कुन्दन कुमार ठाकुर ने झामुमो नेत्री गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन को मांग पत्र सौंपा। सौंपे गये मांग पत्र में झारखंड में केश कला बोर्ड का गठन करने एवं नाई जाति के लिए पद सुरक्षित कराकर नाई समाज का उत्थान करने की मांग की गई है। मांग पत्र में उल्लेख किया गया है कि गत 14 जुलाई 2024 को राष्ट्रीय नाई महासभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ सीके ठाकुर के नेतृत्व में बोकारो में राष्ट्रीय नाई महासभा प्रदेश कार्य समिति की आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से लिये गये निर्णय के अनुसार झारखंड में केश कला बोर्ड का गठन करने एवं नाई समाज के लिए पद सुरक्षित कर नाई समाज का उत्थान करने संबंधी मांग पत्र मुख्यमंत्री को सौंपा गया था। जिससे नाई समाज का उत्थान हो सके। यह कार्य झारखंड प्रदेश के सभी नाई समाज के जनहित में अति आवश्यक है। उक्त मांग पत्र के संबंध में नाई समाज लंबे समय से प्रत्येक जिला एवं प्रदेश मुख्यालय में नाई समाज का सम्मेलन, धरना, प्रदर्शन एवं आंदोलन के माध्यम से सरकार से मांग करते आ रहा है। साथ ही गढ़वा जिला परिषद बोर्ड की बैठक के माध्यम से भी उक्त मांग पत्र पर नियमकुल कार्रवाई के लिए सरकार को अग्रसारित किया गया है। गढ़वा उपयुक्त एवं पलामू आयुक्त के उचित माध्यम से भी नियामाकुल कार्रवाई के लिए सरकार को मांग पत्र भेजा गया है।

रोकथाम जरूरी

खरीफ मौसम में धान के फसल में कीड़े लगने की अधिक संभावना

# कीड़ों से बचाव कई प्रकार से किसान कर सकते हैं

**धान के फसल में 25 से 30 दिन के बाद बाली आने तक कैटर पिलर की समस्या आ जाती है**



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** खरीफ फसल के मौसम में झारखंड बिहार के किसान बड़े पैमाने पर धान की खेती करते हैं। इस मौसम में धान की खेती कर रहे हैं तो उससे फसल में कीड़ों का प्रकोप आ सकते हैं। धान की खेती प्रमुख फसल में से एक है। इसका प्रति एकड़ अधिक उपज लेने के लिए किसानों को कुछ खास बातों के ध्यान देने की जरूरत है। झारखंड के पलामू जिला में स्थित क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र चियांकी के कृषि वैज्ञानिक डॉ. अखिलेश ने कहा कि धान की खेती में मुख्य रूप से तीन प्रकार के समस्या आते हैं, जिसके लिए किसान दवा का छिड़काव कर सकते हैं। धान के फसल में 25 से 30 दिन के बाद सबसे अधिक जड़ों में तना छेदक यानी स्टेम बोरर की समस्या आती है, जो तना को खा जाते हैं। पत्तियां सुख जाती हैं। इसकी पहचान सूखे पत्तों को खींचकर किया जा सकता है। खींचने पर पत्ता बिना टूटे खींचा जाता है। इससे समझा जा सकता है कि ये स्टेम बोरर की समस्या है। इसी तरह धान के फसल में 25 से 30 दिन के बाद बाली आने तक कैटर पिलर की समस्या आ जाती है, जो धान के फसल को नुकसान पहुंचाता है। ये पत्ती को खा जाता हैं। इससे पौधा में प्रकाश संश्लेषण की क्रिया रुक जाती है। इसकी पहचान पत्तियों को देखकर की जा सकती है। अगर पत्ती में छिद्र है तो ये कैटर पिलर की समस्या है। धान के फसल में तीसरा लीफ फोल्डर की समस्या आती है। इसमें कीड़े पत्ते को लपेट देते है, जिसके अंदर ये कीड़े रहते हैं, जो अंडा बच्चा देते है। कीड़ा पत्ती के क्लोरोफिल को चूसने लगता है। इससे पत्ता सफेद हो जाता है। पत्तियां सुख जाती हैं, जिससे फसल उत्पादन में नुकसान हो सकता है।

**धान के बचाव के लिए क्योराक्रोन दवा का प्रयोग करें: डॉ. अखिलेश**

कृषि वैज्ञानिक डॉ. अखिलेश ने बताया कि ऐसी समस्या से छुटकारा पाने के लिए किसान एक दवा का छिड़काव कर सकते है, जिससे तीनों प्रकार के कीड़े के नुकसान से फसल को बचाया जा सकता है। इसके लिए किसान क्योराक्रोन नामक दवा का छिड़काव कर सकते है। इसके लिए किसान इस दवा को 2 एमएल प्रति लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करतें है तो इससे इन कीड़ों के प्रकोप से फसल को बचाया जा सकता है। साथ ही उत्पादन अच्छा किया जा सकता हैं।

## एक नजर

### प्रबंधन समिति का पुनर्गठन, गुलाबपति देवी बनी अध्यक्ष

**भवनाथपुर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में बैठक आयोजित कर प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया गया। बैठक में पर्यवेक्षक के रूप में प्रभात मिश्रा व प्रभारी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी राजगीर राम मौजूद थे। बैठक के दौरान प्रबंधन समिति का पुनर्गठन करते हुए माया देवी को अध्यक्ष व गुलापति देवी को उपाध्यक्ष बनाया गया। वहीं सदस्य के रूप मे सकीबा बीबी, गीता देवी, तेहरुन बीबी, प्रतिमा देवी, मिना देवी, पिंकी देवी, सुधा देवी, चिंता देवी, अजय यादव, बाल संसदसदस्य रीना देवी,शिक्षक प्रतिनिधिपूनम कुमारी,ममता कुमारी, मंजू देवी, वार्डन सह संयोजक कविता कुमारी चयन किया गया।

### जयराम बने लोकहित अधिकार पार्टी के अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष

**केतार।** लोकहित अधिकार पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू के निर्देश पर भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के अरसली गांव निवासी जयराम पासवान को अनुसूचित जाति मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। यह जानकारी जयराम पासवान ने मंगलवार को दी। उन्होंने कहा की पार्टी ने जो जिम्मेवारी सौंपी है, निष्ठापूर्वक काम करेंगे। उन्होंने कहा कि पूरे राज्य में पार्टी का विस्तार करते हुए सभी ज़िले में अनुसूचित मोर्चा का गठन किया जायेगा। बता दें कि जयराम पासवान हाल ही में आजसू पार्टी छोड़कर लोकहित अधिकार पार्टी में शामिल हुए हैं।

## भ्रष्टाचार के खिलाफ उत्तरी एवं दक्षिणी मंडल के बूथ स्तरीय कार्यशाला

# सरकार अगले 5 साल में लूट मचाने के लिए तैयारी कर रही : गिरिनाथ सिंह

**मजबूती के साथ लड़ाई लड़ना होगा, तभी इस व्यवस्था को परिवर्तन कर सकते हैं**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** लातदाग बीएड कॉलेज के सभागार में मंगलवार को पूर्व मंत्री गिरीनाथ सिंह ने भ्रष्टाचार के खिलाफ उत्तरी एवं दक्षिणी मंडल के बूथ स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया। उद्घाटन पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह, जिला परिषद उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, सुरेश गुप्ता आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर कार्यशाला में सभी बूथों के अध्यक्ष, कार्यकर्ता के अलावा, अनेक लोग शामिल थे। पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह ने कहा कि



15 वर्षों के शासनकाल में जनता अपने आप को ठगा महसूस कर रही है। इन्हें पूछने वाला कोई नहीं है। जनता त्रस्त है, किसान काफी परेशान हैं। उन्होंने कहा कि सरकार अगले 5 साल में लूट मचाने के लिए तैयारी कर रही है। इसे कोई पूछने वाला नहीं है। एक-एक भ्रष्ट लोगों को हटाने के लिए संकल्प लेना होगा। लोकतंत्र लोक लाज से चलता है। किसी के साथ भेदभाव नहीं होता है। उन्होंने लोगों से कहा कि मजबूती के साथ लड़ाई लड़ना होगा, तभी इस व्यवस्था को परिवर्तन कर सकते हैं। इसके लिए सभी लोगों को संकल्प लेना होगा। कार्यक्रम को जिला परिषद उपाध्यक्ष सतनारायण यादव सुरेश गुप्ता लाल सिंह अवध किशोर सिंह शिवनाथ चौधरी दुखन चौधरी आदि लोगों ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर दक्षिणी मंडल अध्यक्ष दुखन चौधरी, उत्तरी मंडल अध्यक्ष रामाधार राम महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष आशा देवी लालो कुमारी, इलियास अंसारी मकसूद अंसारी कुर्बान अंसारी लालनी यादव हरिवंश राम राजेंद्र चौधरी बाबुल सिंह सहित अनेकों लोग कार्यशाला में मौजूद थे।

## चांदनी कुमारी का आंगनबाड़ी सेविका पद पर चयन



**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** प्रखंड के बनसानी पंचायत भवन में आंगनबाड़ी सेविका के चयन के मुखिया लाइची देवी की अध्यक्षता में सभा आयोजित की गई। पंचायत भवन में सेविका का चयन में आंगनबाड़ी सेविका निर्मला देवी के निधन के बाद उनके जगह पे उनकी आश्रित पुत्र वधु चांदनी कुमारी पति चेतन कुमार का चयन सर्वसम्मति से किया गया। उन्हे प्रखंड विकास पदाधिकारी नंद जी राम ने नियुक्ति पत्र दिया। इस मौके पर पर्यवेक्षिक रंजना यादव,शिक्षक मृत्युंजय यादव, एएनएम सुषमा कुमारी, पंचायत सचिव अजीत सिंह, मुखिया पति राजेश्वर पासवान, मानिकचंद पासवान, जनक राम, जयकिशोर पासवन, संतोष यादव, धर्मजित पासवान, सुभाष पासवान, मुंगलाल पासवान, गया राम, गौरीशंकर राम, विष्णुकांत कुशवाहा, निरंजन पाठक, चंद्रिका राम, अंजु देवी , बिंदा देवी, सोनी देवी, संध्या देवी सहित महिलाएं और आंगनबाड़ी केंद्र के पोषक क्षेत्र के लोग उपस्थित लोग थे।

## हनुमान मंदिर समिति ने श्मसान घाट पर पीपल का पौधा लगाया

**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** मनुष्य जीवन में सुख दुःख, महल झोपड़ी, एसी,कूलर में चाहे जहां भी अपना जीवन यापन कर ले,पर अंतिम विश्राम श्मशान घाट ही है। यदि मुक्ति धाम पर शेड या छाया भी न हो तो इससे बड़ा दुर्भाग्य और क्या हो सकता है। रमना पंचायत के दोकरी मुक्ति धाम भी सुविधा विहीन है। वहां शेड या कोई छायादार वृक्ष नहीं है। इस समस्या को लेकर श्री हनुमान मंदिर निर्माण समिति के सदस्यों ने पहल कर मंगलवार को छाया के लिए चार पीपल का पौधा



लगाकर उसका घेरा किया। इस कार्य में प्रभारी वनपाल नीरज कुमार मेहता के द्वारा तीन पौधा उपलब्ध कराया गया था, जबकि एक पौधा ईंट भट्ठा से ग्रामीणों द्वारा लिया गया। पौधा लगाने के साथ समिति के सदस्यों ने उसके सुरक्षा का भी निर्णय लिया। मौके पर अध्यक्ष सुदर्शन बियार, उपाध्यक्ष नरेश साह, कोषाध्यक्ष सुनील प्रजापति, संरक्षक महेन्द्र प्रसाद गुप्ता, मनोज साह, मनोज गुप्ता, संजय प्रजापति, नंदू साह, बबलू बियार, पप्पू कुमार, विकास गुप्ता , रामनाथ बियार, देवकुमार साह, सुरेश प्रजापति , योगेन्द्र ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### ई विद्या वाहिनी में छात्रों की उपस्थिति नहीं दर्ज होने पर प्रधानाध्यापक पर कार्रवाई की मांग

**खरौंधी।** खरौंधी प्रखंड के सरकारी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक के द्वारा ई विद्या वाहिनी पोर्टल पर छात्रों की उपस्थिति दर्ज न करने के मामले में बीपीएम नवीन प्रकाश ने जिला शिक्षा पदाधिकारी, गढ़वा को पत्र लिख कर प्रधानाध्यापक पर कार्रवाई की मांग की है। बीपीएम के अनुसार बार-बार बीआरसी (ब्लॉक रिसोर्स सेंटर) के व्हाट्सएप ग्रुप में लिखित सूचना देने के बावजूद प्रधानाध्यापक द्वारा पोर्टल पर छात्रों की उपस्थिति दर्ज नहीं की जा रही है। यह गंभीर प्रशासनिक लापरवाही मानी जा रही है, जिससे यह प्रतीत होता है कि प्रधानाध्यापक अपनी जिम्मेदारियों का सही निर्वहन नहीं कर रहे हैं और स्वेच्छाचारिता का परिचय दे रहे हैं। बीपीएम ने पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि ई-विद्या वाहिनी पोर्टल पर छात्रों की उपस्थिति दर्ज न करने से न केवल स्कूल प्रशासन में पारदर्शिता की कमी हो रही है, बल्कि छात्रों की शिक्षा और स्कूल की प्रगति पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। इस संदर्भ में बीपीएम ने संबंधित प्रधानाध्यापक के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का आग्रह किया है। इससे स्कूल प्रशासन में सुधार हो और छात्रों की उपस्थिति नियमित रूप से दर्ज की जा सके। इस मामले को लेकर शिक्षा विभाग से उचित कार्रवाई की उम्मीद की जा रही है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही न हो।

### स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत जागरूकता रैली निकली

**भवनाथपुर।** सेल तुलसीदामर खदान के टाउनशिप में स्वच्छता ही सेवा के अन्तर्गत मंगलवार को स्वच्छता जागरुकता के लिए स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। भारत सरकार इस्पात मंत्रालय के निर्देश पर स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड( सेल)बोकारो इस्पात संयंत्र के अधिनस्थ भवनाथपुर-तुलसीदामर खदान मे 17 सितंबर से 02 अक्टूबर 2024 तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस के अन्तर्गत 24 सितंबर को भवनाथपुर खदान के टाउनशिप के आवासीय परिसर और मेन रोड मे स्वच्छता जागरुकता के लिए स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। अभियान के प्रारंभ में सेल भवनाथपुर खदान के उप महाप्रबंधक श्याम उज्वल मेद्दा ने अभियान मे शामिल समस्त सदस्य को स्वच्छता शपथ दिलाई। कार्यक्रम में सेल भवनाथपुर के सहायक महाप्रबंधक राजेश कुमार, उप प्रबंधक बुलु दीगल, डीएवी पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल राजेन्द्र शचदेवा, शिक्षकों और स्कूल छात्र ने भाग लिया। कार्यक्रम में उप प्रबंधक बुलु दिगल ने सभी को अभियान में बढ़-चढ़ कर भाग लेने के लिए धन्यवाद ज्ञापन करने के साथ अपने चारों तरफ साफ-सफाई रखने के साथ दूसरों को भी प्रेरित करने को कहा। कार्यक्रम में सिन्दुरीया पंचायत के उप मुखिया वैश खान,मुकेश दुबे,सुरेन्द्र साह,डीएवी शिक्षक प्रवीण कुमार,शौकत अली,संजय कुमार ने महत्व पूर्ण भूमिका निभाई ।

## आजीविका महिला संकुल स्वावलंबी सहकारी समिति का वार्षिक आमसभा



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी। (गढ़वा)।** मंगलवार को खरौंधी पंचायत भवन में आजीविका महिला संकुल स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेट का वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ प्रखंड़ प्रमुख आभा रानी, विधायक प्रतिनिधि उपेन्द्र दास, उपप्रमुख देवदत प्रसाद आर्य, बीपीएम मोनिका कुमारी, बीपीओ अंकित कुमार सिंह ने दीप जलाकर किया। प्रमुख आभा रानी ने कहा समूह की महिलाओं को स्वालम्बी बनाने के लिये सरकार कई तरह का योजनाओं का संचालन कर रही है। समूह की महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए लगातार कार्य कर रही है। साथ ही इसके लिए महिलाओं को प्रशिक्षित भी कर रही है। अगर गांव की बेरोजगार महिला समूह से जुड़ कर ईमानदारी पूर्वक कार्य करें तो घर परिवार के पालन पोषण करने में सक्षम हो सकती है। महिलाओं को भी सशक्त होकर ईमानदारी से अपने रोजगार के लिये कार्य करना होगा। ज्यादा से ज्यादा महिला इससे से जुड़कर प्रखंड़ के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। विधायक प्रतिनिधि उपेन्द्र दास ने कहा कि भारत सरकार द्वारा महिलाओं के विकास को लेकर कई योजना संचालित किया जा रहा है। महिलाओं के रोजगार सृजन के लिये बैंक के माध्यम से समूह के महिलाओं को कम ब्याज पर लोन उपलब्ध करा रही है, ताकि समूह की महिला रोजगार कर आत्मनिर्भर बन सकें। समूह की महिलाओं द्वारा खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सुई धागा, घड़ा फोड़, कुर्सी रेस आदि आयोजित किया गया। विजेता महिला को समूह की ओर से परिस्कृत भी किया गया। मौके पर बीडीसी शीलवंती देवी, नाजिर संजय सक्सेना,मुखिया मंजू देवी, आरती कुमारी, सुनीता देवी, मनीष कुमारी, नीलू कुमारी, अनिता कुमारी, समाजसेवी कृष्णा प्रसाद सहित कई लोग उपस्थित थे।

### डोमनी नदी पर पुल निर्माण की मिली स्वीकृति

**खरौंधी।** प्रखंड के अरंगी पंचायत के तोरेलावा में डोमनी नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण की स्वीकृति मिलने से क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर है। इस पुल के निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा होगी और विकास की नई राहें खुलेंगी। पुल की स्वीकृति के लिए खरौंधी मंडल की ओर से विधायक भानू प्रताप शाही का हार्दिक आभार व्यक्त किया गया है। महत्वपूर्ण परियोजना की जानकारी विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र दास ने दी।

## एएसडी प्ले स्कूल में राघवेंद्र कुमार वर्मा की पुण्यतिथि पर प्रतियोगिताओं का आयोजन





**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** सहिजन मोहल्ला स्थित एएसडी प्ले स्कूल के संस्थापक सदस्य राघवेंद्र कुमार वर्मा की चौथी पुण्यतिथि के अवसर पर विद्यालय के बच्चों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान भाषण, क्विज, पेंटिंग और लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विजेता और उपविजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। भाषण प्रतियोगिता में साक्षी कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि लेख प्रतियोगिता में आयुषी कुमारी ने प्रथम, अंजू कुमारी ने द्वितीय और सोनू कुमार ने तृतीय स्थान हासिल किया। क्विज और पेंटिंग प्रतियोगिताओं के परिणाम मंगलवार को घोषित किए जाएंगे।

### बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने की दिशा में विद्यालय अग्रसर

विद्यालय की संचालिका रश्मि वर्मा ने इस अवसर पर कहा कि वर्ष 2016 में स्वर्गीय राघवेंद्र कुमार वर्मा की अहम भूमिका से इस विद्यालय की स्थापना हुई थी। उनका उद्देश्य था कि आर्थिक रूप से कमजोर ग्रामीण बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान की जा सके। वर्तमान में विद्यालय उनके सपनों को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, और इसके छात्र जिला स्तर पर स्वच्छता और सांस्कृतिक गतिविधियों में अपनी पहचान बना चुके हैं। विद्यालय की शिक्षिका प्रिया पाठक ने कहा कि खेल-खेल में शिक्षा देने के माध्यम से बच्चों में सीखने की रुचि बढ़ी है। शिक्षिका नेहा कुमारी ने कहा कि संस्थापक के उद्देश्यों को साकार करने के लिए सभी शिक्षकों का प्रयास जारी है।

कोरोना की पहली लहर के दौरान वर्ष 2020 में विद्यालय के संस्थापक सदस्य राघवेंद्र कुमार वर्मा का निधन हो गया था। उनकी सतत जागरूकता और परिश्रम का परिणाम आज विद्यालय की सफलता के रूप में दिख रहा है। कार्यक्रम में शिक्षिका अनुराधा कुमारी, अदिति कुमारी, चांदनी कुमारी सहित अन्य शिक्षक और बच्चे उपस्थित थे।


## ।। कार्यालय जिला पशुपालन पदाधिकारी,गढ़वा ।।

जिला पशुपालन कार्यालय गढ़वा अन्तर्गत विभिन्न प्रखण्डों में दो द्विवसीय विशेष पशु चिकित्सा शिविर की सूची।

फेज–1 (माह –: सितंबर 2024)

**–: आम सूचना :–**

सरकार के सचिव कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखण्ड रॉची राज्यादेश सं0 15 रा0 (विभाग) दिनांक 01.07.2024 के द्वारा गढ़वा जिला अन्तर्गत सभी प्रखण्डों के पंचायतों में पंचायतवार दो द्विवसीय विशेष पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें विभागीय योजनाओं की जानकारी, संक्रामक रोगो से बचाव हेतु जानकारी, बीमार पशुओं की चिकित्सा, मलमूत्र एवं रक्त आदि की जॉच की जाएगी। पशुपालक भाईयों से अनुरोध है कि पंचायत स्तर के पशु चिकित्सा शिविरों में अपनी उपस्थिति आवश्यक रूप से दर्ज कराएँ। विशेष पशुचिकित्सा शिविरों का आयोजन प्रातः 09:00 बजे से संध्या 03:00 बजे तक किया जायेगा। पंचायतवार कार्यक्रम विवरणी निम्नवत है –
(नोटः– स्थान एवं दिनांक आवश्यकतानुसार परिवर्तनीय है।)

| क0 सं0 | नाम, पदनाम एवं मोबाईल नं0 | प्रखण्ड | पंचायत | स्थल / ग्राम | दिनांक | | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | डा0 रोहित कुमार , (प्र0प0पदा0, धुरकी) 9470186878 | धुरकी (03) | टाटीदिरी | पंचायत भवन | 25.09.2024 | 26.09.2024 | |
| | | | रक्सी | पंचायत भवन | 27.09.2024 | 28.09.2024 | |
| | | | खाला | पंचायत भवन | 29.09.2024 | 30.09.2024 | |
| 2 | डा0 चन्दन कुमार चौधरी, (भ्र0प0चि0पदा0, रमना) 9470060027 | रमना (03) | रमना | चिकित्सालय भवन | 25.09.2024 | 26.09.2024 | |
| | | | भागोडीह | पंचायत भवन | 27.09.2024 | 28.09.2024 | |
| | | | मड़वनिया | पंचायत भवन | 29.09.2024 | 30.09.2024 | |
| 3 | डा0 सत्येन्द्र नारायण (भ्र0प0चि0पदा0, भवनाथपुर) 9934435365 | भवनाथपुर (03) | कैलान | पंचायत भवन | 25.09.2024 | 26.09.2024 | |
| | | | भवनाथपुर | चिकित्सालय भवन | 27.09.2024 | 28.09.2024 | |
| | | | चपरी | पंचायत भवन | 29.09.2024 | 30.09.2024 | |
| 4 | डा0 अमित कुमार अमित (भ्र0प0चि0पदा0, मझिआंव) 8789515256 | कांडी (03) | कांडी | चिकित्सालय भवन | 25.09.2024 | 26.09.2024 | |
| | | | पतरीया | पंचायत भवन | 27.09.2024 | 28.09.2024 | |
| | | | खरौन्धा | पंचायत भवन | 29.09.2024 | 30.09.2024 | |
| 5 | डा0 अमित कुमार अमित (भ्र0प0चि0पदा0, मझिआंव) 8789515256 | बरडीहा (03) | बरडीहा | चिकित्सालय भवन | 25.09.2024 | 26.09.2024 | |
| | | | सलगा | पंचायत भवन | 27.09.2024 | 28.09.2024 | |
| | | | ओबरा | पंचायत भवन | 29.09.2024 | 30.09.2024 | |
| 6 | डा0 रंजीत कुमार दे, (भ्र0प0चि0पदा0,रमकण्डा) 8340197771 | रंका (03) | रंका कला | चिकित्सालय भवन | 25.09.2024 | 26.09.2024 | |
| | | | कंचनपुर | पंचायत भवन | 27.09.2024 | 28.09.2024 | |
| | | | बाहाहारा | पंचायत भवन | 29.09.2024 | 30.09.2024 | |
| 7 | डा0 रंजीत कुमार दे, (भ्र0प0चि0पदा0,रमकण्डा) 8340197771 | चिनियाँ (03) | चिनियॉ | चिकित्सालय भवन | 25.09.2024 | 26.09.2024 | |
| | | | डोल | पंचायत भवन | 27.09.2024 | 28.09.2024 | |
| | | | बरवाडीह | पंचायत भवन | 29.09.2024 | 30.09.2024 | |
| 8 | डा0 रंजीत कुमार दे, (भ्र0प0चि0पदा0,रमकण्डा) 8340197771 | भण्डरिया (03) | भण्डरिया | चिकित्सालय भवन | 25.09.2024 | 26.09.2024 | |
| | | | करचाली | पंचायत भवन | 27.09.2024 | 28.09.2024 | |
| | | | फकीराडीह | पंचायत भवन | 29.09.2024 | 30.09.2024 | |
| 9 | डा0 दिनेश कुमार, (भ्र0प0चि0पदा0, चन्द्री मझिआंव) 8789266683 | मझिआंव (03) | टढ़हे | पंचायत भवन | 25.09.2024 | 26.09.2024 | |
| | | | पुरहे | पंचायत भवन | 27.09.2024 | 28.09.2024 | |
| | | | सोनपुरवा | पंचायत भवन | 29.09.2024 | 30.09.2024 | |
| 10 | डा0 नीरज कान्त, (प्र0 पशु0 पदा0,गढ़वा) 9006828886 | गढ़वा (03) | बिरबंधा | पंचायत भवन | 25.09.2024 | 26.09.2024 | |
| | | | ओबरा | पंचायत भवन | 27.09.2024 | 28.09.2024 | |
| | | | पिपरा | पंचायत भवन | 29.09.2024 | 30.09.2024 | |
| 11 | डा0 शमशाद अली, (भ्र0प0चि0पदा0, नगर ऊँटारी) 9450941313 | नगर उटॉरी (03) | चितविश्राम | पंचायत भवन | 25.09.2024 | 26.09.2024 | |
| | | | कुषडर | पंचायत भवन | 27.09.2024 | 28.09.2024 | |
| | | | गरबांध | पंचायत भवन | 29.09.2024 | 30.09.2024 | |
| 12 | डा0 चन्दन कुमार चौधरी, (भ्र0प0चि0पदा0, रमर्ना) 9470060027 | डंडई (03) | डंडई | चिकित्सालय भवन | 25.09.2024 | 26.09.2024 | |
| | | | लवाही | पंचायत भवन | 27.09.2024 | 28.09.2024 | |
| | | | रारो | पंचायत भवन | 29.09.2024 | 30.09.2024 | |
| 13 | डा0 रंजीत कुमार दे, (भ्र0प0चि0पदा0,रमकण्डा) 8340197771 | रमकण्डा (03) | रमकण्डा | चिकित्सालय भवन | 25.09.2024 | 26.09.2024 | |
| | | | चेटे | पंचायत भवन | 27.09.2024 | 28.09.2024 | |
| | | | बलिगढ | पंचायत भवन | 29.09.2024 | 30.09.2024 | |
| 14 | डा0 कृष्ण कुमार सिंह, (भ्र0प0चि0पदा0, मेराल) 8789266683 | मेराल (03) | मेराल (पू0) | चिकित्सालय भवन | 25.09.2024 | 26.09.2024 | |
| | | | संगबरिया | पंचायत भवन | 27.09.2024 | 28.09.2024 | |
| | | | तिसरटेट्टुका | पंचायत भवन | 29.09.2024 | 30.09.2024 | |
| 15 | डा0 मनोहर मोतीरामजी निचत, (अ0प्र0पशु0पदा0,गढ़वा) 8877024277 | डंडा (03) | डंडा | चिकित्सालय भवन | 25.09.2024 | 26.09.2024 | |
| | | | भिखही | पंचायत भवन | 27.09.2024 | 28.09.2024 | |
| | | | छपरदागा | पंचायत भवन | 29.09.2024 | 30.09.2024 | |

नोट :–

1. शिविर का समय सुबह 09:00 बजे से शाम 03:00 बजे तक होगा।
2. संबंधित मुखिया एवं पंचायत प्रतिनिधि को सूचित करते हुए उनसे अनुरोध करेगें की कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करेगें।
3. शिविर में पशु औशधि का वितरण आवश्यकता एवं उपलब्धता के आधार पर किया जाएगा तथा अनउपलब्ध औशधि के बारे में परामर्श दिया जाएगा।
4. शिविर में उपलब्धता के अनुसार टीकाकरण कार्य करेगें।
5. पशुपालकों को केन्द्र एवं राज्य प्रायोजित योजनाओं का पशुपालन विभाग द्वारा दिया जायेगा।
6. रक्त, गोबर, मूत्र आदि का नमूना एकत्र कर पशु स्वास्थ्य उत्पादन संस्थान, रॉचीको भेजने हेतु कार्यालय को उपलब्ध करायेंगे।
7. शिविर का प्रतिवेदन विहित प्रपत्र में प्रतिदिन फोटोग्राफ के साथ उपलब्ध करायेगें।
8. विभागीय राज्यादेश सं0 15 रा0 दिनांक 01.07.2024 का नियमानुसार पालन किया जाय।

जिला पशुपालन पदाधिकारी,
गढ़वा

PR 336913 Animal Husbandry(24-25)#D


## राजनीति

### मंदिर में हो रहे दोहरी नीति पर ट्रस्ट जवाब दे

# मंदिर के बंद पट्ट को खुलवाकर दर्शन कराना श्री वंशीधर का अपमानः भानू

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** आठ माह पूर्व पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबू लाल मरांडी ने भी श्री बंशीधर मंदिर में दर्शन करने गए थे, लेकिन मंदिर के ट्रस्ट के लोगों ने पट्ट बंद होने को बात कहा जिसके कारण बाहर तस्वीर रख कर पूजा कराया गया, लेकिन राज्य के मुख्यमंत्री की पत्नी कल्पना सोरेन को ट्रस्ट के लोगों द्वारा मंदिर के बंद पट्ट को खुलवाकर दर्शन कराया गया जो श्री बंशीधर का अपमान है। यही नहीं मंईयां सम्मान यात्रा सरकारी कार्यक्रम था, लेकिन पार्टी का कार्यक्रम बनाया गया। चुनाव में जनता जबाब देगा उक्त बाते रेलवे स्टेशन के समीप भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सह विधायक भानू प्रताप



शाही ने कही। उन्होंने कहा कि श्री बंशीधर मंदिर में नियम के विरुद्ध पट्ट खोलवाकर यहां के राज्यशाही परिवार ने अपमान कराने का काम किया है। उन्होंने कहा कि मंदिर में हो रहे दोहरी नीति पर ट्रस्ट को जबाब देना पड़ेगा। भगवान का अपमान किया गया। ऐसे में विद्वान पंडित से भी इस मामले में जानकारी चाहते है कि ऐसा किया गया तो इसके लिए क्या करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सोमवार को मंईयां सम्मान यात्रा मुख्य सचिव के पत्र से सरकारी कार्यक्रम है, लेकिन बंशीधर नगर में आयोजित यात्रा कार्यक्रम को जेएमएम का कार्यक्रम बनाया गया। उन्होंने कहा कि जिले के अधिकारी से जानना चाहते है की सरकारी कार्यक्रम में पार्टी के झंडे कैसे लगाया गया। उन्होंने कहा कि जिस कार्यक्रम का संचालन जिले के उपायुक्त ने किया उस कार्यक्रम में वर्तमान प्रतिनिधि को नहीं बुलाया गया, जबकि पूर्व विधायक और तड़ीपार जो सजाफ्ता है उससे संबोधित कराया गया। उन्होंने कहा की दो माह के बाद राज्य में भाजपा की सरकार बनने के बाद पार्टी के लिए काम कर रहे अधिकारियों पर कारवाई किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकारी पैसे का दुरुपयोग कर पार्टी का प्रचार कार्यक्रम चलाया जा रहा है। सभी मामलों पर कारवाई की जाएगी। प्रेस वार्ता में एससी मोर्चा के जिलाध्यक्ष लक्ष्मण राम,सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे,विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ,विभूति भूषण चौबे, लाल मोहन यादव, उप प्रमुख गणेश प्रताप देव, मंडल अध्यक्ष कुमार कनिष्ठ, बिकास पांडेय,भाजयुमो अध्यक्ष विक्रांत सिंह उर्फ सोनू,बबन पासवान सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एक नज़र

### जिप उपाध्यक्ष ने पथ निर्माण विभाग को लिखा पत्र

**बालूमाथ।** लातेहार जिला जिप उपाध्यक्ष अनीता देवी ने बालूमाथ पांकी मुख्य पथ को दुरुस्त कराने के लिए पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने कहा कि बालूमाथ-हेरहंज पांकी पथ स्टेट हाइवे 10 अत्यंत जर्जर हो चुकी है।आए दिन पथ पर दुर्घटनाएं हो रही है। जगह-जगह पर बड़े-बड़े गड्ढे बने हुए हैं। रात्रि के समय में कई दोपहिया चालक दुर्घटना के शिकार भी हो चुके हैं। पथ निर्माण विभाग का इस पर कोई ध्यान नहीं है। बालूमाथ से पांकी तक 50 किमी लंबी इस सड़क से प्रतिदिन हजारों वाहनों का परिचालन होता है। पथ पलामू और लातेहार जिले के राष्ट्रीय राजमार्गों को जोड़ता है। अंत में उन्होंने उक्त जर्जर सड़क को जल्द दुरुस्त कराने की मांग की है।

# जितिया आज, संतान की दीर्घायु के लिए निर्जला उपवास करेंगी मां

● **संतान की लंबी आयु और अच्छे स्वास्थ्य की कामना के लिए जितिया व्रत की पुरातन परंपरा रही है**

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** संतान की दीर्घायु, सुखी और निरोगी जीवन के लिए जितिया व्रत रखा जाता है। यह व्रत हर वर्ष आश्विन मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को रखा जाता है। सनातन संस्कृति में संतान की लंबी आयु और अच्छे स्वास्थ्य की कामना के लिए जितिया व्रत की पुरातन परंपरा रही है। इस जितिया पर्व में माताएं पूरी एक तिथि निर्जला उपवास रखकर जीमूतवाहन की आराधना करती है। इस व्रत की शुरूआत एक खास और अनोखी परंपरा से होती है, जो व्रत से एक दिन पहले निभाई जाती है। कल निर्जला व्रत शुरू करने से पहले आज महिलाओं ने परंपरागत मान्यताओं के अनुसार मडुआ की रोटी और पांच प्रकार की सब्जियों का सेवन किया। यह मान्यता है कि जो जितना बांटता है, उसके संतान की आयु में उतनी बढ़ोतरी होती है। आज सुबह सूर्योदय से पूर्व महिलाएं ओठगन (अल्पाहार) करके निर्जला व्रत की शुरूआत करेंगी। इस संबंध में पंडित दिलीप शुक्ला और भोला दास बताते हैं कि पुराने जमाने में खाने की इतनी वैरायटी नहीं होती थी। मडुआ की खेती बड़े पैमाने पर होती थी और आसानी से मिल जाती थी। इसलिए यह व्रत इन पौराणिक मान्यताओं और उस समय की भोजन संबंधी परिस्थितियों से जुड़ा है। उनका कहना है कि हमारे हिंदू धर्म में व्रत से पूर्व संतुलित आहार को बहुत महत्व दिया गया है। जितिया व्रत से पूर्व महिलाओं के खानपान का पूरा ध्यान रखा जाता है। इस संतुलित आहार के कारण लंबी अवधि तक शरीर को ऊर्जा मिलती है और गैस जैसी परेशानी से निजात मिलती है। मडुआ हर कोई भर पेट खा सकता है। मधुमह के मरीज भी यह भोजन ले सकते हैं। यही कारण रहा कि यह सबके लिए अनिवार्य किया गया है। आज के दिन नोनी साग भी बनाकर खाया जाता हैं।



# 27 को शिवराज सिंह चौहान गारू कोटाम में करेंगे जनसभा, किसानों से करेंगे संवाद

**गारू।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान 27 सितंबर को लातेहार जिले के गारू प्रखंड के कोटाम गांव में जनसभा को संबोधित करेंगे। यह कार्यक्रम विकास भारती संस्था के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें गारू प्रखंड के कई गांवों से सैकड़ों किसान भाग लेंगे। जनसभा का मुख्य उद्देश्य किसानों को केंद्र सरकार की विभिन्न कृषि योजनाओं की जानकारी देना और उनकी समस्याओं पर संवाद करना है। विकास भारती के प्रतिनिधियों द्वारा जनसभा की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। गांव में मंच निर्माण से लेकर सुरक्षा और बैठने की व्यवस्थाओं को लेकर व्यापक तैयारियों की जा रही हैं। स्थानीय किसानों में इस कार्यक्रम को लेकर काफी उत्साह है, क्योंकि वे शिवराज सिंह चौहान के संबोधन से कृषि क्षेत्र में नए अवसरों और सरकारी योजनाओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करने की उम्मीद कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक इस कार्यक्रम में कृषि और ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं पर चर्चा की जाएगी, जिससे किसानों को लाभ हो सके। शिवराज सिंह चौहान के इस दौरे को लेकर स्थानीय स्तर पर काफी हर्ष है, और जनसभा में बड़ी संख्या में किसानों और स्थानीय लोगों के जुटने की संभावना है।

## राजस्थान कमाने जा रहे मजदूर की रास्ते में ट्रेन से गिरने से मौत

**बालूमाथ।** मजदूरी करने राजस्थान जाने के क्रम में ग्राम शांति निवासी बिफा मुंडा की मौत ट्रेन से गिर जाने हो गई। भीलवाड़ा प्रशासन द्वारा मृतक की पत्नी रीता देवी मौत की सूचना देने के साथ शव महात्मा गांधी हॉस्पिटल में रखे होने की जानकारी दी गई। मुराप के रमेश यादव व अन्य ग्रामीणों ने इसकी जानकारी जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी को दी। उन्होंने लातेहार के श्रम अधीक्षक विनीत भगत से बात कर मृतक के शव को तत्काल ही मंगवाने की व्यवस्था की गई। साथ ही परिवार को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का भी आग्रह किया गया। इसके कुछ ही देर बाद मृतक के शव को लाने की व्यवस्था हो गई है।

## छात्रों ने सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता अभियान चलाया, निकाली रैली

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह।** प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत राजकीय कृत उच्च विद्यालय प्लस टू के छात्रों द्वारा मंगलवार को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया। जागरूकता अभियान प्रभारी प्रधानाध्यापिका सुनीता खलखो के नेतृत्व में किया गया। शुरुआत विद्यालय परिसर से की गई। वहां विद्यालय के शिक्षा कर्मियों के साथ-साथ स्कूली बच्चों द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर नारे लगाते हुए नगर भ्रमण कर लोगों से सड़क सुरक्षा के नियमों के पालन करने और वाहन चलाते समय हेलमेट, सीट बेल्ट का इस्तेमाल करने की अपील की। कार्यक्रम को लेकर प्रधानाध्यापिका सुनीता खलखो ने बताया कि आए दिन प्रखंड क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। घायल होने के साथ लोग अपनी जान भी गवां रहे हैं। इसका मुख्य कारण सिर्फ सड़क सुरक्षा के नियमों का नहीं पालन करना है। इसको देखते हुए विद्यालय द्वारा जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई, जो विभिन्न कार्यक्रम के माध्यम से आयोजित की जा रही है। जागरूकता कार्यक्रम में रमेश कुमार, राकेश कुमार, योगेंद्र राणा, उज्वल सिंह, पूनम लकड़ा, रजनी गीता कुजूर, दिलशाद अंसारी, मधु कुमारी, चूड़ामनी सिंह, तेलेरफोर बारला, शुभम शर्मा, आबिद अंसारी, अभिषेक कुमार समेत अन्य लोग शामिल थे।



## लाखों रुपये के जेवरात व बर्तन की चोरी

**कुन्दा (चतरा)।** थाना क्षेत्र के कुन्दा गांव में पप्पू पाठक के घर रविवार की रात्रि चोरों ने घर में रखे लाखों रुपए के सोना चांदी के जेवर व पीतल का बर्तन को चोरी कर ली। घटना की जानकारी सोमवार की सुबह परिवार के सदस्यों को मिला। उन्होंने देखा की घर में रखा समान बिखरा है। घटना की जानकारी तत्काल पीड़ित परिवार ने कुन्दा पुलिस को दी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार चोरी की घटना में शामिल एक स्थानीय युवक को पुलिस ने हिरासत में लिया है, मामले में पड़ताल चल रही है।

## बीएसएनएल के खराब सर्विस से उपभोक्ता परेशान

**कुन्दा (चतरा)।** बीएसएनएल की खराब सेवा से ग्राहकों का विश्वास एक बार फिर टूटता दिखाई दे रहा है। अन्य टेलीकॉम कंपनियों के बढ़ते रिचार्ज के कारण ग्राहकों ने बीएसएनल की ओर रुख किया था, लेकिन अब खराब नेटवर्क व सेवा की वजह से ग्राहक परेशान हैं। ग्राहक मिथलेश महतो, बंटी कुमार,गौतम कुमार, सुनील चौधरी,आनन्द महतो, अशोक महतो समेत कई अन्य बीएसएनल ग्राहकों का कहना है कि बीएसएनल को अपनी सेवाओं में सुधार करने की जरूरत है। बीएसएनएल का नेटवर्क कवरेज बहुत ही खराब चल रहा है। 24 घंटे में कभी-कभी ग्राहकों को 5 से 6 घंटे ही नेटवर्क की सुविधा मिल पाती है। लोगों ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में कई स्थानों पर बीएसएनएल का टॉवर स्थापित किए गए हैं, लेकिन फिलहाल यह शोभा की वस्तु बनी है। ग्राहकों ने कहा कि नेटवर्क की समस्याओं का निराकरण कर बीएसएनल को अपनी सेवाओं में सुधार कर ग्राहकों का विश्वास फिर से हासिल करने की आवश्यकता है। यदि बीएसएनल ऐसा नहीं करती है तो ग्राहक पुनः अन्य कंपनियों में सीम पोर्ट करने पर विवश होंगे।

## डुमारो पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का समापन

**चंदवा।** प्रखंड के डुमारो पंचायत के काली कुरमी टोला खेल मैदान परिसर में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विकास शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके साथ ही प्रखंड में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का समापन हुआ। डुमारों में आयोजित शिविर का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद,अंचला अधिकारी जयशंकर पाठक, डुमारो मुखिया सुनीता खलखो, प्रखंड कृषि पदाधिकारी रामनाथ यादव ने दीप प्रज्लवलित कर किया। सीओ ने कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाया गया था। सर्वप्रथम सीओ व अन्य अतिथियों ने स्टाल का निरीक्षण किया। ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं के बाबत आवेदन जमा किए। ग्रामीणों के द्वारा दिए गए आवेदन की जांच कर अग्रतर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। मंच का संचालन जनसेवक लव कुमार ने किया। मौके पर प्रखंड कर्मी शोभेन खलको,सीमा कुमारी,संतोष प्रजापति पंचायत सेवक फेकू राम समेत प्रखंड कर्मी व अंचलकर्मी के अलावे सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे। आपकी योजना,आपकी सरकार, आपके द्वार शिविर कार्यक्रम में लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का भी वितरण किया गया। इस दौरान लाभुकों के बीच धोती साड़ी,आयुष्मान कार्ड,जॉब कार्ड,जेएसएलपीएस के द्वारा आईकार्ड,विद्यार्थियों के बीच साइकिल समेत अन्य सामग्रियों का भी वितरण किया गया।

## बारी में तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन

**चंदवा।** प्रखंड के बारी पंचायत के बरवाडीह ग्राम में संत इग्नेसयुस प्राथमिक विद्यालय बरवाडीह स्कूल मैदान में आयोजित तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन हो गया। टूर्नामेंट के फाइनल मैच मुकाबले का उद्घाटन झामुमो जिला सचिव शमशुल होदा,अल्पसंख्यक मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष नौशाद अंसारी ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के उपरांत फीता काटकर किया। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला सिकनी व सबानो के बीच खेला गया, जिसमें सिकनी की टीम जीत दर्ज कर खिताब पर कब्जा जमा लिया। विजेता सिकनी,उप विजेता सबानो की टीम के अलावे तीसरे व चौथे छतासेमर व बनहरदी की टीम व बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को शमशुल होदा,नौशाद अंसारी, बारी ग्राम प्रधान रोबेन उरांव, पंचम उरांव,संदीप उरांव,दिनेश उरांव व रामजीत उरांव के द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर अतिथियों ने कहा कि खेल से खिलाड़ियों के अंदर शारीरिक व मानसिक विकास होने के साथ अनुशासन व संघर्ष की भावना भी जागृत होती है। किसी भी खिलाड़ी व टीम को हार से हताश होने की जरूरत नहीं है बल्कि इससे प्रेरणा लेकर जीवन में आगे बढ़ाने की जरूरत है। समापन के मौके पर सैकड़ो खेल प्रेमी मौजूद थे।

## केंद्रीय मंत्री मनोज तिवारी व रवि किशन के कार्यक्रम का लिया जायजा

**बालूमाथ।** फिल्म स्टार सह दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी एवं गोरखपुर के सांसद रवि किशन का बालूमाथ में होने वाली परिवर्तन यात्रा कार्यक्रम रोड शो एवं बिरसा मैदान में होने वाले सभा की तैयारियों का केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि परिवर्तन यात्रा का मुख्य उद्देश्य झारखंड में परिवर्तन लाना है और राज्य की भ्रष्टाचारी हेमंत सोरेन सरकार को उखाड़ फेंकना है। सरकार बड़े-बड़े वायदा कर सत्ता में तो आ गई लेकिन उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान युवाओं को ठगने का काम किया है। राज्य में आक्रोश का माहौल है। इस दौरान पूर्व विधायक प्रकाश राम, भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज सिंह,एसडीपीओ आशुतोष सत्यम ,थाना प्रभारी विक्रांत उपाध्याय, बालूमाथ मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, बारियातू प्रखंड अध्यक्ष लव सिंह सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मुख्य सड़क पर बह रहा नाले का बदबूदार पानी

**महुआडांड़।** प्रखंड मुख्यालय स्थित शास्त्री चौक व पेट्रोल पंप के समीप मुख्य सड़क पर नाली का गंदा व बदबूदार पानी बह रहा है। वहां से प्रतिदिन शासन प्रशासन के पदाधिकारी, बाहर से आए पर्यटक समेत हजारों की संख्या में ग्रामीण गुजरते हैं। इसलिए यह नहीं कहा जा सकता कि प्रशासन इससे अनभिज्ञ है। वर्षों से यही स्थिति बनी हुई है, लेकिन प्रशासन के पदाधिकारी आंख व नाक बंद कर इस सड़क से गुजर जाते हैं। त्योहारों का समय शुरू होने वाला है। दशहरा पूजा के मुख्य पंडाल पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु पूजा करने इसी सड़क से होकर पहुंचते हैं। नवरात्र की शुरूआत होते ही प्रतिदिन संध्या आरती में सम्मलित होने प्रखंड के सैकड़ो महिलाएं व पुरुष इस सड़क से होकर मंदिर पहुंचते हैं। ऐसे में विशेष कर महिलाओं को काफी परेशानी होती है। प्रखंड वासियों ने संबंधित विभाग से नाली को दुरुस्त करने की मांग की है।

## पैदल चलने से शारीरिक व मानसिक लाभ होता हैं : डॉ. फादर एमके जोश

**महुआडांड़।** डिस्ट्रिक्ट इको एसडीजी चैंपियनशिप 2024 के अंतर्गत आयोजित एक हजार कदम चलने की चुनौती को संत जेवियर महाविद्यालय द्वारा उत्साहपूर्ण संचालित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. फादर प्राचार्य एमके जोश के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के शुरूआत में डॉ. फादर राजीव तिर्की, अजय द्वारा 90 मिनट में एक हजार कदम चलने के विभिन्न महत्व के संबंध में कहा कि प्रतिदिन चलने से किस प्रकार शारीरिक और मानसिक लाभ होता है। इस कार्यक्रम के प्रभारी डॉ. फादर राजीव तिर्की, मो. जफर इकबाल थे। संत जेवियर महाविद्यालय के अंग्रेजी, भौतिक विज्ञान विभाग के प्रोफेसर, विद्यार्थी द्वारा इस चुनौती को पूरा किया गया। कार्यक्रम में 50 विद्यार्थी के साथ 5 प्रोफेसर ने 90 मिनट में एक हजार कदम चलने का चुनौती को समय पर पूरा किया। कार्यक्रम में सिस्टर चंद्रोदया, डॉ. फादर राजीव, स्नेहल कुजूर, अजय कुमार साव उपस्थित थे।


## झारखण्ड सरकार
## गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
### झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

67वीं औपबंधिक सूची    जिला–लातेहार (पार्ट–6)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री अनिल मोहन केरकेट्टा एवं आरडियन खाखा द्वारा आयोग के सदस्य श्री नरसिंह मुर्मू के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 311. | 1. आवेदन क्र0–531/24 2. आवेदक– पेत्रुस टोप्पो, पिता–पंखासियुस टोप्पो<br>3. ग्राम–चोरमंडा, पोस्ट–आराहंस, थाना–नेतरहाट, प्रखण्ड–महुआडाँड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह– गले पर घाव का निशान | कंडिका–2(ix) |
| 312. | 1. आवेदन क्र0–532/24 2. आवेदक–बेंजामिन बेंग, पिता–अलविस बेंग<br>3. ग्राम–चोरमंडा, पोस्ट–आराहंस, थाना–नेतरहाट, प्रखण्ड–महुआडाँड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–76 वर्ष, पहचान चिन्ह– दायां हाथ में घाव का निशान | कंडिका–2(ix) |
| 313. | 1. आवेदन क्र0–533/24 2. आवेदक– ज्ञान प्रकाश मिंज, पिता–स्व. मानुवेल मिंज<br>3. ग्राम–हुरमुंडाटोली, पोस्ट–आराहंस, थाना–नेतरहाट, प्रखण्ड–महुआडाँड़<br>4. लिंग– पुरूष, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायां घुटने पर घाव का निशान | कंडिका–2(ix) |
| 314. | 1. आवेदन क्र0–534/24 2. आवेदक–वाल्टर कुजूर, पिता–स्व. फुलजेंस कुजूर<br>3. ग्राम–आराहंस, पोस्ट–आराहंस, थाना–नेतरहाट, प्रखण्ड–महुआडाँड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायां गाल पर मस्सा | कंडिका–2(ix) |
| 315. | 1. आवेदन क्र0–535/24 2. आवेदक–सुनील किशोर बाड़ा, पिता–देवनीस बाड़ा<br>3. ग्राम–नवाटोली, पोस्ट–आराहंस, थाना–नेतरहाट, प्रखण्ड–महुआडाँड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायां पैर में घाव का निशान | कंडिका–2(ix) |
| 316. | 1. आवेदन क्र0–536/24 2. आवेदक–मनोहर टोप्पो, पिता–स्व बुधवा टोप्पो<br>3. ग्राम–चोरमंडा, पोस्ट–आराहंस, थाना–नेतरहाट, प्रखण्ड–महुआडाँड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायां गाल पर घाव का निशान | कंडिका–2(ix) |
| 317. | 1. आवेदन क्र0–537/24 2. आवेदक–तेज कुमार आईद, पिता– स्व. जगेश्वर आईद<br>3. ग्राम–माइल, पोस्ट–आराहंस, थाना–नेतरहाट, प्रखण्ड–महुआडाँड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायां होठ पर तिल का दाग | कंडिका–2(ix) |
| 318. | 1. आवेदन क्र0–538/24 2. आवेदक– बेरोनिका ठिठियो, पति – स्व. जोहन हुरहुरिया<br>3. ग्राम–चोरमंडा, पोस्ट–आराहंस, थाना–नेतरहाट, प्रखण्ड–महुआडाँड़<br>4. लिंग–महिला, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह– ठोढ़ी पर तिल का निशान | कंडिका–2(ix) |
| 319. | 1. आवेदन क्र0–539/24 2. आवेदक–तेरेसा मिंज, पति – स्व. निकोदिम मिंज<br>3. ग्राम–चोरमंडा, पोस्ट–आराहंस, थाना–नेतरहाट, प्रखण्ड–महुआडाँड़<br>4. लिंग–महिला, आयु–58 वर्ष, पहचान बायां गाल पर तिल का निशान | कंडिका–2(ix) |
| 320. | 1. आवेदन क्र0–540/24 2. आवेदक–सुशील कुजूर, पति– जितेन्द्र मिंज<br>3. ग्राम–हरमुंडाटोली, पोस्ट–आराहंस, थाना–नेतरहाट, प्रखण्ड–महुआडाँड़<br>4. लिंग–महिला, आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह– आंख के निचे तिल का दाग | कंडिका–2(ix) |
| 321. | 1. आवेदन क्र0–541/24 2. आवेदक–अमरूष बेंग, पिता– स्व. फागू बेंग<br>3. ग्राम–चोरमंडा सिघवाटोली, पोस्ट–आराहंस, थाना–नेतरहाट, प्रखण्ड–महुआडाँड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायां गाल पर मस्सा | कंडिका–2(ix) |
| 322. | 1. आवेदन क्र0–542/24 2. आवेदक–बेरोनिका ठिठियो, पति– सिमोन मुंडा<br>3. ग्राम–सिघवाटोली, पोस्ट–आराहंस, थाना–नेतरहाट, प्रखण्ड–महुआडाँड़<br>4. लिंग–महिला, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–हाथ में घाव का निशान | कंडिका–2(ix) |
| 323. | 1. आवेदन क्र0–543/24 2. आवेदक–रूनिया बेंग, पति – स्व इग्नासियुस बेंग<br>3. ग्राम–हुरमुंडाटोली, पोस्ट–आराहंस, थाना –नेतरहाट, प्रखण्ड–महुआडाँड़<br>4. लिंग–महिला, आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायां कोहनी पर घाव का निशान | कंडिका–2(ix) |
| 324. | 1. आवेदन क्र0–544/24 2. आवेदक–निर्मल टोप्पो, पिता– जगदीश लकड़ा<br>3. ग्राम–आराहंस, पोस्ट–आराहंस, थाना–नेतरहाट, प्रखण्ड–महुआडाँड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायां गाल पर मस्सा | कंडिका–2(ix) |
| 325. | 1. आवेदन क्र0–545/24 2. आवेदक–इसदोर बृजिया, पिता– जगदेव बृजिया<br>3. ग्राम–चोरमंडा, पोस्ट–आराहंस, थाना–नेतरहाट, प्रखण्ड–महुआडाँड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायां पैर में घाव का निशान | कंडिका–2(ix) |
| 326. | 1. आवेदन क्र0–546/24 2. आवेदक– बिरनजीत कुजूर, पिता– इग्नेस कुजूर<br>3. ग्राम–आराहंस, पोस्ट–आराहंस, थाना–नेतरहाट, प्रखण्ड–महुआडाँड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां पैर में घाव का निशान | कंडिका–2(ix) |
| 327. | 1. आवेदन क्र0–547/24 2. आवेदक–बिमल कुजूर, पिता– फांसिस कुजूर<br>3. ग्राम–चोरमंडा, पोस्ट–आराहंस, थाना–नेतरहाट, प्रखण्ड–महुआडाँड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–होठ पर मस्सा | कंडिका–2(ix) |
| 328. | 1. आवेदन क्र0–548/24 2. आवेदक–जगदीश लकड़ा, पिता– स्व. जुनस लकड़ा<br>3. ग्राम–आराहंस, पोस्ट–आराहंस, थाना–नेतरहाट, प्रखण्ड–महुआडाँड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह– दायां पैर में घाव का निशान | कंडिका–2(ix) |
| 329. | 1. आवेदन क्र0–549/24 2. आवेदक–सुशील मिंज, पिता– स्व. दानिएल मिंज<br>3. ग्राम–हुरमुंडाटोली, पोस्ट–आराहंस, थाना–नेतरहाट, प्रखण्ड–महुआडाँड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–67 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायां कान पास तिल का दाग | कंडिका–2(ix) |
| 330. | 1. आवेदन क्र0–550/24 2. आवेदक–मिलियानुस टोप्पो, पिता– स्व. मार्सेल टोप्पो<br>3. ग्राम–नवाटोली, पोस्ट–आराहंस, थाना–नेतरहाट, प्रखण्ड–महुआडाँड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह– गर्दन पर मस्सा | कंडिका–2(ix) |
| 331. | 1. आवेदन क्र0–551/24 2. आवेदक–सेलबेस्तर लकड़ा, पिता– स्व. मरियानुस लकड़ा<br>3. ग्राम–चोरमंडा, पोस्ट–आराहंस, थाना–नेतरहाट, प्रखण्ड–महुआडाँड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह – दायां घुटने पर घाव का निशान | कंडिका–2(ix) |
| 332. | 1. आवेदन क्र0–552/24 2. आवेदक–पोलिकार्प किस्पोट्टा, पिता– स्व. निकोलस किस्पोट्टा<br>3. ग्राम–केराखाड़, पोस्ट–आराहंस, थाना–नेतरहाट, प्रखण्ड–महुआडाँड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह – बायां गाल पर मस्सा । | कंडिका–2(ix) |
| 333. | 1. आवेदन क्र0–553/24 2. आवेदक–निर्मल किस्पोट्टा, पिता– कमलि किस्पोट्टा<br>3. ग्राम–आराहंस, पोस्ट–आराहंस, थाना–नेतरहाट, प्रखण्ड–महुआडाँड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–37 वर्ष, पहचान चिन्ह– बांयां कान पास मस्सा | कंडिका–2(ix) |
| 334. | 1. आवेदन क्र0–554/24 2. आवेदक– प्रेमिका एक्का, पति – जेवियर मिंज<br>3. ग्राम–औराटोली, पोस्ट–बराही, थाना–महुआडाँड़, प्रखण्ड–महुआडाँड़<br>4. लिंग– महिला, आयु–34 वर्ष, पहचान चिन्ह – बाएं आंख के पास तिल का निशान | कंडिका–2(ix) |
| 335. | 1. आवेदन क्र0–555/24 2. आवेदक– अंजीना तिर्की, पिता– सैलेस एक्का<br>3. ग्राम–औरांटोली, पोस्ट–बराही, थाना–महुआडाँड़, प्रखण्ड–महुआडाँड़<br>4. लिंग–महिला, आयु–33 वर्ष, पहचान चिन्ह– बाएं हाथ पर तिल | कंडिका–2(ix) |
| 336. | 1. आवेदन क्र0–556/24 2. आवेदक– मिलयानी एक्का, पिता– जुवेनसियुस कुजूर<br>3. ग्राम धांगरटोली, पोस्ट–गारू, थाना– गारू, प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–महिला, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह– आंख के निचे तिल का दाग | कंडिका–2(ix) |
| 337. | 1. आवेदन क्र0–557/24 2. आवेदक– मेरी माग्रेट बेक, पिता– स्व. अलेक्सियुस कुजूर<br>3. ग्राम गारू, पोस्ट–गारू, थाना– गारू, प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–महिला, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह– चेहरे में तिल का दाग | कंडिका–2(ix) |
| 338. | 1. आवेदन क्र0–558/24 2. आवेदक– अलदे गोन्दा टोप्पो, पिता– रोवर्ट टोप्पो<br>3. ग्राम धांगरटोली, पोस्ट–गारू, थाना– गारू, प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–महिला, आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह– बाया हाथ में तीन तिलक दाग | कंडिका–2(ix) |
| 339. | 1. आवेदन क्र0–559/24 2. आवेदक– दयामनी मिंज, पिता– विलियम कुजूर<br>3. ग्राम धांगरटोली, पोस्ट–गारू, थाना– गारू, प्रखण्ड–गारू<br>4 लिंग–महिला, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायां हाथ में सफेद दाग | कंडिका–2(ix) |
| 340. | 1. आवेदन क्र0–560/24 2. आवेदक– बसन्ती देवी, पिता– स्व. रामऔतार महतो<br>3. ग्राम धांगरटोली, पोस्ट–गारू, थाना– गारू, प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–महिला, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायां गर्दन में मस्सा | कंडिका–2(ix) |
| 341. | 1. आवेदन क्र0–561/24 2. आवेदक– लोचनी देवी, पति– विश्वनाथ महतो<br>3. ग्राम धांगरटोली, पोस्ट–गारू, थाना– गारू, प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–महिला, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायां गाल में तिल का दाग | कंडिका–2(ix) |
| 342. | 1. आवेदन क्र0–562/24 2. आवेदक– शान्ति किरण हेमरोम, पति– मतियस गुड़िया<br>3. ग्राम गणेशपूर, पोस्ट–सरयु, थाना– छिपादोहर, प्रखण्ड–सरयू<br>4. लिंग–महिला, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायां हाथ में तिलक का दाग | कंडिका–2(ix) |
| 343. | 1. आवेदन क्र0–563/24 2. आवेदक– मिलियानी कुजूर, पति– मो० माजिद खान<br>3. ग्राम–डुरूवा, पोस्ट–डुरूवा, थाना– लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–महिला, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायां हाथ में तिल का दाग | कंडिका–2(ix) |
| 344. | 1. आवेदन क्र0–564/24 2. आवेदक– पोकलो गुड़िया पति– जेंगा होरो<br>3. ग्राम सकलकठा, पोस्ट–सरयु, थाना– छिपादोहर, प्रखण्ड–सरयू<br>4. लिंग–महिला, आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह– चेहरे में तिल का दाग | कंडिका–2(ix) |
| 345. | 1. आवेदन क्र0–565/24 2. आवेदक– सोमरी टोपनो, पति– अल्विस बरला<br>3. ग्राम कुकु, पोस्ट–सरयु, थाना– छिपादोहर, प्रखण्ड–सरयू<br>4. लिंग–महिला, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायां पैर में घाव का निशान | कंडिका–2(ix) |
| 346. | 1. आवेदन क्र0–566/24 2. आवेदक– रूपनी देवी, पति– बाले मुण्डा<br>3. ग्राम मनातु, पोस्ट–सरयु, थाना– छिपादोहर, प्रखण्ड–बरवाडीह सरयू<br>4. लिंग–महिला, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायां हाथ में फूल गोदना का निशान | कंडिका–2(ix) |
| 347. | 1. आवेदन क्र0–567/24 2. आवेदक– करीम मियाँ, पिता– मोहिउद्दीन मियाँ<br>3. ग्राम कोढास, पोस्ट–लातेहार, थाना– लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायां आंख के निचे मस्सा | कंडिका–2(ix) |
| 348. | 1. आवेदन क्र0–568/24 2. आवेदक– सोमारी टोपनो, पति– अलविस बरला<br>3. ग्राम–कुकू, पोस्ट–सरजू, थाना– लातेहार, प्रखण्ड–सरजू<br>4. लिंग–महिला, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायां पैर में घाव का निशान | कंडिका–2(ix) |
| 349 | 1. आवेदन क्र0–569/24 2. आवेदक–करिश्मा खाखा, पति–सेलबेस्तर खाखा<br>3. ग्राम–हामी, पोस्ट–हामी, थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–महिला, आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायां हाथ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 350 | 1. आवेदन क्र0–571/24 2. आवेदक–अगुस्टीना मिंज, पति–किशोर लकड़ा<br>3. ग्राम–अम्बवाटोली, पोस्ट–महुआडांड, थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–महिला, आयु–67 वर्ष, पहचान चिन्ह–कपाल पर गोदना का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 351 | 1. आवेदन क्र0–572/24 2. आवेदक–जेरोम बेक पिता–सुरेश बेक<br>3. ग्राम–चापीपाठ सोहर पोस्ट–आराहंस थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायां पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 352 | 1. आवेदन क्र0–573/24 2. आवेदक–निर्मला कुजूर, पति–स्व0 राजेश बेक<br>3. ग्राम–खजूरतला, पोस्ट–अक्सी, थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–महिला, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायां हथेली पर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 353 | 1. आवेदन क्र0–574/24 2. आवेदक–कबुत्री देवी, पति–सिफन किसान<br>3. ग्राम–परहाटोली, पोस्ट–राजडंडा, थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–महिला, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 354 | 1. आवेदन क्र0–575/24 2. आवेदक–उर्मिला देवी, पति–स्व0 सीताराम महली<br>3. ग्राम–चटकपुर, पोस्ट–चटकपुर, थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–महिला, आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां गाल पर मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 355 | 1. आवेदन क्र0–576/24 2. आवेदक–अलबर्ट मिंज पिता–स्व0 झरूवा मिंज<br>3. ग्राम–उरूम्बी पोस्ट–चटकपुर थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 356 | 1. आवेदन क्र0–579/24 2. आवेदक–जितनी देवी, पति–श्यामलाल महली<br>3. ग्राम–शिवनगर रेंगाई, पोस्ट–महुआडांड, थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–महिला, आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायां पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 357 | 1. आवेदन क्र0–580/24 2. आवेदक–जसिन्ता कुजूर, पति–अलबर्ट खलखो<br>3. ग्राम–हरतुआ, पोस्ट–अक्सी, थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–महिला, आयु–41 वर्ष, पहचान चिन्ह–कपाल पर गुमड़। | कंडिका–2(ix) |
| 358 | 1. आवेदन क्र0–582/24 2. आवेदक–बोरो देवी, पति–धनु मगेसिया<br>3. ग्राम–चम्पा महुआटोली, पोस्ट–महुआडांड, थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–महिला, आयु–71 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ पर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 359 | 1. आवेदन क्र0–584/24 2. आवेदक–बेनार्ड कुजूर पिता–स्व0 अलक्सीयुस कुजूर<br>3. ग्राम–बरटोली पोस्ट–महुआटांड थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–67 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां हाथ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 360 | 1. आवेदन क्र0–585/24 2. आवेदक–सुमित हिटलर खलखो पिता–स्व0 बेंजामिन खलखो<br>3. ग्राम–खजूरतला पोस्ट–अक्सी थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथे पर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 361 | 1. आवेदन क्र0–586/24 2. आवेदक–कल्याण केरकेट्टा पिता–स्व0 एडवर्ड केरकेट्टा<br>3. ग्राम–खजूरतला पोस्ट–अक्सी थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां जांघ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 362 | 1. आवेदन क्र0–588/24 2. आवेदक–जेरमेना खलखो पिता–जेलारियुस खलखो<br>3. ग्राम–खजूरतला पोस्ट–अक्सी थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायां गाल पर मासा का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 363 | 1. आवेदन क्र0–589/24 2. आवेदक–एब्रेन्सिया लकड़ा पिता–आनंद लकड़ा<br>3. ग्राम–खजूरतला पोस्ट–अक्सी थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायां हथेली पर तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 364 | 1. आवेदन क्र0–592/24 2. आवेदक–दयामुनी खलखो, पति–मार्टिन कुजूर<br>3. ग्राम–खजूरतला, पोस्ट–अक्सी, थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–महिला, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–कपाल पर तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 365 | 1. आवेदन क्र0–593/24 2. आवेदक–प्रभा गिद्ध, पति–सुशील कुजूर<br>3. ग्राम–खजूरतला, पोस्ट–अक्सी, थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–महिला, आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाया हाथ पर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 366 | 1. आवेदन क्र0–594/24 2. आवेदक–ग्रेस कुजूर, पति–पीटर केरकेट्टा<br>3. ग्राम–खजूरतला, पोस्ट–अक्सी, थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–महिला, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायां कुहनी पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 367 | 1. आवेदन क्र0–596/24 2. आवेदक–अनुपा लकड़ा, पति–अजय कुमार बेक<br>3. ग्राम–खजूरतला, पोस्ट–अक्सी, थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–महिला, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–कपाल के बायीं ओर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 368 | 1. आवेदन क्र0–597/24 2. आवेदक–बेनेदिकता कुजूर, पति–स्व0 सुबोध कुजूर<br>3. ग्राम–खजूरतला, पोस्ट–अक्सी, थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–महिला, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक के पास तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 369 | 1. आवेदन क्र0–598/24 2. आवेदक–सिम्फ्रोसा गिद्ध, पति–रोमानुस केरकेट्टा<br>3. ग्राम–खजूरतला, पोस्ट–अक्सी, थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–महिला, आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायां गाल पर मासा। | कंडिका–2(ix) |

नोट :– 1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
3. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

PR 336697 Home(24-25)#D

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य    (नरसिंह मुर्मू) सदस्य    (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

जितिया पर्व




## घरों में ही महिलाओं ने नहाय खाय की परंपरा निभाई

**लोहरदगा।** पुत्र की लंबी आयु के लिए किया जाने वाला लोक पर्व जीउतिया मंगलवार को नहाय-खाय से शुरू हो गया। महिलाओं ने घर में ही नहाय-खाय की परंपरा निभाई। स्नान के बाद जीउतिया व्रती महिलाओं ने कई सब्जियों का बना भोजन ग्रहण किया। व्रती बुधवार को दिन भर उपवास करेंगी। इधर बाजारों में जीउतिया पर्व को लेकर काफी चहल-पहल रही। जीउतिया पर्व को लेकर कई जगहों पर सब्जी के दाम आसमान छू रहे थे। जीउतिया पर्व पर नहाय-खाय के दिन झिंगी, सतपुतिया, कंदा, नोनी साग, बोड़ा सहित विभिन्न प्रकार की हरी सब्जी की लोगों ने खरीदारी की। जीउतिया पर्व को लेकर सब्जी के साथ-साथ फल की भी बिक्री में तेजी रही। बाजार में खरीदारों की संख्या बढ़ने के कारण बाजार गुलजार रहे। महिलाएं फूल, माला के साथ साड़ी व जीउतिया लॉकेट की खरीदारी करने में जुटी रहीं। निर्जला व्रत रहकर महिलाएं पुत्र की सलामती के लिए पूजा करेंगी। शाम को घर की छत पर जीतवाहन भगवान की पूजा करने के बाद भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा।

# नहाय खाय के साथ लोक पर्व जितिया पर्व शुरू, आज निराहार व निर्जला रहेगी माताएं

**राहुल कौशल। लोहरदगा**

अपने पुत्र की दीघार्यु, आरोग्य और सुखमयी जीवन के लिए माताएं जिउतिया व्रत रखती हैं. तीज की तरह यह व्रत भी बिना आहार और निर्जला रखना पड़ता है. जितिया व्रत इस साल बुधवार, 25 सितंबर को रखा जाएगा। अश्विन मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को जीवित्पुत्रिका मनाया जाता है। इसे जिउतिया या जितिया व्रत भी कहा जाता है। तीज और छठ पर्व की तरह जितिया व्रत की शुरूआत भी नहाय-खाय के साथ ही होती है। इस पर्व को तीन दिनों तक मनाये जाने की परंपरा है। सप्तमी तिथि को नहाय-खाय होती है। उसके बाद अष्टमी तिथि को महिलाएं बच्चों की उन्नति और आरोग्य रहने की मंगलकामना के साथ निर्जला व्रत रखती हैं। वहीं, तीसरे दिन अर्थात नवमी तिथि को व्रत को तोड़ा जाता है। जिसे पारण भी कहा जाता है। धार्मिक मान्यताओं की मानें तो महाभारत के युद्ध के दौरान पिता की मौत होने से अश्वत्थामा को बहुत आघात पहुंचा था। वे क्रोधित होकर पांडवों के शिविर में घुस गए थे और वहां सो रहे पांच लोगों को पांडव समझकर मार डाला था। ऐसी मान्यता है कि वे सभी संतान द्रौपदी के थे। इस घटना के बाद अर्जुन ने अश्वत्थामा गिरफ्त में ले लिया और उनसे दिव्य मणि छीन ली थी। अश्वत्थामा ने क्रोध में आकर अभिमन्यु की पत्नी के गर्भ में भी पल रहे बच्चे को मारने की कोशिश की परन्तु अजन्मे बच्चे को श्री कृष्ण ने अपने दिव्य शक्ति से रक्षा की। जिस बच्चे का नामांकरण जीवित्पुत्रिका के तौर पर किया गया। इसी के बाद से संतान की लंबी उम्र हेतु माताएं मंगल कामना करती हैं और हर साल जितिया व्रत को विधि-विधान से पूरा करती हैं।

### बन रहा है ये दुर्लभ योग

जितिया व्रत पर द्विपुष्कर योग का निर्माण हो रहा है। यह योग सुबह 6 बजकर 11 मिनट से शुरू होकर रात को 12 बजकर 38 मिनट तक रहेगा। ज्योतिष में इस योग को बेहद शुभ माना जाता है। इस योग में पूजा करने का दोगुना फल प्राप्त होता है।

### जितिया व्रत शुभ मुहूर्त-

वैदिक पंचांग के मुताबिक आश्विन मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि 24 सितंबर 2024 को दोपहर 12 बजकर 36 मिनट से शुरू होगी और 25 सितंबर 2024 को दोपहर 12 बजकर 11 मिनट पर खत्म होगी। इसलिए जितिया का व्रत 25 सितंबर 2024 को रखा जाएगा।

## 28 सितंबर को मनाई जाएगी जतरा टाना भगत की जयंती

**बिशुनपुर।** जतरा टाना भगत के जयंती के अवसर पर पूरे राज्य के टाना भगतो होंगे शामिल, टाना आंदोलन के प्रणेता जतरा टाना भगत के जयंती समारोह की तैयारी को लेकर बलकु टाना भगत की अध्यक्षता में जतरा टाना भगत के पैतृक चिंगरी गांव स्थित आवास में बैठक का आयोजन किया गया । जहां बैठक को संबोधित करते हुए बलकु टाना भगत ने कहा कि पूर्व में हमें 1888 में जन्मे महान स्वतंत्रता सेनानी जतरा टाना भगत की जन्म तिथि ज्ञात नहीं होने की कारन जयंती समारोह निर्धारित समय पर नहीं माना पाते थे। इससे पूर्व गांधी जयंती के अवसर पर ही इन्हें भी याद कर संतोष करना पड़ता था अब सही तिथि ज्ञात हो गई है तो इस तिथियो को बड़े ही धूमधाम हो हर्षोल्लाह पूर्वक व परंपरागत रूप से जयंती समारोह को हम सब मनाएंगे। इस मौके पर चंदवा से आए राजेश टाना भगत ने कहा कि जयंती समारोह के अवसर पर राज्य के राजपाल, मुख्यमंत्री, सांसद, विधायक, प्रशासनिक पदाधिकारी, समाज के बुद्धिजीवों सहित कई गणमान्यो को न्योता कर जयंती समारोह का ऐतिहासिक बनाएंगे।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आयोजित किये जायेंगे विभिन्न कार्यक्रम : डीडीसी

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

लोहरदगा जिला में स्वच्छता ही सेवा अभियान कार्यक्रम अंतर्गत आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों व इसके सफल संचकन को लेकर मंगलवार को उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में उप विकास आयुक्त ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत जिला विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में 26 सितंबर 2024 को नगर परिषद क्षेत्र में साइकिल रैली का आयोजन किया जाएगा।

यह रैली समाहरणालय मैदान से प्रारंभ होकर मैना बगीचा, जुरिया रोड, बीएस कॉलेज मोड़, बरवाटोली चौक, न्यू रोड होते हुए पावरगंज चौक, साइडिंग, कचहरी मोड़ होते हुए वापस समाहरणालय मैदान में सम्पन्न होगी। इस



साइकिल रैली में ज्यादा से छात्र-छात्राएं और आमजनों को शामिल करें और कार्यक्रम को सफल बनाएं। साथ ही आगामी 30 सितंबर को स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत मिनी मैराथन का भी आयोजन किया जाएगा। बैठक में सभी संबंधित पदाधिकारियों को उपविकास आयुक्त द्वारा विशेष निर्देश दिए गए। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक, जिला खेल पदाधिकारी उपवन बाड़ा, अंचल अधिकारी आशुतोष कुमार, एसबीएम समन्वयक परवेज आलम सहित अन्य उपस्थित थे।

# दुनिया की सबसे लोकप्रिय खेल है, इससे जीवन का लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं : आशा लकड़ा

**लोहरदगा।** एससी फुटबॉल क्लब बरही चटकपुर सेन्हा के तत्वाधान में आयोजित पांच दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट का फाइनल मैच दी सी एन ( ऊ्ळठ ) लोहरदगा बनाम कुजार बरोथेर दत्तरी, महिला मे मंन्हो,बनाम स्टारवेरियस ओरमांझी के बीच मैच खेला गया। इस समापन समारोह के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति मोर्चा सदस्य आशा लकड़ा तथा विशिष्ट अतिथि, पूर्व जिला परिषद सदस्य राम लखन प्रसाद, भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रदेश संयोजक अजातशत्रु,सेन्हा अंचलाधिकारी राकेश तिवारी, जय श्री राम समिति अध्यक्ष सुनील अग्रवाल समेत अन्य अतिथि थे कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं अतिथियों का पारंपरिक ढंग से स्वागत किया गया। फाइनल मैच प्रारंभ होने से पूर्व मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथि एवं अतिथियों द्वारा खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया गया ।परितोषित वितरण समारोह को संबोधित करते हुए रळ आयोग सदस्य आशा लकड़ा ने कहा कि फुटबॉल खेल में जीवन का फलसफा समाहित है। फुटबॉल दुनिया का सबसे लोकप्रिय खेल है। हमारे क्षेत्र में फुटबॉल खेल के प्रति लोगों में जुनून है। खेल के माध्यम से भी हम अपने जीवन के लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।

झारखंड से भी काफी खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्तर पर हुआ है। खेल के माध्यम से आगे बढ़ाने के लिए हमें पूरी प्रतिबद्धता एवं अनुशासन में रहकर खेलना होगा। श्री लकड़ा ने सभी खिलाड़ियों की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आयोजन




समिति का आभार प्रकट किये ।विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला परिषद सदस्य राम लखन प्रसाद ने कहा कि खेल को रोजगार से जोड़ो। वर्तमान समय में पढ़ाई एवं खेल दोनों जरूरी है ।

खेल से शरीर स्वस्थ होता है। उन्होंने खिलाड़ियों एवं युवकों से नशा छोड़ कर फुटबॉल खेलने की अपील किये।भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रदेश संयोजक अजातशत्रु ने कहा की पढ़ाई के साथ खेलकूद बहुत जरूरी है। व गांव क्षेत्रों में इस तरह के टूनामेंट का आयोजन होने से युवाओं को अपने प्रतिभा को दिखाने का अवसर मिलता है। मौके पर सरस्वती कच्छप, जिला कल्याण विभाग पदाधिकारी रांची, निजी सचिव केश्वर साहू, रविंद्र साहू, समाजसेवी महावीर प्रसाद,शुभाशिष राशिक सोरेन - विधिक सलाहकार अधिवक्ता, प्रदीप साहू,सचिन सिंह,बाल्मीकी साहु, सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## अवैध पत्थर उत्खनन की रोकथाम को लेकर सीओ ने चलाया छापेमारी अभियान

**भंडरा ।** भंडरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कुम्हारिया गांव में गुप्त सूचना के आधार अवैध पत्थर उत्खनन की रोकथाम को लेकर सीओ दुर्गा कुमार ने छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान सीओ ने कुम्हारिया हाटी रोड स्थित टंगरा



में डंप लगभग डेढ़ सौ ट्रैक्टर ग्रेड वन बोल्डर को जब्त कर अग्रतर कानूनी कार्रवाई में जुट गई है। सीओ दुर्गा कुमार ने कहा कि क्षेत्र में किसी भी स्थिति में अवैध खनन का कार्य करने नहीं दिया जाएगा। कुम्हारिया में अवैध पत्थर उत्खनन की जानकारी मिली थी, परंतु छापेमारी अभियान देर शाम होने के कारण कोई भी व्यक्ति पत्थर तोड़ते नहीं मिला। हालांकि कुम्हारिया टंगरा में तीन चार व्यक्तियों द्वारा डेढ़ सौ ट्रैक्टर से अधिक ग्रेड वन पत्थर डंप किया हुआ मिला है। जिसकी जांच की जा रही है। इधर कुम्हारिया टंगरा में पत्थर डंप करने की सूचना वरीय अधिकारियों को देते हुए दोषी व्यक्तियों को चिंहित कर प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है।

## भंडरा में आपकी योजना आपकी-सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**भंडरा ।** भंडरा प्रखंड अंतर्गत भीठा पंचायत भवन में 24 सितंबर को आपकी योजना आपकी-सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ प्रतिमा कुमारी सीओ दुर्गा कुमार व मुखिया टेले उरांव ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना, शिक्षा, स्वास्थ्य, कल्याण, पशुपालन विभाग सहित विभाग के अधिकारी स्टॉल के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया।

## बुनियादी विद्यालय कुडू में प्रबंधन समिति का चुनाव संपन्न



**कुडू - लोहरदगा।** राज्य परियोजना निदेशक झारखंड, शिक्षा परियोजना परिषद रांची के आदेश के आलोक में मंगलवार को राजकीय बुनियादी विद्यालय कुडू में प्रबंधन समिति का चुनाव उप मुखिया राहुल उरांव की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इसमें अध्यक्ष प्रतिमा उरांव, उपाध्यक्ष रवि राम, सदस्य ज्योति देवी, संजू देवी, जिरवा देवी, सीमा कुमारी, सावित्री देवी, मोहम्मद आजाद, भवानी उरांव, गुलशन आरा, रामभरोस पासवान, संध्या देवी चुने गए। पर्यवेक्षक के रूप में रामजन्म मिंज मौजूद रहे। मौके पर विद्यालय विद्यालय के प्रधानाध्यापक धर्मदेव प्रसाद, शिक्षिका सीमा कच्छप, उर्मिला कुमारी और शिक्षक बिरसा उरांव एवं बच्चों के माता पिता एवं अभिभावक मौजूद थे।

## एचआईवी-एड्स जागरूकता अभियान को लेकर बैठक हुई




**लोहरदगा।** जिला परिषद कार्यालय स्थित सभाकक्ष में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में मंगलवार को एचआईवी/एड्स जागरूकता अभियान को लेकर बैठक हुई। बैठक में सदर अस्पताल के एचआईवी, आईसीटीसी परामर्शदात्री डॉ अर्चना प्रसाद और सिनी के क्षेत्रीय समन्वयक ओमप्रकाश शर्मा द्वारा सितंबर और अक्टूबर माह में चलने वाले एचआईवी/एड्स जागरूकता अभियान के बारे जानकारी दी गयी। उप विकास आयुक्त द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों को इस अभियान को सफल तरीके से आयोजित करने और जागरूकता कार्यक्रम को जन-जन तक पहुंचाने के निदेश दिए। उप विकास आयुक्त ने कहा कि लोगों में एड्स के प्रति के तरह की भ्रांतियां हैं और जानकारी का अभाव है। जब किसी को एड्स होता है तो वह सामाजिक रूप से बहिष्कृत कर दिया जाता है जो कि सही नहीं है। जागरूकता अभियान का नेतृत्व कक्षा 9वीं से लेकर महाविद्यालय स्तर तक के विद्यार्थियों द्वारा किया जाना चाहिए।

## सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल, रेफर

**भंडरा ।** थाना क्षेत्र के रांची लोहरदगा मुख्य पथ के पझरी पुल के समीप मंगलवार को सड़क दुर्घटना मे दो युवक बुरी तरह घायल हो गई. स्थानीय ग्रामीणों ने 108 वाहन की मदद से दोनों घायलों को भंडरा सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र भर्ती कराया. जहाँ प्राथमिक उपचार कर चिकित्सक द्वारा दोनों घायलों को लोहरदगा सदर अस्पताल रेफर कर दिया. बताया जाता है की सेन्हा थाना क्षेत्र के चितरी अम्बाटोली निवासी अजमुदिन अंसारी के 30 वर्षीय पुत्र वासिम अंसारी व चितरी डारू निवासी स्व सीताराम राम का पुत्र संतोष राम एक ही बाइक से रांची से अपने घर डारू लौट रहे थे. इसी बीच पझरी पुल के समीप सड़क मे मवेशी को बचने के क्रम मे वसीम का बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटना ग्रस्त हो गया. दोनों बाइक सवार युवक बुरी तरह घायल हो गये. जिसके बाद स्थानीय ग्रामीणों ने 108 वाहन की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा पहुंचया।

### जंगली हाथी का आतंक, कुचल कर एक व्यक्ति की ली जान

# वन विभाग की लापरवाही से बढ़ रहा जंगली हाथी का खतरा, ग्रामीणों में आक्रोश

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर (गुमला)**

चैनपुर थाना क्षेत्र के बेंदोरा पंचायत अंतर्गत दत्तरा गांव निवासी मतीयस केरकेट्टा (48) का शव मंगलवार दोपहर 1 बजे दत्तरा जंगल से मिला। ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार की रात गांव में जंगली हाथी के घुसने की सूचना मिलने पर घंट बजाकर ग्रामीणों को एकत्रित कर जंगली हाथी को गांव से दूर खड़े करने के लिए सभी ग्रामीण निकले थे। वही अपने घरों में फसलों की रक्षा के लिए ग्रामीणों ने रात भर रात जगा भी की। वहीं दूसरे दिन सोमवार को मतीयस केरकेट्टा का कोई पता नहीं चला तो लोगों ने काफी खोजबीन की। दिन भर के खोजबीन के बाद भी मतीयस का कहीं पता नहीं चला जिसके बाद मंगलवार दोपहर लगभग 1:00 बजे जंगल से मतीयस का जंगली हाथी के द्वारा कुचला हुआ शव मिला। जिसके बाद इसकी सूचना पंचायत के मुखिया सुशील दीपक मिंज को दी गई जिसके बाद मुखिया ने चैनपुर थाना वह फॉरेस्ट विभाग को घटना की जानकारी दी। घटना की जानकारी मिलते ही चैनपुर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं ग्रामीणों ने वन विभाग के लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि जंगली हाथी लगातार क्षेत्र में विचरण कर लोगों के घरों व फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं।


## समाहरणालय, गढ़वा
(समाज कल्याण शाखा)
### सेविका/सहायिका चयन हेतु प्रेस विज्ञप्ति

गढ़वा जिला अन्तर्गत अवस्थित ऑगनबाड़ी केन्द्रोंमेंसेविका/सहायिका के रिक्त पदोंपरचयन हेतुआमसभा की तिथि ऑगनबाड़ीकेन्द्रवार निर्धारित की गई है। इस सूचना के माध्यम से सभी योग्य अभ्यर्थियों को सूचितकिया जाताहै कि निम्नविवरण के अनुसार निर्धारित तिथियों को ससमय आमसभा में उपस्थितहोकर चयन कार्यक्रम में भाग लें :—

| क्र0 सं0 | परियोजना का नाम | प्रखण्ड का नाम | ऑगनबाड़ी केन्द्र का नाम | पोषक क्षेत्र मेंबाहुल्य | रिक्त पद | आमसभा की तिथि/समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | मेराल | मेराल | गेरूआसोती | BC2 | सहायिका | मंगलवार 15.10.2024 कोपूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजेतक |
| 2 | मेराल | मेराल | तिसरटेटुकाभुईयाटोला | SC | सहायिका | मंगलवार 15.10.2024 कोअपराह्न 01:00 से 04:00 बजेतक |
| 3 | मेराल | मेराल | उरॉवटोलालातदाग | ST | सहायिका | बुधवार 16.10.2024 कोपूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजेतक |
| 4 | काण्डी | काण्डी | बनकट | SC | सहायिका | मंगलवार 15.10.2024 कोपूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजेतक |
| 5 | काण्डी | काण्डी | लमारीकलाहरिजनटोला | SC | सहायिका | मंगलवार 15.10.2024 कोअपराह्न 01:00 से 04:00 बजेतक |
| 6 | धुरकी | धुरकी | गनियारीकला | ST | सेविका | मंगलवार 15.10.2024 कोपूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजेतक |
| 7 | धुरकी | धुरकी | खालाकच्छरवा | SC | सहायिका | मंगलवार 15.10.2024 कोअपराह्न 01:00 से 04:00 बजेतक |
| 8 | धुरकी | सगमा | कटहरकला | ST | सहायिका | बुधवार 16.10.2024 कोपूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजेतक |
| 9 | भवनाथपुर | खरौंधी | प्रा0 वि0 सिन्दुरिया | SC | सहायिका | मंगलवार 15.10.2024 कोपूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजेतक |
| 10 | भवनाथपुर | खरौंधी | भुईयाटोलामझिगॉवा | SC | सहायिका | मंगलवार 15.10.2024 कोअपराह्न 01:00 से 04:00 बजेतक |
| 11 | भवनाथपुर | खरौंधी | डुबवाटोलाबनसानी | SC | सहायिका | बुधवार 16.10.2024 कोपूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजेतक |
| 12 | भवनाथपुर | भवनाथपुर | बेलपहाड़ी | ST | सेविका | बुधवार 16.10.2024 कोअपराह्न 01:00 से 04:00 बजेतक |
| 13 | भण्डरिया | बड़गड़ | काला खजूरी | ST | सेविका | मंगलवार 15.10.2024 कोपूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजेतक |
| 14 | भण्डरिया | बड़गड़ | बड़गड़ | BC1 | सेविका | मंगलवार 15.10.2024 कोअपराह्न 01:00 से 04:00 बजेतक |
| 15 | भण्डरिया | भण्डरिया | करचाली | BC1 | सेविका | बुधवार 16.10.2024 कोपूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजेतक |
| 16 | रंका | रंका | रानीचेरी | ST | सहायिका | मंगलवार 15.10.2024 कोपूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजेतक |
| 17 | मझिऑव | मझिऑव | आछोडीह | SC | सहायिका | मंगलवार 15.10.2024 कोपूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजेतक |
| 18 | नगरउँटारी | नगरउँटारी | सुलसुलिया | GEN | सहायिका | मंगलवार 15.10.2024 कोपूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजेतक |
| 19 | नगरउँटारी | नगरउँटारी | उरॉवटोलाजंगीपुर | ST | सहायिका | मंगलवार 15.10.2024 कोअपराह्न 01:00 से 04:00 बजेतक |
| 20 | गढ़वा | गढ़वा | परिहारा–3 | ST | सहायिका | मंगलवार 15.10.2024 कोपूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजेतक |

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, गढ़वा।

PR 336993 Social Welfare,Women and Child Development(24-25)D



## झारखण्ड सरकार
### गृह,कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग,झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

67वीं औपबंधिक सूची
जिला–लातेहार (पार्ट–8)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण :– आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो द्वारा लातेहार जिला में जांच शिविर में चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी विरेन्द्र सिंह, अलीहसन अंसारी एवं पुष्कर महतो द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान तथा पहचान के आधार पर। | |
| 426. | 1. आवेदन क्र0–115/24 2. आवेदक–मोबीन अंसारी, पिता– जहिरूद्दीन अंसारी<br>3. ग्राम– धुरकी , पोस्ट– धुरकी, थाना–धुरकी, प्रखण्ड– धुरकी गढ़वा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं | कंडिका–2(ix) |
| 427. | 1. आवेदन क्र0–116/24 2. आवेदक–असलम अंसारी, पिता– छोटू अंसारी<br>3. ग्राम– प्रतापपुर , पोस्ट– बेलचम्पा, थाना–गढ़वा, प्रखण्ड– गढ़वा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं | कंडिका–2(ix) |
| 428. | 1. आवेदन क्र0–749/24 2. आवेदक–तसलीम खॉं, पिता– नजरूदीन खॉं<br>3. ग्राम–छेंचा , पोस्ट–छेंचा, थाना–बरवाडीह , प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं | कंडिका–2(ix) |
| 429. | 1. आवेदन क्र0–117/24 2. आवेदक–जमीरूद्दीन अंसारी, पिता– हाजी सलमान अंसारी<br>3. ग्राम–फरठिया , पोस्ट–हुर, थाना–गढ़वा , प्रखण्ड–गढ़वा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–73 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं | कंडिका–2(ix) |
| 430. | 1. आवेदन क्र0–750/24 2. आवेदक–कृष्णा प्रसाद साव, पिता– फौदारी साव<br>3. ग्राम–हरातू , पोस्ट–मुन्डू , थाना–छिपादोहर , प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं | कंडिका–2(ix) |
| 431. | 1. आवेदन क्र0–505/24 2. आवेदक–वकील अंसारी, पिता– ईमामन मियॉं<br>3. ग्राम–नामुदाग , पोस्ट–मनिका, थाना–मनिका, प्रखण्ड–मनिका<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं | कंडिका–2(ix) |
| 432. | 1. आवेदन क्र0–751/24 2. आवेदक–सरफराज अंसारी , पिता– सकुर मियॉं<br>3. ग्राम–सरईडीह , पोस्ट–सरईडीह, थाना–बरवाडीह , प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं | कंडिका–2(ix) |
| 433. | 1. आवेदन क्र0–118/24 2. आवेदक–मकबुल आलम, पिता– एनायत खान<br>3. ग्राम–तिल्दाग , पोस्ट–तिल्दाग, थाना–गढ़वा, प्रखण्ड–गढ़वा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं | कंडिका–2(ix) |
| 434. | 1. आवेदन क्र0–752/24 2. आवेदक–अलाउदीन खॉंन , पिता– स्व. सत्तार खॉं<br>3. ग्राम–छेंचा , पोस्ट–छेंचा, थाना–बरवाडीह , प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–67 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं | कंडिका–2(ix) |
| 435. | 1. आवेदन क्र0–506/24 2. आवेदक–बसुरून बीबी, पति– मोहम्मद अंसारी<br>3. ग्राम–साहद , पोस्ट–गुरूवा, थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–महिला , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं | कंडिका–2(ix) |
| 436. | 1. आवेदन क्र0–753/24 2. आवेदक–सुरेष भूईयां , पिता– चतुरगुण भुईयां<br>3. ग्राम–चपरी , पोस्ट–चपरी, थाना–बरवाडीह , प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं | कंडिका–2(ix) |
| 437. | 1. आवेदन क्र0–754/24 2. आवेदक–मोहन सिंह, पिता– विनेष्वर सिंह<br>3. ग्राम–छेंचा , पोस्ट–छेंचा, थाना–बरवाडीह , प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं | कंडिका–2(ix) |
| 438. | 1. आवेदन क्र0–755/24 2. आवेदक– उर्मीला देवी, पिता– स्व. मथुरा साव<br>3. ग्राम–हरातू , पोस्ट–मुण्डू, थाना–छिपादोहर , प्रखण्ड–छिपादोहर<br>4. लिंग–महिला , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं | कंडिका–2(ix) |
| 439. | 1. आवेदन क्र0–756/24 2. आवेदक–मुस्लीम खॉं, पिता– नजरूद्दीन खॉं<br>3. ग्राम–छेंचा , पोस्ट–छेंचा, थाना–बरवाडीह , प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–71 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं | कंडिका–2(ix) |
| 440. | 1. आवेदन क्र0–757/24 2. आवेदक–राजनाथ साव, पिता– मिटु साव<br>3. ग्राम–हरातू , पोस्ट–मुन्डू, थाना–छिपादोहर , प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं | कंडिका–2(ix) |
| 441. | 1. आवेदन क्र0–758/24 2. आवेदक–सुखलाल सिंह, पिता– स्व. फकीरा सिंह<br>3. ग्राम–होरीलॉज , पोस्ट–छेंचा, थाना–बरवाडीह , प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं | कंडिका–2(ix) |
| 442. | 1. आवेदन क्र0–759/24 2. आवेदक–श्रवण कुमार , पिता– कारू साव<br>3. ग्राम–महुआडॉंड़ , पोस्ट–महुआडॉंड़, थाना–महुआडॉंड़ , प्रखण्ड–महुआडॉंड़<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं | कंडिका–2(ix) |
| 443. | 1. आवेदन क्र0–760/24 2. आवेदक–अली हुसैन अंसारी , पिता–सफरली मियां<br>3. ग्राम–बांसडीह , पोस्ट–बांसडीह, थाना–रामगढ़ , प्रखण्ड–रामगढ़<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं | कंडिका–2(ix) |
| 444. | 1. आवेदन क्र0–761/24 2. आवेदक–जब्बार अंसारी , पिता–सफरली मियां<br>3. ग्राम–बांसडीह , पोस्ट–बांसडीह, थाना–रामगढ़ , प्रखण्ड–रामगढ़<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं | कंडिका–2(ix) |
| 445. | 1. आवेदन क्र0–762/24 2. आवेदक– करीम मियां , पिता–मोहीउद्दीन मियां<br>3. ग्राम–कोढ़ास , पोस्ट–पतरातु, थाना–लातेहार , प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं | कंडिका–2(ix) |
| 446. | 1. आवेदन क्र0–507/24 2. आवेदक–राधा देवी , पति–सुरेश मोची<br>3. ग्राम–बरवईया , पोस्ट–बरवईया, थाना–मनिका , प्रखण्ड–मनिका<br>4. लिंग–महिला , आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं | कंडिका–2(ix) |
| 447. | 1. आवेदन क्र0–763/24 2. आवेदक–महेशी सिंह , पिता–स्व0 बैजनाथ सिंह<br>3. ग्राम–सैदुप , पोस्ट–मोरवाईकलां थाना–बरवाडीह , प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं | कंडिका–2(ix) |
| 448. | 1. आवेदन क्र0–764/24 2. आवेदक–कबुतरी देवी , पति–महेशी सिंह<br>3. ग्राम–सैदुप , पोस्ट–मोरवाईकलां थाना–बरवाडीह , प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–महिला , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं | कंडिका–2(ix) |
| 449. | 1. आवेदन क्र0–765/24 2. आवेदक–वाहीदुद्दीन अंसारी , पिता–मोजीबुल्लाह अंसारी<br>3. ग्राम–पोखरीकलां , पोस्ट–सरईडीह, थाना–बरवाडीह , प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं | कंडिका–2(ix) |
| 450. | 1. आवेदन क्र0–766/24 2. आवेदक–गुलबास मियां , पिता–इशहाक मियां<br>3. ग्राम–पोखरीकलां , पोस्ट–सरईडीह, थाना–बरवाडीह , प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं | कंडिका–2(ix) |

नोट :– 1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
3. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य — (नरसिंह मुर्मू) सदस्य — (दुर्गा उरॉव) अध्यक्ष

PR 336704 Home(24-25).D

संपादकीय

# चुनावों को भी प्रभावित करेगा डीपफेक?

जिस तरह के मामले भारत के अलावा विश्व में देखने को आ रहे हैं उससे इस बात का डर हो उत्पन्न हो गया डीपफेक चुनावी वर्ष 2024 में बड़ी समस्या बनने वाला है। डीपफेक तैयार करने के लिए जिस तकनीक की जरूरत पड़ती है, वह आज न सिर्फ पहले की तुलना में आसानी से उपलब्ध है, बल्कि कम लागत या कीमत में भी उपलब्ध है। इसके लिए जेनरेटिव एआई या कृत्रिम मेधा का इस्तेमाल किया जाता है। जेनरेटिव एआई की सहायता से किसी भी शैली और किसी भी भाषा में ई-मेल लिखे जा सकते हैं। ऐसे में, इसकी कोई गारंटी नहीं कि सीएफओ की तरफ से आए ई-मेल वाकई उन्होंने ही लिखे हैं। ऐसे में, आश्चर्य नहीं कि सिलिकॉन वैली के अनेक लोग बगैर विराम चिह्नों के पोस्ट लिख रहे हैं- अभी तक यही एक तरीका दिख रहा है, जिससे पता चल सकता है कि इसमें एआई की मदद नहीं ली गई है।लिखित सामग्री को जांचने का खतरा तो है ही, लेकिन 2024 में असली खतरा आवाज और वीडियो से होगा। इलेवनलैब्स जैसी वॉयस क्लोनिंग सर्विसेज इतनी पेशेवर हैं कि वे हू-ब-हू आवाजों की क्लोनिंग कर लेती हैं। आवाज को जांचने की तकनीक जल्दी ही बेकाम की हो जाएगी। वॉयस मेल विश्वसनीय नहीं है। अगर किसी आवाज की क्लोनिंग करा ली गई है, तो जो भी पाठ मैं चुना जाएगा, वह उसी ही आवाज में बोलेगा। इसका एक बड़ा खतरा है-गलत हाथों में चले जाने पर वह आवाज किसी बड़े नेता के स्वर में न जाने क्या-क्या बोल डाले।इस लिहाज से ऑडियो पर तो ध्यान रखना ही होगा, लेकिन डीपफेक वीडियो ज्यादा महत्वपूर्ण साबित होने जा रहे हैं। वीडियो में दिख रहे व्यक्ति को उसकी ही आवाज में सुने जाने पर भ्रम पैदा होगा। जो उसने नहीं कहा, वीडियो में उसे भी कहते देखा जाएगा। जो उसने नहीं किया, वीडियो में वह करते भी उसे देखा जाएगा। ऐसे में, जाहिर है, गलतफहमी, असमंजस और भ्रम की स्थिति से नफरत पैदा होगी।भावनाओं पर आधारित भारतीय राजनीति के दांव पेंच में इसका बहुत ही बड़ा जोखिम है। इससे कॉरपोरेट जासूसी और भयादोहन को बल मिलेगा। वर्ष 2024 में दुनिया की आधी से अधिक आबादी चुनावों में हिस्सा लेगी। अमेरिका के अलावा भारत, इंडोनेशिया, मेक्सिको, रूस और ब्रिटेन सहित कई देशों में चुनाव होने वाले हैं। हर चुनाव में डीपफेक वीडियो बड़ी भूमिका निभाएंगे। मतदाताओं में व्याप्त भ्रम का असर चुनावी नतीजों पर भी पड़ सकता है। यूक्रेन और गाजा के मोर्चों पर डीपफेक वीडियोज पहले ही पहुंच चुके हैं, जिससे फैसले उन घटनाओं के आधार पर लिए जा रहे हैं, जो कभी घटी ही नहीं। चुनावी धोखाधड़ी, कॉरपोरेट ब्लैकमेलिंग, बाजारों को अपने हितों के अनुरूप चालित करने और डीपफेक के कारण साइबर सुरक्षा से जुड़े खतरे के मामले वर्ष 2024 में बढ़ेंगे। ऐसे में, यह चर्चा, चिंता और लड़ाई सतत बनी रहेगी कि कोई लिखित सामग्री, कोई तस्वीर, कोई ऑडियो क्लिप या कोई वीडियो असली है या फर्जी। इससे एक बड़ा खतरा यह भी है सच को भी लोग कहीं

> जेनरेटिव एआई की सहायता से किसी भी शैली और किसी भी भाषा में ई-मेल लिखे जा सकते हैं। ऐसे में, इसकी कोई गारंटी नहीं कि सीएफओ की तरफ से आए ई-मेल वाकई उन्होंने ही लिखे हैं।

# भारतीय राजनीति के पुरोधा पं. दीनदयाल उपाध्याय


अशोक प्रवृद्ध

हमारी राष्ट्रीयता का आधार भारतमाता हैए केवल भारत ही नहीं। माता शब्द हटा दीजिए, तो भारत केवल जमीन का टुकड़ा मात्र बनकर रह जाएगा। यह उक्ति घर-गृहस्थी की तुलना में देशसेवा को अधिक श्रेष्ठ मानकर देशसेवा के लिए सदैव तत्पर रहने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय, 25 सितम्बर 1916. 11 फरवरी 1968 की है। उनके अनुसार राजनैतिक जीवन दर्शन का पहला सूत्र है। भारत में रहने वाला और इसके प्रति ममत्व की भावना रखने वाला मानव समूह एक जन हैं। उनकी जीवन प्रणाली, कला, साहित्य, दर्शन सब भारतीय संस्कृति है। इसलिए भारतीय राष्ट्रवाद का आधार यह संस्कृति है। इस संस्कृति में निष्ठा रहे, तभी भारत एकात्म रहेगा। वसुधैव कुटुम्बकम् भारतीय सभ्यता से प्रचलित है। इसी के अनुसार भारत में सभी धर्मों को समान अधिकार प्राप्त हैं। संस्कृति से किसी व्यक्ति, वर्ग, राष्ट्र आदि की वे बातें, जो उसके मन, रुचि, आचारए विचारए कला-कौशल और सभ्यता की सूचक होती हैं, पर विचार होता है। दूसरे शब्दों में कहें तो यह जीवन जीने की शैली है। भारतीय राजनीति के पुरोधा पंडित दीनदयाल मजहब और संप्रदाय के आधार पर भारतीय संस्कृति का विभाजन करने वालों को देश के विभाजन का ज़िम्मेदार मानते थे। उनकी मान्यता थी कि हिन्दू कोई धर्म या संप्रदाय नहीं, बल्कि भारत की राष्ट्रीय संस्कृति हैं।

भारत की सनातन विचारधारा को युगानुकूल रूप में प्रस्तुत करते हुए देश को एकात्म मानववाद नामक इस प्रकार की नवीन विचारधारा देने वाले ऐसे हिन्दू राष्ट्रवादी राजनेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्म 25 सितम्बर 1916 को उत्तरप्रदेश के मथुरा ज़िले के छोटे से गांव नगला चंद्रभान निवासी राजस्थान के जयपुर अजमेर रेलवे लाइन के पास धनकिया नामक स्थान में रेलवे में नौकरी कर रहे पिता भगवती प्रसाद उपाध्याय तथा माता रामप्यारी के घर में हुआ था। दो वर्ष बाद उनका एक छोटा भाई शिवदयाल हुआ। देख .रेख के लिए पर्याप्त अवसर नहीं मिलने के कारण रेलवे की नौकरी में व्यस्त पिता ने दोनों भाइयों को पालन-पोषण के लिए उनके ननिहाल आगरा जिले में फतेहपुर सीकरी के समीप अवस्थित गुड़ की मंढ़ई भेज दिया। लेकिन दीनदयाल के तीन वर्ष की उम्र होते तक पिता भगवती प्रसाद का देहांत हो गया। बाद में 8 अगस्त 1924 को उनकी माता रामप्यारीए 1926 में नाना चुन्नीलाल, 1931 में पालन-पोषण करने वाली मामी, 18 नवम्बर 1934 को अनुज शिवदयाल तथा 1935 में स्नेहमयी नानी की मृत्यु हो जाने के बाद विपरीत परिस्थिति में जीवन जीते हुए उन्होंने मैट्रिक और फिर इंटरमीडिएट (1937) दोनों ही परीक्षाओं में प्रथम श्रेणी प्राप्त की। कानपुर विश्वविद्यालय से 1939 में बीए उत्तीर्ण की। वे प्रशासनिक परीक्षा में भी ऊत्तीर्ण हुए, किन्तु ब्रिटिश सरकार की नौकरी नहीं की। 1941 में प्रयाग से बीटी की परीक्षा उत्तीर्ण की। बीए और बीटी करने के बाद भी उन्होंने नौकरी नहीं की। 1937 में ही वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ गए थे, लेकिन 1942 से पूरी तरह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लिए कार्य करना शुरू किया, जहां वे एक मजबूत और सशक्त भारत की इच्छा रखने वाले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गंभीर चिंतक और संगठनकर्ता सिद्ध हुए। वे आजीवन संघ के जीवनव्रती प्रचारक रहे। 21 सितम्बर 1951 को उत्तरप्रदेश में भारतीय जनसंघ की स्थापना होने के बाद से ही वे आजीवन उससे जुड़े रहे। वे आज भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राजनीतिक संगठन भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष तथा उसके उत्तरवर्ती संस्करण भाजपा के वैचारिक मार्गदर्शक और नैतिक प्रेरणा स्रोत के रूप में स्मरणीय हैं। दीनदयाल उपाध्याय जनसंघ के राष्ट्रजीवन दर्शन के निर्माता माने जाते हैं। उनका उद्देश्य स्वतंत्रता की पुनर्रचना के प्रयासों के लिए विशुद्ध भारतीय तत्व दृष्टि प्रदान करना था। उन्हें जनसंघ की आर्थिक नीति का रचनाकार भी माना जाता है। उनका विचार था कि आर्थिक विकास का मुख्य उद्देश्य सामान्य मानव का सुख है। पंडित दीनदयाल एक गंभीर दार्शनिक एवं गहन चिंतक होने के साथ ही एक ऐसे समर्पित संगठनकर्ता और नेता थे, जिन्होंने सार्वजनिक जीवन में व्यक्तिगत शुचिता एवं गरिमा के उच्चतम आयाम स्थापित किए। एक प्रखर विचारक, उत्कृष्ट संगठनकर्ता दीनदयाल उपाध्याय ने जीवनपर्यन्त अपनी व्यक्तिगत ईमानदारी व सत्यनिष्ठा को महत्त्व दिया। उनका राजनीतिक दर्शन मानव मात्र की आवश्यकताओं के अनुरूप और प्राकृतिक आवास के अनुकूल राजनीतिक कार्यप्रणाली एवं शासकीय कौशल का मार्ग प्रशस्त करने वाला एक चहुंमुखी वैकल्पिक जीवन दर्शन है। अनेकता में एकता और विभिन्न रूपों में एकता की अभिव्यक्ति भारतीय संस्कृति की सोच रही है।


## 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर विशेष



राजनीति के अतिरिक्त साहित्य में भी गहरी अभिरुचि रखने वाले दीनदयाल उपाध्याय पत्रकार होने के साथ-साथ चिन्तक और लेखक भी थे। उनके द्वारा हिन्दी और अंग्रेजी भाषाओं में लिखे गये अनेक लेख विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए। अपने जीवन के एक-एक क्षण को पूरी रचनात्मकता और विश्लेषणात्मक गहराई से जीने वाले दीनदयाल उपाध्याय के द्वारा पत्रकारिता जीवन के दौरान लिखे गए शब्द आज भी उपयोगी हैं। प्रारंभ में वे समसामयिक विषयों पर पॉलिटिकल डायरी नामक स्तम्भ लिखा करते थे। पंडित दीनदयाल ने राजनीतिक लेखन को भी दीर्घकालिक विषयों से जोड़कर रचना कार्य को सदा के लिए उपयोगी बनाया है। उन्होंने लखनऊ में राष्ट्र धर्म प्रकाशन नामक संस्थान की स्थापना कर वहाँ से राष्ट्र धर्म नामक मासिक पत्रिका का प्रकाशन आरम्भ किया। राष्ट्रधर्मए पाञ्चजन्य और स्वदेश जैसी पत्र-पत्रिकाएँ प्रारम्भ की। वे हिन्दुत्व की धारा में भारतीय राजनीति को ले जाने की इच्छा रखते थे। उनकी लिखी प्रमुख पुस्तकों से भी इसके संकेत मिलते हैं। उनकी कुछ प्रमुख कृतियों में दो योजनाएँ, राजनीतिक डायरीए दीनदयाल उपाध्याय द्वारा दिए गए भाषणों का संग्रह। राष्ट्र चिन्तन, भारतीय अर्थ नीति - विकास की एक दिशाए भारतीय अर्थनीति का अवमूल्यन, सम्राट चन्द्रगुप्त, जगद्गुरु शंकराचार्य, अखंड भारत, हमारा कश्मीर, बेकारी की समस्या और उसका हल, एकात्म मानववाद (अंग्रेजी संस्करण-इंटीगरल ह्यूमेनिज्म) लोकमान्य तिलक की राजनीति, जनसंघ का सिद्धांत और नीतिए जीवन का ध्येय राष्ट्र जीवन की समस्यायें, राष्ट्रीय अनुभूति, राष्ट्र जीवन की दिशा, भारतीय राष्ट्रधारा का पुनः प्रवाह, भारतीय संविधान, इनको भी आजादी चाहिए, अमेरिकी अनाज, टैक्स या लूट, विश्वासघात, द टू प्लान्स, डिवैलुएशन ए ग्रेटकाल, एक प्रेम कथा आदि शामिल हैं। पंडित दीनदयाल के लेखन का केवल एक ही लक्ष्य था। भारत की विश्व पटल पर लगातार पुनर्प्रतिष्ठा और विश्व विजय। पंडित दीनदयाल कृत अत्यंत चर्चित कृति एकात्म मानववाद एक अद्वितीय, विशिष्ट, एवं मौलिक रचना हैए जिसमें उन्होंने समकालीन भारत की दुर्दशा, सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक परिस्थितियों का विश्लेषण किया है। मानव पूंजीवाद, मार्क्सवाद और गांधीवाद जैसे विचारों से अंतर्निहित विडंबनाओं के कारण एक राष्ट्रीय समस्या का निदान करने में असफल रहा था। ऐसी स्थिति में उन्होंने व्यक्ति, परिवार, समाज एवं राष्ट्र का मार्गदर्शन करने में सक्षम एक ऐसी मौलिक और सशक्त विकल्प विश्व के समक्ष प्रस्तुत किया हैए जिस एकात्म मानववाद में वर्तमान भारत भी आशा की नई किरण खोज रहा है। एकात्म मानववाद दर्शनए मानव के सामाजिक, आर्थिक तथा मानसिक विकासए राष्ट्रीयता एवं राष्ट्रीय चुनौतियों तथा समकालीन समस्याओं पर होने वाले किसी भी विचार-विमर्श का अनिवार्य अंग बनता जा रहा है। यह वर्तमान भोगवादी संस्कृति में उपजी तमाम आधुनिक विसंगतियों को जानने, समझने तथा उसके निराकरण की कुंजी भी उपलब्ध करवाता है। पंडित दीनदयाल के अनुसार एकात्म मानववाद का शाब्दिक अर्थ मानव के शरीर, मस्तिष्क, बुद्धि और आत्मा को चार पुरुषार्थ-धर्म, अर्थ काम और मोक्ष से एकमत होते हुए तदनुरूप होना है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

अलग बात

# भारत-बांग्लादेश क्रिकेट मैच की प्रासंगिकता


डॉ. रामकिशोर उपाध्याय

हिं बांग्लादेश इस समय गैर मुस्लिम समुदायों अर्थात अल्पसंख्यकों के लिए जहन्नुम बन गया है। चूँकि वहां अल्पसंख्यकों में हिन्दुओं की संख्या अधिक है इसलिए हिंसा और दंगों का असर हिन्दुओं पर ही सर्वाधिक पड़ता है। एक समय था जब बांग्लादेश में हिंदुओं की संख्या लगभग बाइस प्रतिशत हुआ करती थी। किन्तु आज यह संख्या घटकर लगभग आठ प्रतिशत या इससे भी कम रह गई है क्यों? जानकारों का कहना है कि यदि जिहाद ऐसे ही होती रही तो 2050 तक बांग्लादेश हिंदू विहीन हो जाएगो यहाँ हिन्दू विहीन का अर्थ केवल हिन्दुओं से नहीं अपितु सिख, बौद्ध, ईसाई सभी से है। यदि संयुक्त राष्ट्र द्वारा शीघ्र कठोर कदम नहीं उठाए गए तो ये सब-के-सब धीरे-धीरे मिटा दिए जाएँगे। कुछ की हत्या कर दी जाएगी, कुछ का धर्मान्तरण हो जाएगा और कुछ भगा दिए जाएंगे या स्वयं भाग जाएँगे। प्रश्न भी है कि देखते ही देखते चौदह प्रतिशत हिन्दू घट गए और संसार में कोई हलचल, कोई प्रतिक्रिया या विरोध नहीं हुओ भारत में एक मुसलमान की हत्या होती है तो यह जाने बिना कि इसमें मृतक दोषी था या निर्दोष, हत्या आपसी रंजिश में हुई या अन्य कारण से, जिहादियों ने भारत के सभी हिन्दुओं को असहिष्णु घोषित कर दियो कई मुस्लिम देशों ने विरोध प्रदर्शन कियो मैं यहाँ किसी हत्या का समर्थन नहीं कर रहा, मेरे कहने का आशय यह है कि एक व्यक्ति की हत्या पर पूरी दुनिया में विरोध प्रदर्शन होते हैं और यहाँ 14 प्रतिशत आबादी को मारकाट कर समाप्त कर दिया और संसार में कोई हलचल, आन्दोलन या असहिष्णुता नहीं क्यों? कहने का आशय यह है कि आज जिस प्रकार बांग्लादेश में हिन्दुओं को मारा जा रहा है, उस समय हम भारत के लोग क्या कर रहे हैं? हम बांग्लादेश के साथ क्रिकेट खेल रहे हैं। यह नीरसता, निष्ठुरता और पलायनवाद ही जिहादियों को जिहाद करने और कट्टरपंथियों को हिन्दुओं पर अत्याचार करने का हौसल देता है। भारत में क्रिकेट की लोकप्रियता सबको पता है। भारत-बांग्लादेश के मध्य टी-ट्वेंटी सीरीज का पहला मैच ग्वालियर के नवनिर्मित स्टेडियम में 6 अक्टूबर को होने जा रहा है। ग्वालियर में अनेक संगठन इस मैच का विरोध कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर भी बड़ी संख्या में इसका विरोध किया जा रहा है। यदि यह मैच रद्द होता है तो पूरी दुनिया में यह सन्देश जाएग कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार का भारत की जनता विरोध कर रही है। मैच का विरोध करने वालों का तर्क है कि इससे बांग्लादेश हिन्दू, बौद्ध, ईसाई ओइक्यो परिषद की उस माँग को बल मिलेगा जिसमें परिषद् संयुक्त राष्ट्र से वर्तमान हिंसा की निष्पक्ष जाँच की मांग कर रही है। यह तो सब जानते ही हैं कि बांग्लादेश के आतंकी इस हिंसा की चर्चा को दबा देना चाहते हैं।**(ये इनके निजी विचार हैं)**

देश की बात

# अंत्योदय से समृद्ध होगा भारत


डॉ. सौरभ मालवीय

देश की समृद्धि के लिए अंत्योदय अत्यंत आवश्यक है। अंत्योदय का अर्थ है- समाज के अंतिम व्यक्ति का उदय। दूसरे शब्दों में- समाज के सबसे निचले स्तर के लोगों का विकास करना ही अंत्योदय है। अंत्योदय के बिना देश उन्नति नहीं कर सकता, क्योंकि जब तक देश के अति निर्धन वर्ग का उत्थान नहीं होता, तब तक वह मुख्यधारा में सम्मिलित नहीं हो सकता। ऐसी स्थिति में देश भी समृद्ध नहीं हो पाएगा। इसलिए अंत्योदय आवश्यक है। जनसंघ के संस्थापक दीनदयाल उपाध्याय ने अंत्योदय का नारा दिया था। अंत्योदय उनका सपना था। वे कहते थे कि आर्थिक योजनाओं तथा आर्थिक प्रगति का माप समाज के ऊपर की सीढ़ी पर पहुंचे हुए व्यक्ति नहीं, बल्कि सबसे नीचे के स्तर पर विद्यमान व्यक्ति से होगा। अंत्योदय के माध्यम से केवल भारत ही नहीं, अपितु समग्र विश्व का विकास हो सकता है। इसके सुनियोजित योजना एवं उत्तरदायित्व आवश्यक है। विश्व के बहुत से विकसित राष्ट्र हालांकि किसी भी योजना के बिना ही वर्तमान आर्थिक विकास की दर प्राप्त करने में सफल रहे हैं, जिससे कुछ लोगों को यह अनुभव हो रहा है कि योजनाएं न केवल अनावश्यक हैं, अपितु निहायत अवांछनीय भी हैं। इसके बावजूद आम सहमति इस बात पर भी है कि यदि अविकसित राष्ट्र थोड़े समय में वही हासिल करना चाहते हैं, जो विकसित देशों ने लगभग एक शताब्दी में प्राप्त किया है तो विकास को अपनी प्राकृतिक गति पर नहीं छोड़ा जा सकता। विकास की प्रक्रिया शुरू करने के लिए भी एक प्रयास करना पड़ेगा और यह प्रयास नियोजित ढंग से होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने 25 सितंबर, 2014 को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 98वीं जयंती के अवसर पर अंत्योदय दिवस की घोषणा की थी, तभी से यह दिवस मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का प्रकाश पहुंचाना है, ताकि वे भी प्रगति करके समाज की मुख्यधारा में सम्मिलित हो सकें। आर्थिक उन्नति के साथ-साथ यह दिवस समाज में व्याप्त असमानताओं के उन्मूलन के लिए कार्य करने की प्रोत्साहित करता है। इसके अतिरिक्त यह दिवस विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों का प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देता है, जिससे निर्धनों एवं वंचित वर्गों के लोगों को उनके कल्याण के लिए संचालित की जा रही योजनाओं की जानकारी प्राप्त हो सके तथा वे इसका लाभ उठा सकें। सरकार इन वर्गों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही है। दीनदयाल अंत्योदय योजना के कई घटक हैं, जिन्हें अलग-अलग समय पर प्रारंभ किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने 25 सितंबर, 2014 को दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना भी प्रारंभ की। **(ये इनके निजी विचार हैं)**



बोधि वृक्ष

संसार के उच्चतम आदर्श - विश्वबन्धुत्व के द्वारा शान्ति-को अनुभव करने की दिशा, में योग अर्थात परमात्मा से व्यक्तिगत सम्पर्क करने के विज्ञान का, समय के साथ सभी देशों में, सभी व्यक्तियों में विस्तार हो।

# अनिश्चित संसार में सुरक्षा


श्री श्री परमहंस योगानंद

तब आप किसी के भी शत्रु नहीं हो सकते। यदि सम्पूर्ण संसार उस विश्वजनीन प्रेम के साथ प्रेम कर सके, तो मनुष्यों को एक-दूसरे के विरुद्ध हथियार उठाने की आवश्यकता नहीं रहेगी। स्वयं अपने क्राइस्ट सरीखे उदाहरण के द्वारा हमें सभी धर्मों, सभी राष्ट्रों एवं सभी जातियों में एकता लानी होगी। व्यापक दयाभाव एवं विवेकशील अन्तर्दृष्टि, जो कि सांसारिक सन्तापों का निवारण करने के लिए आवश्यक है, मात्र मानवीय विविधताओं के बौद्धिक आंकलन से नहीं, अपितु व्यक्तियों की गहनतम एकता - ईश्वर के साथ सम्बन्ध, के ज्ञान से ही प्रवाहित हो सकती हैं। संसार के उच्चतम आदर्श - विश्वबन्धुत्व के द्वारा शान्ति-को अनुभव करने की दिशा, में योग अर्थात परमात्मा से व्यक्तिगत सम्पर्क करने के विज्ञान का, समय के साथ सभी देशों में, सभी व्यक्तियों में विस्तार हो। विश्व का भयावह राजनैतिक घटनाक्रम इस सत्य की ओर कटु संकेत कर रहा है कि आध्यात्मिक दृष्टि के बिना लोगों का विनाश होता है। यदि धर्म ने नहीं, तो विज्ञान ने, मानव जाति में असुरक्षा और सब भौतिक पदार्थों की निस्सारता की अस्पष्ट-सी भावना जगा दी है। मनुष्य सचमुच में यदि अपने स्रोत एवं उद्गम, अपने भीतर स्थित परमात्मा के पास न जाएँ तो अब और कहाँ जाएँ?आण्विक युग में अब वैज्ञानिक रूप से इस निर्विवाद सत्य के द्वारा कि पदार्थ वास्तव में घनीभूत ऊर्जा है। **(क्रमशः)**

फेसबुक वॉल से




X से




## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक

## आज का दोहा

**प्रश्न सधे थे, आपके, बेहद सधे जवाब।**
**उत्तर देकर आप फिर, मुड़ क्यों गये जनाब।।**
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

आपकी बात

# केंद्र के 42 लाख सीजीएचएस लाभार्थियों के लिए बड़ा निर्णय

**नवीन मेल कंटेन्ट सेल**

केंद्र सरकार ने सीजीएचएस द्वारा हाल ही में न्यूरो-प्रत्यारोपण की दरों को संशोधित करने का निर्णय लिया गया है। डीबीएस इंप्लांट के लिए सरकारी अस्पताल का न्यूरोलॉजिस्ट निर्धारित प्राधिकारी होगा। इंट्रा-थेकल पंप, इसके इंप्लांट के लिए किसी भी सरकारी अस्पताल के संबंधित दो विशेषज्ञ/न्यूरोलॉजी/न्यूरो-सर्जरी विभाग के प्रमुख, निर्धारित प्राधिकारी होंगे। रीढ़ की हड्डी उत्तेजक, इसके लिए भी सरकारी अस्पताल के संबंधित दो विशेषज्ञ/न्यूरोलॉजी/न्यूरो-सर्जरी विभाग के प्रमुख, निर्धारित प्राधिकारी होंगे। इस तरह के केसों में इंप्लांट की मंजूरी देने के लिए अप्रूविंग अथॉरिटी, सीजीएचएस के निदेशक रहेंगे। सीएस (एमए) नियम, 1944-डीडीजी(एम) या स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के समकक्ष स्तर के अधिकारी भी यह अनुमति प्रदान कर सकते हैं। डीप ब्रेन स्टिमुलेशन (डीबीएस) इम्प्लांट्स, इंट्रा-थेकल पंप और स्पाइनल कॉर्ड की फाइनल मंजूरी देने से पहले एक दूसरी प्रक्रिया का अनुशरण करना होगा। इसके लिए एक स्टैंडिंग टेक्नीकल कमेटी गठित की गई है। इसकी सिफारिश के बाद ही मंजूरी की फाइल, सीजीएचएस निदेशक के पास पहुंचेगी। इस कमेटी के चेयरमैन अतिरिक्त महानिदेशक सीजीएचएस (सीजीएचएस लाभार्थियों के मामले में) या डीडीजी(एम) / (पी), डीटीई. जीएचएस (सीएस (एमए) नियम, 1944 लाभार्थियों के मामले में) होंगे। कमेटी के सदस्यों में एचओडी न्यूरोलॉजी/न्यूरो-सर्जरी एम्स, दिल्ली, विभागाध्यक्ष न्यूरोलॉजी/न्यूरो-सर्जरी आरएंडआर अस्पताल, विभागाध्यक्ष न्यूरोलॉजी/न्यूरोसर्जरी सफदरजंग अस्पताल, विभागाध्यक्ष न्यूरोलॉजी/न्यूरोसर्जरी एबीवीआईएमएस और डॉ. आरएमएल अस्पताल, विभागाध्यक्ष न्यूरोलॉजी/न्यूरोसर्जरी जी.बी. पंत अस्पताल और एडी (आर एंड एच) सीजीएचएस दिल्ली (सीजीएचएस लाभार्थियों के मामले में) या अतिरिक्त डीडीजी (एमजी-क्क) (सीएस (एमए) नियम, 1944 लाभार्थियों के मामले में) सदस्य सचिव बनाए गए हैं। इस समिति के लिए कुछ दिशा निर्देश भी जारी किए गए हैं। ऐसे मामले के औचित्य के लिए न्यूनतम 3 विषय क्षेत्र विशेषज्ञों (न्यूरोलॉजी/न्यूरोसर्जरी विशेषज्ञ) की सिफारिश की आवश्यकता होगी। समिति में कम से कम एक न्यूरोलॉजिस्ट और एक न्यूरो-सर्जन शामिल होगा। सभी अस्वीकृतियों को उचित कारणों के साथ सावधानीपूर्वक दर्ज किया जाएगा। तकनीकी समिति सीजीएचएस/सीएस (एमए) नियम, 1944 के तहत लाभार्थियों के संबंध में मामलों पर विचार करेगी। सीजीएचएस/सीएस (एमए) नियम, 1944 के तहत लाभार्थी 'सेवारत कर्मचारियों के मामले में' अपने संबंधित विभाग के माध्यम से स्थायी तकनीकी समिति और संबंधित क्षेत्र या शहर के सीजीएचएस के अतिरिक्त निदेशक को डीबीएस या अन्य न्यूरो प्रत्यारोपण की अनुमति के लिए अनुरोध प्रस्तुत करेंगे। पेंशनभोगी हैं तो उन्हें संबंधित जोन के एडीशनल डायरेक्टर सीजीएचएस की अनुमति लेनी होगी। डीबीएस और अन्य न्यूरो प्रत्यारोपण योजनाबद्ध सर्जरी हैं, इसलिए इनकी पूर्व अनुमति लेना जरुरी है। वित्तीय अनुमोदन प्राधिकारी वित्तीय शक्तियों के प्रत्यायोजन के मौजूदा नियमों के अनुसार होगा। नॉन-डायरेक्शनल लीड्स के साथ डीबीएस-नॉन-रिचार्जेबल डिवाइस (बैटरी लाइफ 5-8 वर्ष) के लिए 8,37,497 रुपये लगेंगे। डायरेक्शनल लीड के साथ डीबीएस-नॉन-रिचार्जेबल डिवाइस (बैटरी लाइफ 5-8 वर्ष) पर 10,32,586 रुपये खर्च होंगे। गैर-दिशात्मक लीड के साथ डीबीएस-रिचार्जेबल डिवाइस (न्यूनतम बैटरी जीवन 15 वर्ष) के लिए 11,24,049 रुपये खर्च करने होंगे। दिशात्मक लीड के साथ डीबीएस-रिचार्जेबल डिवाइस (न्यूनतम बैटरी जीवन 15 वर्ष) पर 13,89,936 रुपये खर्च होंगे। नई बैटरी (इम्प्लांटेबल पल्स जेनरेटर) (बैटरी लाइफ 5-8 वर्ष) के लिए 5,49,450 रुपये, इंट्रा-थेकल पंप (न्यूनतम बैटरी लाइफ 7 वर्ष) 5,29,898 रुपये, और स्पाइनल कॉर्ड स्टिमुलेटर (न्यूनतम बैटरी लाइफ 10 वर्ष) पर 13,90,243 रुपये खर्च होंगे। उक्त अधिकतम दरों में सर्जरी की लागत शामिल नहीं है। उपकरणों को कंपनी, इम्प्लांटेशन की तारीख से एक वर्ष के लिए सीमित वारंटी प्रदान की जाएगी।

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# तिरुपति प्रसादम मामले में पवन कल्याण और प्रकाश राज ने एक-दूसरे पर की टिप्पणी
# प्रकाश ने कहा- सनसनीखेज नहीं बनाएं, पवन का जवाब- म्यूचुअल हो सेक्युलरिज्म

**एजेंसी। हैदराबाद**

आंध्र प्रदेश के तिरुपति मंदिर में प्रसादम लड्डू में उपयोग किए जाने वाले घी में जानवरों की चर्बी की बात सामने आई है। लड्डू के लिए घी में चर्बी की मिलावट को लेकर दक्षिण के दो अभिनेता पवन कल्याण और प्रकाश राज में भी जुबानी जंग हो रही है। इस मामले में आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री तेलुगू फिल्म स्टार पवन कल्याण ने सोशल मीडिया पर पोस्ट लिखी, जिस पर प्रकाश राज ने टिप्पणी की है। इसके बाद दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया है। पवन कल्याण ने प्रसादम में उपयोग लड्डू के मामले पर कहा था कि वह इससे बहुत ज्यादा आहत हैं। उन्होंने इस तरह के मामलों पर रोक लगाने के लिए देशभर के लिए सनातन धर्म रक्षण बोर्ड बनाए जाने की मांग की थी। इस पर फिल्म अभिनेता प्रकाश राज ने कहा कि मामला आपके राज्य का है। आप वहां उपमुख्यमंत्री हैं। कृपया मामले की जांच कीजिए। दोषियों को ढूंढिए और कड़ी कार्रवाई कीजिए। आप इस मुद्दे को सनसनीखेज क्यों बना रहे हैं और इसे राष्ट्रीय स्तर पर बड़ा क्यों बनाना चाहते हैं? देश में पहले ही बहुत सामुदायिक तनाव है। प्रकाश राज की बात पर पवन कल्याण ने कहा है कि वे हिंदुत्व की पवित्रता और खाद्य पदार्थों में मिलावट के बारे में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि वे प्रकाश राज का सम्मान करते हैं। जहां तक सेकुलरिज्म का विषय है, ये म्यूचुअल होना चाहिए। उन्हें नहीं समझ आता कि वे उनकी आलोचना क्यों कर रहे हैं? क्या वे सनातन धर्म पर अटैक के बारे में नहीं बोल सकते? प्रकाश को मामले से सबक लेना चाहिए। फिल्म उद्योग या किसी को भी इस मुद्दे को हल्के में नहीं लेना चाहिए। वे सनातन धर्म को लेकर बहुत गंभीर हैं। इस पर आगे प्रकाश राज ने कहा कि उन्होंने उनका प्रेस को दिया वक्तव्य देखा है। उनकी कही बात का गलत अर्थ निकाला गया है। वे विदेश में शूटिंग कर रहे हैं। उनके सवालों का जवाब देने के लिए वापस आएंगे। इस बीच अगर वे उनके पिछले ट्वीट को देख सकें और समझ सकें तो वे उनके आभारी रहेंगे। उल्लेखनीय है कि तिरुपति मंदिर के प्रसादम में मिलावट के बाद आंध्र प्रदेश के उप मुख्यमंत्री पवन कल्याण ने सोशल मीडिया पर भावुक टिप्पणी की थी। वे मंदिर के प्रसाद में मिलावट को लेकर इतने आहत थे कि उन्होंने 11 दिन का उपवास अर्थात प्रायश्चित दीक्षा करने का फैसला किया है।





# मुडा घोटाले की जांच सीबीआई से कराई जाए : जोशी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) साइट आवंटन घोटाला मामले में अभियोजन के लिए राज्यपाल की मंजूरी को चुनौती देने वाली कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की याचिका को कर्नाटक उच्च न्यायालय द्वारा खारिज किए जाने के बाद केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। जोशी ने सोशल मीडिया एक्स पर मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के इस्तीफे के साथ मुडा घोटाला मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से कराने की मांग की है। केंद्रीय मंत्री जोशी ने सोशल मीडिया में अपनी पोस्ट में कहा, यह कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री सिद्धारमैया पर करारा तमाचा है। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने उठाए गए सभी सवालों का जवाब दे दिया है। उन्होंने आगे कहा, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को इस्तीफा दे देना चाहिए और सीबीआई से निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए।

## बिहार में नहाने के दौरान डूबने से छह की मौत

**पटना।** बिहार में पूर्वी चंपारण जिले के लखौरा थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव की रहने वाली तीन बहनें जितिया पर्व के मौके पर सोती नदी में नहाने के लिए गई थीं। नहाने के दौरान ही तीनों बहनों के गहरे पानी में चली गईं और डूबने से उनकी मौत हो गई। मृतकों की पहचान शिवपूजन राम की 20 वर्षीय विवाहित पुत्री दीपनी कुमारी, 15 वर्षीय पुत्री मंजू कुमारी और परमानंद बैठा की 18 वर्षीय पुत्री रीमा कुमारी के रूप में हुई हैं। दूसरी घटना मुंगरे की है। यहां गंगा में आए बाढ़ के पानी में बच्चों और युवाओं की मौज-मस्ती भारी पड़ गई। दो अलग-अलग जगहों पर पानी में तीन लड़के डूब गए। जिले में बरियारपुर प्रखंड के बरियारपुर खड़गपुर मार्ग में साधु बाबा थान के समीप दो छात्रों की बाढ़ के पानी में डूबने से मौत हो गई। मृतकों की पहचान असरगंज माल खानपुर निवासी बब्लू पासवान के 14 वर्षीय बेटा चाहत कुमार और लोहचि नाकी निवासी बालेश्वर पासवान के 14 साल के बेटे मुकुंद कुमार के रूप में हुई है। दोनों दसवीं के छात्र थे।

## आरजी कर मामले में सीबीआई ने पोस्टमॉर्टम करने वाले को फिर बुलाया

**कोलकाता।** आरजी कर कांड की जांच के सिलसिले में, मंगलवार को सीबीआई ने पोस्टमॉर्टम करने वाले डॉक्टर अपूर्व विश्वास को फिर से सीजीओ कांप्लेक्स स्थित कार्यालय में बुलाया। इस मामले में आरजी कर के पूर्व सुप्रिटेंडेंट संजय बशिष्ठ भी सीबीआई कार्यालय में उपस्थित हुए। डॉ अपूर्व विश्वास उस पीड़िता का पोस्टमॉर्टम करने वाले डॉक्टर हैं, जिसकी मौत के बाद यह मामला चर्चा में आया था। मंगलवार को वह दोपहर में सीजीओ कांप्लेक्स में सीबीआई दफ्तर पहुंचे और लगभग डेढ़ घंटे वहां रहे।

## फलित सिजरिया चुने गए राष्ट्रमंडल युवा परिषद के उपाध्यक्ष

**झांसी।** झांसी के फलित सिजरिया हाल ही में हुए राष्ट्रमंडल युवा परिषद के चुनावों में जीत कर अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष चुने गए हैं। इस दायित्व में वह राष्ट्रमंडल के 56 देशों के 150 करोड़ से अधिक युवाओं का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस वर्ष अध्यक्ष की कुर्सी अफ्रीकी महाद्वीप के लिए आरक्षित थी। इस चुनाव में सभी देशों की राष्ट्रीय युवा परिषद एवं सरकारें अपना वोट देती हैं। हर देश के पास एक वोट होता है। फलित का शपथ ग्रहण अगले माह 20 अक्टूबर को समोआ के पैसिफिक टापू पर सभी राष्ट्रमंडल देशों के राष्ट्रध्यक्षों के समक्ष होगा। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी एवं विदेश मंत्री जयशंकर भी इस बैठक में अपेक्षित हैं। यहां राष्ट्रमंडल युवा सम्मेलन में सभी देशों के प्रतिनिधि रहेंगे। कई सरकारों एवं राष्ट्रीय युवा परिषदों की ओर से बधाई संदेश आए हैं। अफ्रीकी युवा संगठन एवं पैसिफिक युवा संगठन के कई पदाधिकारियों ने इस परिणाम का स्वागत किया है।

## रेल दुर्घटना का षड्यंत्र रचने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई होगी

**जयपुर।** केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण एवं इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि रेल पटरियों पर अवरोधक रख कर दुर्घटना का षड्यंत्र रचने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी, यह हमारा संकल्प है। साथ ही इस तरह की दुर्घटना ना हो, इसके लिए रेलवे प्रशासन पूरी तरह से सतर्कता के साथ काम करेगा। केंद्रीय रेल मंत्री वैष्णव मंगलवार को जयपुर पहुंचने पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

केंद्रीय रेल मंत्री मंगलवार सुबह जयपुर पहुंचे, जहां भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने उनका एयरपोर्ट पर स्वागत किया। एयरपोर्ट से मंत्री वैष्णव मुख्यमंत्री हाउस के लिए रवाना हुए।

# तंबाकू मुक्त युवा अभियान 2.0 की हुई शुरुआत

**नवीन मेल संवाददाता**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने मंगलवार को लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज में आयोजित एक हाइब्रिड कार्यक्रम में तंबाकू मुक्त युवा अभियान 2.0 के दूसरे संस्करण का शुभारंभ किया। यह अभियान दो महीने तक चलेगा। इस मौके पर राज्य मंत्री ने देश भर के चिकित्सा संस्थानों में तंबाकू निषेध केंद्रों का भी उद्घाटन किया। इस अभियान का उद्देश्य युवाओं के स्वास्थ्य और कल्याण को तंबाकू के हानिकारक प्रभावों से बचाना है। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रतापराव जाधव ने कहा कि देश में हर साल लगभग 13 लाख लोग तंबाकू के कारण अपनी जान गंवा देते हैं।

# बंगाल के मयनागुड़ी में मालगाड़ी की पांच बोगियां पटरी से उतरीं

**नवीन मेल संवाददाता**



**जलपाईगुड़ी।** पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार डिवीजन के न्यू मयनागुड़ी स्टेशन पर एक मालगाड़ी की पांच बोगियां बेपटरी हो गईं। मंगलवार की सुबह हुई दुर्घटना के बाद मालगाड़ी की बोगियां रेलवे ट्रैक पर बिखर गईं, जिससे इस रूट पर ट्रेनों का परिचालन बाधित हो गया। ट्रेनों को दूसरे रूट से परिवर्तित कर चलाया जा रहा है। परिचालन को सामान्य करने के लिए रेलवे की टीम तेजी से काम कर रही है। मौके पर डीआरएम समेत रेलवे के बड़े अधिकारी पहुंचे। उल्लेखनीय कि पिछले कुछ दिनों से देश के अलग-अलग इलाको में ट्रेनों को बेपटरी होने की घटनाएं लगातार हो रही हैं। इस घटना के पीछे साजिश है या यह एक सामान्य दुर्घटना है।


**झारखण्ड सरकार**
**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग)**
राष्ट्रीय पशुधन मिशन (NLM) से संबंधित आवश्यक जानकारी –

**जिला पशुपालन कार्यालय, गढ़वा**

राष्ट्रीय पशुधन मिशन का उदेश्य छोटे जुगाली करने वाले पशुओं, मुर्गीपालन और सुकर पालन क्षेत्र तथा चारा क्षेत्र में उद्यमिता विकास के माध्यम से रोजगार सृजन, नस्ल सुधार से प्रति पशु मांस, अंडा, बकरी का दूध, ऊन और चारे के उत्पादन में वृद्धि के उद्देश्यों को प्राप्त करना है। इस योजना में कोई भी व्यक्ति (FCOs), Joint Liability Groups (JLGs) तथा धारा 8 के अन्तर्गत पंजीकृत कम्पनियाँ आवेदन कर सकते है।

राष्ट्रीय पशुधन मिशन (NLM) पशुधन से संबंधित विभिन्न गतिविधियों के लिए 50% पूंजी सब्सिडी प्रदान करता है।

- ग्रामीण पोल्ट्री में नस्ल सुधार फॉर्म – 25 लाख रूपये तक।
- भेड़ और बकरी प्रजनन फॉर्म – 50 लाख रूपये तक
- सुकर प्रजनन फॉर्म – 30 लाख रूपये तक।
- चारा मूल्य संवर्धन इकाईयाँ – 50 लाख रूपये तक।
- चारा भण्डारण इकाईयाँ – 50 लाख रूपये तक।

इस योजना में सिर्फ ऑनलाईन आवेदन ही किया जा सकता है, पोर्टल से संबंधित प्रश्नों के लिए एनएलएम पोर्टल हेल्प डेस्क से www.dahd.nic.in अथवा nlm.support@sidbi.in पर सम्पर्क किया जा सकता है एवं विशेष जानकारी के लिए अपने निकटतम प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी अथवा जिला पशुपालन पदाधिकारी से सम्पर्क करें।

आवेदन अपलोड करने हेतु आवश्यक लिंक – https://nlm.udyamimitra.in

निवेदक
जिला पशुपालन पदाधिकारी, गढ़वा

PR 336788 Animal Husbandry(24-25)#D



**Request for Proposal(RFP)**
**Cum**
Selection of Training Partner (TP) to establish and operate the Centre of Excellence (CoE) for Skill Development Training, OJT and Placement in the 5 Sectors IT/ITES, Electronics, Construction, Apparel & Automotive (Special Project).
**RFP No:**
**Date: 23-09-2024**

**District Employment Office– Latehar, Government of Jharkhand**

**Request for Proposal(RFP)**

**RFP/RFP No:.............................................. Dated:23-09-2024**

**Subject:** Selection of Training Partner (TP) to establish and operate the Centre of Excellence (CoE) for Skill Development Training and Trade related kit in the Sectors of IT/ITES, Electronics, Construction, Apparel & Automotive.

District Employment Officer, Latehar, Government of Jharkhand invites sealed proposal from the eligible bidders for the "Selection of Training Partner (TP)to establish and operate the Centre of Excellence (CoE) for Skill Development Training and Trade related kit in the Sectors of IT/ITES, Electronics, Construction, Apparel & Automotive. Bidders fulfilling the eligibility criteria can access and download the complete RFP Document and other details from website: https://Latehar.gov.in

The major events under this Bid are:

| S.No | List of Key Events | Important Dates |
|---|---|---|
| 1 | Date of Issue of RFP | 23-09-2024 |
| 2 | Last date of submission of Bid | 09-10-2024 |
| 3 | Date of Opening of Technical Bid–Technically Shortlisted and eligible training partners will be invited for technical presentation | 15-10-2024 |
| 4 | Date of Technical Presentation | 15-10-2024 |
| 5 | Opening of Financial Bid | 15-10-2024 |
| 6 | Declaration of Selected Bidder | 16-10-2024 |

This RFP document includes:
Section 1: Letter of Invitation
Section2: Fact Sheet
Section 3: Term of Reference
Section4 :Terms and Conditions
Section5: Pre-Qualification Proposal – Standard Forms
Section6 : Technical Proposal – Standard Forms
Section7:Financial Proposal – Standard Forms

The proposal complete in all respect must reach the undersigned through speed post / registered post /courier / in person latest by **09/10 /2024 up to 5:00 PM**, in a sealed envelope clearly mentioning on the top of it "Selection of Training Partner (TP) to establish and operate the Centre of Excellence (CoE) for Skill Development Training, OJT and Placement in the 5 Sectors Electronics, IT/ITES, Electronics, Construction, Apparel & Automotive".

The proposals received beyond the last date will be rejected. The authority reserves the right to reject any/all proposals without assigning any reason thereof.

**District Employment Officer**
**Latehar (Jharkhand)**

PR 336726 Labour Employment and Traning (24-25)_D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू**

**अति अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– निविदा सूचना संख्या – EE/RDSD/PALAMAU-11/2024-25/RE-01 P.R.No.-335155

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 2 | पलामू जिला के प्रखण्ड तरहसी के पंचायत गुरहा के ग्राम सिकनी एवं धुमा के बीच बघमनवा नाला में पुल निर्माण। | 17510400.00 | 351000.00 | 10000.00 | 15 माह। |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – **25.09.2024**
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक **25.09.2024** से दिनांक **01.10.2024** को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, पलामू।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – **05.10.2024** अपराह्न 2:00 बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेश प्रमंडल, पलामू।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06562–355581 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू

PR 336800 District (24-25)_D



**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर, लोहरदगा**

**रोजगार मेला संबंधी सूचना**

दिनांक 27.09.2024 को "कार्यालय" जिला नियोजनालय, लोहरदगा परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें निम्नांकित निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठानों ने उपस्थित रहने की सहमति जताई है:–

| Sl. No | Name of the Employer & Address | Name of the Post | No. of Vacancy | Qualification Required | Age | Experience | Remarks (Pay Scale) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Satin Creditcare Network Ltd., Ranchi. | Executive (TCSO) | 05 | $12^{th}$ Pass | 18-30 | Fresher | Salary 20,400/= CTC Job Location Gumla, Khalari and Ramgarh. |
| | | Sr. Executive | 05 | $12^{th}$ Pass | 18-32 | 1 - 02 yrs | Salary 23,300/= CTC Job Location Gumla, Khalari and Ramgarh. |
| 2 | Spandana Sphoorty, Financial Ltd., Lohardaga. | Loan Officer | 50 | $12^{th}$/ITI/Diploma/ Graduation | 19 - 27 | -- | Salary 12,002/= Fuel+motorcycle Job Location - All Jharkhand. |
| 3 | Ranchi Security Pvt. Ltd. | Centre Manager | 4 | Graduation | 18-45 | 06 years | Salary 20,000/= to 30,000/= Job Location Gumla, Ranchi. |
| | | Manager Operation | 2 | Graduation | 18-45 | 05 years | Salary 18,000/= to 22,000/= Job Location Gumla, Ranchi. |
| | | Manager Admin | 2 | Graduation | 18-45 | 05 years | Salary 18,000/= to 22,000/= Job Location Gumla, Ranchi. |
| | | Computer Hardware Engineer | 2 | Graduation | 18-45 | 05 years | Salary 15,000/= to 20,000/= Job Location Gumla, Ranchi. |
| | | MIS Executive | 10 | Graduation | 18-45 | 02 years | Salary 12,000/= to 15,000/= Job Location Gumla, Ranchi. |
| | | Telecaller | 2 | Graduation | 18-45 | 02 years | Salary 8,000/= to 12,000/= Job Location Gumla, Ranchi. |
| | | SMO Trainer | 10 | $10^{th}$ Pass | 18-45 | 01 years | Salary 12,000/= to 15,000/= Job Location Gumla, Ranchi. |
| | | Driver | 5 | $10^{th}$ Pass | 18-45 | 05 years | Salary 12,000/= to 15,000/= Job Location Gumla, Ranchi. |
| | | Housekeeping Staff | 6 | $10^{th}$ Pass | 18-45 | 01 years | Salary 5,000/= to 8,000/= Job Location Gumla, Ranchi. |
| | | Cook | 6 | $10^{th}$ Pass | 18-45 | 02 years | Salary 8,000/= to 13,000/= Job Location Gumla, Ranchi. |
| 4 | Prejha Foundation, Nagra Toli, Ranchi. | Mobile Assembly (Female Only) | 50 | $10^{th}$/12th Pass | 18-27 | -- | Salary 14,000/= to 15,000/= Job Location Karnataka. |
| | | Lathe Machine Operator | 50 | $10^{th}$/12th Pass | 18-27 | -- | Salary 14,000/= to 15,000/= Job Location Karnataka/Tamil Naidu. |
| | | Tiles Mistri | 50 | $5^{th}$/12th Pass | 18-30 | -- | Salary 17,000/= Job Location Karnataka. |
| | | Construction | 50 | $5^{th}$/12th Pass | 18-30 | -- | Salary 20,000/= Job Location Karnataka. |
| 5 | Bajaj Alliance Life Insurance, Lohardaga. | A.S.M | 07 | $10^{th}$/$12^{th}$/Graduation | 21 and Above | 0- 02 year | Salary 27,000/= Job Location – Lohardaga. |
| | | S.S.M | 02 | $10^{th}$/$12^{th}$/Graduation | 21 and Above | 0-2 years | Salary 30,000/= Job Location – Lohardaga. |
| | | E.S.M | 01 | $10^{th}$/$12^{th}$/Graduation | 21 and Above | 01-03 years | Salary 31,000/= Job Location – Lohardaga. |
| | | Insurance Advisor | 13 | $10^{th}$ Pass | 21 and Above | NA | Salary 20,000/= Job Location – Lohardaga. |
| 6 | Chaitanya India Fin Credit Pvt. Ltd., Latehar. | CRE | 70 | $10^{th}$/12th/Graduation | 18-30 | Fresher | Salary 12,770/= + Accomodation Job Location – Lohardaga, Latehar and Gumla |
| 7 | Eduvantage, Chhatar Bagicha Lohardaga. | Mobilizer | 2 | $12^{th}$ and Above | 18 and Above | Fresher/0 1 year | Salary 8,000/= to 10,000/= Job Location – Lohardaga. |
| | | Counselor | 1 | $12^{th}$ and Above | 18 and Above | Fresher/0 1 year | Salary 8,000/= to 10,000/= Job Location – Lohardaga. |
| | | Business Developer for university | 2 | $12^{th}$ and Above | 18 and Above | Fresher/0 1 year | Salary 12,000/= to 15,000/= Job Location – Lohardaga. |
| | | KPR Mills (Cutting, Stitching etc). | 50 | $10^{th}$ and Above | 18 and Above | Fresher/0 1 year | Salary 9,500/= to 12,000/= Job Location – Tirupur, Tamilnaidu. |
| 8 | Axis Bank Ltd. Lohardaga. | Field Executive | 50 | $12^{th}$ /Graduation | 18 - 28 | -- | Salary 14,500/= Job Location – All Jharkhand. |
| | | Relationship Manager | 3 | Graduation | 30 | Fresher | Salary 35,000/= Job Location – All Jharkhand. |
| 9 | OCIFIT, Chiri | Moblizer | 02 | $10^{th}$/12th/Graduation Pass | 18+ | NA | Salary 12000/- CTC Job Location - Lohardaga. |
| 10 | AB India Services, Sarikela Kharsanwa. | Data Entry Operator | 25 | Inter(Male Female) with DCA. | 18-45 | NA | Salary 8000/= Job Location :- Home Based job. |
| | | Computer Operator | 25 | Graduation (Male/ Female) with DCA. | 18-45 | NA | Salary 10000/= Job Location :- Home Based job. |
| | | Tellecaller | 20 | Inter (Male/Female) with DCA. | 18-45 | NA | Salary 6000/= Job Location :- Home Based job. |
| | | VTL/CNC Operator | 10 | ITI-Fitter/Mechanical | 20-35 | 6 month | Salary 10000/= to 15000/= Job Location :- Adityapur/Durgapur. |
| | | Fields Sales Engineer | 10 | ITI/Diploma/B.Tech Electrical/Mech. | 18-23 | 1 year | Rupaspur, Manpur, Gaya, Aurangabad, Buxor, Dehrionson. |
| | | Mobilizer | 10 | Matric | 18-45 | Freshar | Salary 12000/= Job Location :- Lohardaga |
| | | Field Sales Executive | 10 | Matric | 18-45 | Freshar | Salary 15000/= Job Location :- Lohardaga. |
| | | Project Trainer | 2 | MBA/B.Tech | 20-40 | Fresher | Salary 12000/= Job Location :- Lohardaga. |
| | | Helper | 30 | Non Matric | 18-45 | Fresher | Salary 10000/= Job Location :- Jharsugora/Orissa. (Loding + Fooding). |
| | | Side Supervisor | 5 | Graduation | 23-45 | 01 year | Salary 12000/= Job Location :- Jharkhand/Orissa (Lodging Free). |
| | | Tele Sales Executive | 10 | Inter | 20-35 | 6 month | Salary 10000/= Job Location :- Home Based job. |
| | | Transcriber | 10 | Graduate/MBA/B.Tech | 20-36 | 6 month | Salary 15000/= Job Location :- Home Based job. |
| | | Onboarding Staff | 20 | Inter/Graduate | 20-40 | Fresher | Salary 15000/= Job Location :- Lohardaga. |
| | | Sales Executive | 20 | Graduate | 18-45 | 6 month | Salary 12000/= Job Location :- Lohardaga. |
| | | Panchayat Coordinator | 20 | Matric/Inter | 20-45 | Fresher | Salary 15000/= Job Location :- Lohardaga. |
| 11 | Bajaj Automobile, New Road, Lohardaga. | Technician | 03 | ITI | 18-34 | Fresher | Salary 10000/= Job Location :- Lohardaga. |
| 12 | Millennium Skill by G4S, Plot 14 Sector 44, Gurugram Hariyana NCR Delhi. | Security Guard | 400 | $10^{th}$ Pass | 18-40 | Yes | Salary 14000/= to 21000/= Job Location :- Hyderabad, Delhi NCR, Gujrat, Chennai, Banglore, Goa &Bhuneshwar. |
| | | Supervisor | 100 | B.A Pass | 18-40 | Yes | Salary 14000/= to 21000/= Job Location : - Hyderabad, Delhi NCR, Gujrat, Chennai, Banglore, Goa & Bhuneshwar. |
| 13 | Nistha , Senha, Lohardaga. | Mobilizer | 10 | $10^{th}$ Pass | 18-40 | 01 year | Salary 12000/= Job Location- Senha, Lohardaga.. |
| | | MIS | 01 | Graduation | 22-35 | 02 years | Salary 12000/= to 15000/= Job Location- Senha Lohardaga. |
| 14 | Fulabri Text Com Pvt. Ltd., Barwale College Aurangabad Road Maharastra. | Trainee | 300 | $10^{th}$/Graduate/ITI/ Diploma | 18-28 | Fresher | Salary 14000/= to 15000/= Job Location:- Maharastra. |
| 15 | Employability Bridge, Ashok Nagar, Chennai. | Apprentice/Trainee (Anand Group) | 100 | ITI | 18-22 | NA | Salary 16,500/= + Fooding Job Location :- Noida. |
| | | Machine Operator | 100 | ITI/Diploma | 18-22 | NA | Salary 13,500/= + Fooding Job Location :- Hyderabad. |
| | | Assembly Line Operator (Female) | 200 | $10^{th}$/12th/ITI/Diploma/ Graduation | 18-24 | NA | Salary 18,750/= + Fooding Job Location :- Karnataka. |
| | | Machine Operator Trainee (MRF) | 50 | Diploma/B.E/Arts & Science | 18-25 | NA | Salary 19,500/= to 20,500/= Job Location :- Gujrat. |
| 16 | SIS Limited, Gumla Jharkhand | Security Guard | 200 | $10^{th}$ pass | 19-40 | NA | Salary 15,500/= to 22,500/= Job Location :- All India. |
| | | CIT | 50 | $12^{th}$ pass | 18-33 | NA | Salary 13,000/= to 19,000/= Job Location :- All India |
| Total | | | 2003 | | | | |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा www.jharniyojan.jharkhand.gov.in/www.ncs.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त रोजगार मेला में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छाया प्रति तथा अपना बायोडाटा 02(दो) कॉपी फोटो 4 के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो। साक्षात्कार सुबह 11:00 बजे से होगी। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है उनको पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। नियोजक निजी क्षेत्र के है, अतः साक्षात्कार, रिक्ति एवं सेवा शर्तो के लिए वे उत्तरदायी है। नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता है।

**District Employment Officer,**
**Lohardaga.**

PR 336874 Lohardaga(24-25)#D

# आईसीसी ने की महिला टी20 विश्व कप 2024 के लिए मैच अधिकारियों की घोषणा



**एजेंसी। नई दिल्ली**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को आगामी आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2024 के नौवें संस्करण के लिए मैच अधिकारियों की घोषणा कर दी है। दस अंपायर और तीन मैच रेफरी 3 से 20 अक्टूबर तक संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित टूर्नामेंट का संचालन करेंगे। अंपायरों के अनुभवी समूह में क्लेयर पोलोसाक सहित अनुभवी अधिकारी शामिल हैं, जो अपने पांचवें आईसीसी महिला टी 20 विश्व कप में अंपायरिंग करेंगे, जबकि किम कॉटन और जैकलिन विलियम्स मेजबान दक्षिण अफ्रीका और अंतिम चैंपियन, ऑस्ट्रेलिया, के बीच।

पिछले फरवरी में केप टाउन में हुए फाइनल की जिम्मेदारी संभालने के बाद अपने चौथे विश्व कप में अंपायरिंग करेंगे। सू रेडफर्न, जो उस फाइनल में टीवी अंपायर थीं, भी टूर्नामेंट में अपनी चौथी उपस्थिति के लिए वापस आ गई हैं। स्पेक्ट्रम के दूसरे छोर पर, जिम्बाब्वे की सारा दंबनेवाना अपनी पहली उपस्थिति दर्ज कराएंगी। मैच रेफरी की टीम में जीएस लक्ष्मी शामिल हैं, जिन्होंने 2012 में अपना पहला टी20ई रेफरी किया था और 2023 में फाइनल की देखरेख की थी। उनके साथ शैंड्रे फ्रिट्ज और मिशेल परेरा भी शामिल हैं, जो अपने दूसरे आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में रेफरी की भूमिका में हैं।

### आईसीसी के वरिष्ठ प्रबंधक, अंपायर और रेफरी, सीन इजी ने कहा

आईसीसी को हमारे खेल में महिलाओं की उन्नति में योगदान देने पर गर्व है। आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2024 के लिए मैच अधिकारियों की इस पूर्ण महिला लाइनअप की घोषणा करना अद्भुत है। द्विपक्षीय और अन्य क्रिकेट में अपने हालिया फॉर्म के बाद इस आयोजन के लिए सबसे योग्य अंपायरों के रूप में चुने गए इस समूह में दुनिया भर के कुछ बेहतरीन अंपायर हैं। उन्होंने आगे कहा, हमें विश्वास है कि वे इस आयोजन में बहुत अच्छा काम करेंगे। मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं क्योंकि वे इसमें शामिल सभी लोगों के लिए एक रोमांचक टूर्नामेंट में दुनिया की शीर्ष महिला क्रिकेटरों की देखरेख करेंगी।'

## इंग्लैंड की कप्तान हीथर ने 2012 की ब्लैकफेस फोटो के लिए मांगी माफी



**लंदन।** इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हीथर नाइट को क्रिकेट अनुशासन आयोग (सीडीसी) ने 2012 में ब्लैकफेस वाली तस्वीर के लिए फटकार लगाई है और 1000 ग्रेट ब्रिटेन पाउंड का जुमार्ना लगाया है, उनके इस व्यवहार को नस्लवादी और भेदभावपूर्ण आचरण माना गया है। ईएसपीएनक्रिकइन्फो के अनुसार, 2012 में क्रिकेट क्लब पार्टी में स्पोर्ट्स स्टार थीम वाली फैंसी ड्रेस पार्टी में किसी तीसरे पक्ष द्वारा ली गई तस्वीर ने इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के निर्देश 3.3 का उल्लंघन किया, जिसमें उस समय कहा गया था, ₹कोई भी व्यक्ति खुद को इस तरह से संचालित नहीं कर सकता है या कोई ऐसा कार्य या चूक नहीं कर सकता है जो क्रिकेट के हितों के लिए हानिकारक हो या जो क्रिकेट के खेल या किसी क्रिकेटर या क्रिकेटरों के समूह को बदनाम करे। नाइट, जो उस समय 21 वर्ष की थी, ने आरोपों को स्वीकार कर लिया और अपने आचरण के लिए माफी मांगी। ईसीबी द्वारा जारी एक बयान में नाइट ने कहा, 2012 में मैंने जो गलती की थी, उसके लिए मैं सच में खेद व्यक्त करती हूं।

## मुझे टेस्ट क्रिकेट नहीं खेलने का कोई अफसोस नहीं है : धवल कुलकर्णी



**एजेंसी। जोधपुर**

फ्रेंचाइजी और टी20 क्रिकेट की बढ़ती लोकप्रियता के बीच घरेलू और टेस्ट क्रिकेट से क्रिकेटरों समेत फैंस का ध्यान भी हटने लगा है। युवाओं में आईपीएल खेलने के बढ़ते चलन के बीच पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज धवल कुलकर्णी ने कहा कि अगर अंतिम लक्ष्य देश के लिए टेस्ट क्रिकेट खेलना है, तो घरेलू क्रिकेट खेलना अधिक महत्वपूर्ण है।

घरेलू क्रिकेट में 18 साल खेलने के बाद पिछले सत्र में संन्यास की घोषणा करने वाले कुलकर्णी ने कहा कि घरेलू लाल गेंद प्रतियोगिताओं में लगातार अच्छा प्रदर्शन करना आसान नहीं है। मुंबई के पूर्व तेज गेंदबाज ने आईएएनएस से कहा, 100 फीसदी, जब आप घरेलू क्रिकेट खेलते हैं।

तो आपको आईपीएल में खेलने का मौका मिलता है। अगर आप भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहते हैं, तो घरेलू क्रिकेट खेलना बहुत जरूरी है। मुंबई क्रिकेट में, जब भी कोई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी फ्री होता है तो वह घरेलू क्रिकेट में खेलता है क्योंकि हमने वह मानक तय किया है। घरेलू क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन करना आसान नहीं है।

उन्होंने कहा, इस बीच, आईपीएल भी महत्वपूर्ण है लेकिन मैं घरेलू क्रिकेट को अधिक महत्व देता हूं। टेस्ट खेलने के लिए घरेलू क्रिकेट के अलावा कोई विकल्प नहीं है।

घरेलू क्रिकेट का यह दिग्गज खिलाड़ी अपने करियर और उपलब्धियों से खुश है, जिसमें मुंबई के साथ पांच रणजी ट्रॉफी खिताबी जीत शामिल हैं। कुलकर्णी ने कहा,मैंने पिछले सीजन में ही संन्यास लेने की योजना बना ली थी। मुझे नहीं लगता कि बहुत से तेज गेंदबाजों ने 18 साल तक घरेलू क्रिकेट खेला है। यह बहुत अच्छा समय था और कई युवा तेज गेंदबाज मुंबई की टीम में आ रहे थे, लेकिन मेरी वजह से उन्हें मौका नहीं मिल रहा था। मुझे लगा कि यह उनके लिए टीम में आने और अच्छा प्रदर्शन करने का सही समय है। फिलहाल मुंबई की टीम में तुषार देशपांडे, मोहित अवस्थी और शार्दुल ठाकुर जैसे तीन मुख्य तेज गेंदबाज हैं और कई युवा प्रतिभाएं टीम में शामिल होने के लिए तैयार हैं।

# हॉकी इंडिया अक्टूबर में दो मैचों की द्विपक्षीय शृंखला के लिए करेगा जर्मनी की मेजबानी




**एजेंसी। नई दिल्ली**

हॉकी इंडिया (एचआई) ने भारतीय पुरुष टीम और जर्मनी के बीच बहुप्रतीक्षित दो मैचों की द्विपक्षीय हॉकी श्रृंखला की घोषणा की है, जो अक्टूबर 2024 में होगी। भारत ने पिछली बार जर्मनी का सामना पेरिस 2024 ओलंपिक के सेमीफाइनल में किया था, जहां जर्मनी ने 3-2 से जीत हासिल की थी। दोनों मैच 23 और 24 अक्टूबर को राष्ट्रीय राजधानी के प्रतिष्ठित मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में खेले जाएंगे।

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की ने कहा, जर्मनी के खिलाफ यह द्विपक्षीय श्रृंखला विश्व स्तरीय हॉकी का एक उल्लेखनीय प्रदर्शन होगी। भारत और जर्मनी दोनों का खेल में एक समृद्ध इतिहास है, और यह श्रृंखला प्रशंसकों को दुनिया की दो सबसे मजबूत टीमों के बीच एक गहन प्रतिस्पर्धा देखने का अवसर देगी। हम इस आयोजन की मेजबानी करके गौरवान्वित हैं, जो न केवल हॉकी की भावना को बढ़ावा देगा बल्कि दोनों देशों के बीच संबंधों को भी मजबूत करेगा। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह का मानना है कि दोनों टीमों के पास भविष्य के अंतरराष्ट्रीय टूनार्मेंटों के लिए अपने कौशल को निखारने का मौका होगा। उन्होंने कहा, भारत-जर्मनी हॉकी प्रतिद्वंद्विता हमेशा एक रोमांचक मुकाबला रही है। हमारे खिलाड़ी ऐसी अच्छी टीम के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने के लिए उत्सुक हैं, और मेरा मानना है कि यह श्रृंखला दोनों टीमों को भविष्य के अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों से पहले अपने कौशल और रणनीतियों को निखारने का मौका देगी। हमें इस भारत-जर्मन सहयोग का हिस्सा होने पर गर्व है, जो न केवल व्यापार और कूटनीति बल्कि खेल के प्रति प्रेम को भी साथ लाता है। जर्मन हॉकी महासंघ के अध्यक्ष हेनिंग फास्टरिच इस द्विपक्षीय श्रृंखला को जर्मनी और भारत के बीच खेल संबंधों को मजबूत करने के अवसर के रूप में देख रहे हैं।

उन्होंने कहा, भारत हमेशा से हॉकी के लिए एक विशेष स्थान रहा है, और हमारी टीम उत्साही भारतीय हॉकी प्रशंसकों के सामने खेलने के लिए उत्साहित है। यह श्रृंखला जर्मनी और भारत के बीच खेल संबंधों को मजबूत करने का एक शानदार अवसर होगा, साथ ही दोनों टीमों को आगामी वैश्विक आयोजनों की तैयारी के लिए एक प्रतिस्पर्धी मंच प्रदान करेगा। हम ऐतिहासिक मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में खेलने की चुनौती और अनुभव का इंतजार कर रहे हैं।

## फीफा ने लीगल हैंडबुक का 2024 संस्करण प्रकाशित किया

**जिनेवा।** विश्व फुटबॉल की नियामक संस्था फीफा ने सोमवार को लीगल हैंडबुक का 2024 संस्करण प्रकाशित किया, जिसमें दुनिया भर के फुटबॉल समुदाय को कानूनी सहायता प्रदान करने के लिए नवीनतम नियम, वैधानिक दस्तावेज और परिपत्र शामिल हैं। विश्व फुटबॉल शासी निकाय ने 2020 में पहले संस्करण के बाद से हर साल कानूनी पुस्तिका प्रकाशित की है। नए संस्करण में फुटबॉल संगठनों और मैचों पर लागू सभी नियमों और कानूनों में हालिया परिवर्तन और संशोधन शामिल हैं। अन्य प्रासंगिक दस्तावेजों के अलावा, कानूनी पुस्तिका के 2024 संस्करण में फीफा के नियमों के अद्यतन संस्करण, खिलाड़ियों की स्थिति और स्थानांतरण पर विनियम, तथा महिला खिलाड़ियों और कोचों के लिए नियामक ढांचा शामिल हैं।

## अश्विन ने अपनी बढ़ती उम्र को लेकर कप्तान रोहित के साथ हुई मजेदार बातचीत को किया साझा



**नई दिल्ली।** भारत के अनुभवी ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन ने हाल ही में बांग्लादेश के खिलाफ चेन्नई टेस्ट के दौरान कप्तान रोहित शर्मा के साथ एक मजेदार बातचीत को साझा किया। 22 सितंबर को भारत की 280 रनों की शानदार जीत में अहम भूमिका निभाने वाले अश्विन की ऑलराउंड प्रतिभा ने एक बार फिर उनकी बेहतरीन प्रतिभा को उजागर किया है। 38 साल की उम्र में, अश्विन अपनी निरंतरता और मैच जीतने वाले प्रदर्शनों के लिए प्रशंसा बटोर रहे हैं, जबकि भारतीय क्रिकेट टीम युवा खिलाड़ियों की ओर बढ़ रही है। अपने नवीनतम यूट्यूब वीडियो में, अश्विन ने एक मजेदार किस्सा साझा किया कि कैसे उनकी पत्नी, प्रीति नारायणन ने दलीप ट्रॉफी के हाइलाइट्स देखते हुए उम्र के बारे में बातचीत शुरू की। प्रीति के सवाल के कारण अश्विन ने रोहित से उनकी उम्र के बारे में मजाकिया अंदाज में बातचीत की।

## न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट से पहले चोटिल फर्नांडो टीम से बाहर



**एजेंसी। गॉल**

टेस्ट क्रिकेट में लगातार बड़ा उलटफेर कर रही श्रीलंकाई टीम एक बार फिर खिलाड़ियों के चोटों से परेशान नजर आ रही है। न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच से पहले तेज गेंदबाज विश्वा फर्नांडो चोटिल होने के कारण बाहर हो गए हैं और उनकी जगह ऑफ स्पिनर निशान पीरिस को टीम में शामिल किया है। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने मंगलवार को यह घोषणा की। फर्नांडो को अभ्यास के दौरान दाहिने हैमस्ट्रिंग में जकड़न महसूस हुई और उन्हें रिहैब के लिए हाई परफॉर्मेंस सेंटर भेज दिया गया है। श्रीलंका क्रिकेट ने मंगलवार को जारी बयान में बताया, ₹विश्वा फर्नांडो को अभ्यास के दौरान दाएं हैमस्ट्रिंग में जकड़न हो गई थी, इसलिए उन्हें रिहैब के लिए हाई परफॉर्मेंस सेंटर भेज दिया गया है। उनकी जगह 27 वर्षीय दाएं हाथ के ऑफ स्पिनर निशान पीरिस को टीम में शामिल किया गया है। फर्नांडो, जिन्होंने अपने अंतिम टेस्ट मैच में 86 रन देकर 5 विकेट लिए थे। इसलिए यह श्रीलंका के लिए एक बड़ा झटका होगा, लेकिन टीम को 27 वर्षीय निशान से काफी उम्मीदें हैं। ऑफ स्पिनर श्रीलंका के बांग्लादेश दौरे के दौरान टीम का हिस्सा थे, लेकिन उन्होंने अभी तक टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू नहीं किया है। इस गेंदबाज ने घरेलू क्रिकेट में अपनी क्षमता साबित की है। उन्होंने 41 प्रथम श्रेणी मैचों में 24.37 की शानदार औसत से 172 विकेट लिए हैं।

# झारखंड

### लोहरदगा में कांग्रेस की रायशुमारी बैठक में हंगामा

## सांसद सुखदेव भगत व विधायक डॉ रामेश्वर उरांव के समर्थक आमने-सामने, हुई जमकर नारेबाजी



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा** जिला कांग्रेस कार्यालय राजेन्द्र भवन में मंगलवार को विधानसभा चुनाव को लेकर रायसुमारी की बैठक आयोजित हुई। यह बैठक लोहरदगा सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार बनने के लिए लगभग 11 आवेदनों को लेकर की गई थी। जिसमे जमकर हंगामा हुआ। कांग्रेस सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस के संभावित प्रत्याशी चयन के दौरान कांग्रेस के एक गुट द्वारा स्थानीय उम्मीदवार की मांग को लेकर जमकर हंगामा किया गया। रायसुमारी बैठक में विधायक डॉ रामेश्वर उरांव व सांसद सुखदेव भगत के कार्यकर्ता व समर्थक आमने सामने हो गए और अपने नेता के समर्थन में नारे लगाने लगे। वही सुखदेव भगत के समर्थकों ने स्थानीय उम्मीदवार की मांग पर जमकर नारेबाजी की। समर्थकों ने इस मामले को लेकर शक्ति प्रदर्शन भी किया है।

सांसद सुखदेव भगत ने कहा, लोहरदगा सीट कोई चारागाह नही है। इस बार स्थानीय की मांग कांग्रेस कार्यकताओं की है। कांग्रेस आलाकमान से मिल कांग्रेस कार्यकताओं की भावना से अवगत कराकर स्थानीय प्रत्याशी की मांग किया जाएगा। इस मामले पर डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा मामला पार्टी की जिला स्तरीय कार्यकारणी की रायसुमारी बैठक आयोजित किया गया था। पर्यवेक्षक स्थानीय नेताओं और कार्यकताओं की रायसुमारी संबंधी विवरण प्रदेश आलाकमान को भेजा जाएगा। इस बैठक में पर्यवेक्षक अमरजीत भगत, जिला अध्यक्ष सुखेर भगत समेत कांग्रेस के कई बड़े और रसूखदार नेता मौजूद थे।

## परमवीर अल्बर्ट एक्का मेमोरियल कॉलेज में भाषण प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर**

परमवीर अल्बर्ट एक्का मेमोरियल कॉलेज चैनपुर में 55वां राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) स्थापना दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें स्वच्छता और सामुदायिक सेवा पर ध्यान केंद्रित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य फादर इनोसेंट कुजूर दीप प्रज्वलन एवम पौधा रोपण कर कार्यक्रम का सुभारंभ किया फिर फिर स्वयसेवको ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए,कार्यक्रम अधिकारी अमित कुमार ने एनएसएस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्रों से सामुदायिक कल्याण में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान किया। अपने संबोधन में उन्होंने एनएसएस स्वयंसेवकों की समाज सेवा में भूमिका को रेखांकित किया और स्वच्छता अभियानों सहित अन्य सामाजिक पहल में छात्रों की भागीदारी को महत्वपूर्ण बताया। भाषण प्रतियोगिता में छात्रों ने व्यक्तिगत और सामुदायिक जीवन में स्वच्छता के महत्व पर अपने विचार साझा किए और स्वच्छता ही सेवा अभियान से प्रेरणा लेते हुए स्वच्छता की ओर जागरूकता का संदेश दिया।

## दो किमी की सड़क भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से बनी थी

**जारी।** चैनपुर अनुमंडल के जारी प्रखंड के डुमरटोली गांव से लेकर सिकरी गांव तक बनी दो किमी की सड़क भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गयी है !यह सड़क दो साल पूर्व डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से बनी थी !परंतु सड़क बनने के साथ ही कई जगहों पर बरसात में सड़क बह गयी. सड़क बहने से प्रखंड के ग्रामीणों को प्रखंड मुख्यालय आने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।दो किमी सड़क पर दो जगहों पर जानलेवा गड्ढे बन चुके हैं। एक आधा सड़क बह गयी व दूसरी तरफ हो गया गड्ढा।जगह सड़क का आधा हिस्सा गायब हो चुका है। तो दूसरी ओर पुलिया में सिर्फ छड़ लटक रहा है। इस सड़क में तो कार या बाइक की बात छोड़ दीजिये। पैदल चलना भी खतरे से खाली नहीं है। सड़क ठीक रहने पर सिकरी, रेंगनी टोली, लाहटोली, पाकर टोली, खुंटीटोली, आंवराटोली, बिरकेरा, तिल्हौटोली, पगुरा के ग्रामीणों को प्रखंड मुख्यालय पहुंचने में पांच किमी दूरी कम होती थी.लेकिन अब ग्रामीणों को अंबाटोली, बुमतेल घूम कर प्रखंड मुख्यालय आना पड़ता है.ग्रामीण पांडु यादव, आलम खान,अरशद खान, प्रवीण खेरवार,सुशील मिंज, रामप्रकाश गोप ने कहा कि इस सड़क पर चल कर स्कूली बच्चे पैदल या साइकिल से स्कूल जाते हैं। किसी दिन किसी प्रकार की कोई अनहोनी न हो जाये इस बात का डर परिवार वालों को सताते रहता है।







हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

मेरे प्यारे झारखण्ड वासियों, जोहार !

कुपोषण मुक्त झारखण्ड के संकल्प को साकार करने हेतु प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी 01 से 30 सितम्बर तक **'पोषण माह'** के रुप में मनाया जा रहा है। जैसा कि हम सभी जानते हैं कि स्वस्थ शरीर के लिए सही पोषण अत्यावश्यक है। विशेष रुप से किशोरी, बालिकाओं, गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पौष्टिक आहार बहुत ही महत्वपूर्ण है। झारखण्ड प्रदेश को प्रकृति ने विभिन्न प्रकार की हरी साग-सब्जियों एवं फलों का उपहार दिया, है जो हमारे घर आंगन के आस-पास अत्यन्त आसानी से कम मूल्य में उपलब्ध है। अपने भोजन में इनका समावेश कुपोषण को दूर करने में हमारी बहुत मदद कर सकता है। पोषण माह के दौरान एनीमिया को दूर करने, वृद्धि निगरानी, ऊपरी आहार के महत्व का व्यापक प्रचार-प्रसार, पोषण भी, पढ़ाई भी, को बढ़ावा देने, बेहतर पोषण के लिए तकनीक का वृहत उपयोग एवं समग्र पोषण पर जागरुकता फैलाने हेतु राज्य/जिला/परियोजना/आंगनबाड़ी केन्द्रों पर विभिन्न विभागों के समन्वय से विभिन्न गतिविधियाँ जन आंदोलन के रुप में आयोजित की जाएँगी। आंगनबाड़ी केन्द्रों, शिक्षण संस्थानों तथा पंचायतों आदि में अन्नप्राशन, गोदभराई, पोषण रैली, पोषण रथ, पोषण पर चर्चा, वाद-विवाद प्रतियोगिता तथा रचनात्मक गतिविधियाँ यथा-रंगोली प्रतियोगिता, क्विज तथा अन्य कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे, जिससे लोगों में पोषण को लेकर ज्ञानवर्धन हो सके। मेरा अनुरोध है कि विभिन्न गतिविधियों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें एवं पोषण के संदेशों को घर-घर तक पहुंचाएं, ताकि कुपोषण मुक्त झारखण्ड का हमारा सपना साकार हो सके।

सुपोषित झारखण्ड, साक्षर झारखण्ड, सशक्त झारखण्ड !




आपका
हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

PR No. 336995 (Women, Child Development & Social Security) 2024-25

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार

अन्नपूर्णा देवी ने पोषण माह की प्रगति की समीक्षा की, कहा

# झारखंड में कोई भी बच्चा और महिला कुपोषण से पीड़ित न रहे



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा/रांची।** महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी, मंगलवार को कोडरमा पहुंचीं और पोषण माह 2024 की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने झारखंड में महिलाओं और बच्चों की पोषण स्थिति में सुधार के लिए की जा रही पहलों का मूल्यांकन किया। अपनी यात्रा के दौरान, उन्होंने कोडरमा में कुपोषण मुक्त झारखंड कार्यक्रम की अध्यक्षता भी की। कार्यक्रम के दौरान अन्नपूर्णा देवी ने कुपोषण उन्मूलन के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता रेखांकित किया और कहा, कि महिला और बाल विकास मंत्रालय भविष्य की पीढ़ियों के संपूर्ण स्वास्थ्य और पोषण को सुनिश्चित करने के लिए समर्पित है। हमारे कार्यक्रम, जैसे पोषण माह और मिशन सक्षम आंगनबाड़ी, कुपोषण के खिलाफ हमारी लड़ाई में महत्वपूर्ण हैं। झारखंड के लोगों की सक्रिय भागीदारी से मैं उत्साहित हूं, और हम साथ मिलकर यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी बच्चा या महिला कुपोषण से पीड़ित न रहे। मंत्री ने पोषण माह 2024 की महत्वपूर्ण उपलब्धियों पर जोर दिया, जो छह मुख्य विषयों पर केंद्रित हैः एनीमिया, वृद्धि निगरानी, पूरक आहार, बेहतर शासन के लिए प्रौद्योगिकी, एक पेड़ मां के नाम एवं पोषण भी, पढ़ाई भी। उन्होंने झारखंड में पोषण माह उत्सव की सराहना की, जिसमें सभी 24 जिलों में 12.53 लाख से अधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित की गईं, जो समुदाय की पोषण में सुधार के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ती हैं।

इन पहलों के अलावा अन्नपूर्णा देवी ने पोषण माह 2024 के पर्यावरणीय पहलू पर प्रकाश डाला, जिसमें पूरे देश के 13.95 लाख आंगनबाड़ी केंद्रों में पौधरोपण को बढ़ावा दिया गया, और एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 50 लाख से अधिक पौधे लगाए गए हैं। मंत्री ने पोषण माह 2024 को बढ़ावा देने में विभिन्न मंत्रालयों जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, ग्रामीण विकास, पंचायती राज और आयुष के सहयोगात्मक प्रयासों की सराहना की। अपनी यात्रा के दौरान अन्नपूर्णा देवी ने आयुष मंत्रालय के साथ मिलकर पांच जिलों में, जिनमें पश्चिम सिंहभूम भी शामिल है, आयुर्वेदिक प्रयासों के माध्यम से एनीमिया को दूर करने के लिए एक पायलट परियोजना की समीक्षा की।

## पेज एक के शेष

**मंईयां योजना में 300...**
हित में है। अन्नपूर्णा देवी ने यह भी कहा कि सीएम के इलाके में महिलाओं के साथ अपराध हुआ है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। **नक्सलियों का बढ़ता खतरा :** सांसद विष्णुदयाल राम ने भी परिवर्तन यात्रा के दौरान बयान दिया कि छत्तरपुर के इलाके में नक्सली फिर से सिर उठाने लगे हैं। उन्होंने कहा, ₹कमजोर हो चुके नक्सली एक बार फिर से लेवी के लिए कॉल कर रहे हैं।₹ स्थानीय विधायक पुष्पा देवी ने राज्य सरकार को 'गूंगी बहरी' बताया और कहा कि वह छत्तरपुर के इलाके में निबंधन कार्यालय लाना चाहते हैं, लेकिन हेमंत सोरेन फाइल पर हस्ताक्षर नहीं कर रहे हैं। यह परिवर्तन यात्रा पलामू में राजनीतिक चर्चाओं का केंद्र बन गई है, जहां विभिन्न नेताओं ने राज्य सरकार की नीतियों और कार्यों पर सवाल उठाए हैं।

**पुलिस हिरासत में आरोपी की...**
पदाधिकारी का वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। उन वाहनों में पुलिस बस, डीएसपी वाहन, थाना प्रभारी का वाहन के साथ अन्य वाहन शामिल है। ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए पुलिस जवान 15 से 20 मिनट के लिए पूरी तरह थाना के अंदर कैद हो गए। इसके बाद थाना से बाहर निकली पुलिस जवानों ने हवाई फायरिंग करना शुरू कर दिया गया। उनके डर से भाग दौड़ में कई ग्रामीण भी चोटिल हो गए। मृतक बच्चा भुइयां के परिजनों का आरोप है कि चाकू मारने के आरोप में शुक्रवार को ही पुलिस द्वारा उन्हें जरही गांव से गिरफ्तार कर लाया गया था। बच्चा भुइयां की पुलिस पिटाई से सोमवार रात्रि को थाना के हवालात में मौत हो गई। मृतक की पत्नी बसंती देवी ने बताया कि चाकू मारने के आरोप में शुक्रवार की अहले सुबह मेरे पति को गिरफ्तार कर डंडाई पुलिस थाना ले गयी थी। पुलिस पिटाई से उसके पति की हवालात में मौत हो गई।

**केंद्र सरकार ने झारखंड का...**
उन्हें किसी के आगे हाथ नहीं फैलाना पड़ेगा और उन्हें सालाना एक लाख रुपये भी दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल हमारी योजनाओं की नकल करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन यह केवल एक चुनावी जुमला है। मंईयां सम्मान योजना से विपक्षी दल खलबली मचा हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में खनिज के भंडार होने के बावजूद यहां के लोगों की हालत खराब है और केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिलने वाला पैसा 3-4 साल तक नहीं दिया। उन्होंने विपक्ष पर झूठे आरोप लगाने का आरोप लगाया और कहा कि सरकार लोगों को अधिकार देने का काम कर रही है, जबकि विपक्षी उनके काम में बाधा डालने की कोशिश कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सोने की चिड़िया पर कब्जा करने के लिए इन व्यापारियों का पूरा ताकत लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि हमने प्रधानमंत्री को चिट्ठी लिखकर एक लाख छत्तीस हजार करोड़ रुपया बकाया केंद्र सरकार से मांगा है, लेकिन वे केवल एक करोड़, दो करोड़ दे रहे हैं। अगर वे हमें उस पैसे का ब्याज भी दे दें, तो हम मंईयां सम्मान योजना की राशि एक हजार से बढ़ाकर दो हजार कर देंगे। हम गरीबों को ताकत देने का काम कर रहे हैं और यही बात विपक्ष को तकलीफ दे रही है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान उन्होंने लोगों को उनके घरों तक पहुंचाने का काम किया। झारखंड पूरे देश में पहला राज्य था, जिसने अपने प्रवासी मजदूरों को हवाई जहाज से वापस लाने का काम किया। कार्यक्रम में मंत्री सत्यानन्द भोक्ता, मंत्री बन्ना गुप्ता, विधायक उमा शंकर अकेला, चतरा जिला परिषद अध्यक्ष ममता देवी, कोडरमा जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव, चतरा 20 सूत्री उपाध्यक्ष प्रभुदयाल राम तथा चतरा एवं कोडरमा जिले के उपायुक्त तथा पुलिस अधीक्षक समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। **राज्य में जल्द ही कई राइस मिल खुलेंगे :** मुख्यमंत्री ने कहा कि जब किसान खुशहाल होंगे, तो राज्य मजबूत होगा। इसी बात को ध्यान में रखकर किसानों के कल्याण के लिए सरकार लगाकर कार्य कर रही है। हमारी सरकार किसानों से धान खरीद ही रही है, अब राइस मिल खोलने का भी निर्णय ले चुके हैं। राज्य में जल्द ही कई राइस मिल खुलेंगे। इन राइस मिलों में जो चावल बनेगा, उसे हम गरीबों के बीच मुफ्त वितरित करेंगे।

**निष्पक्ष मतदान कराने को...**
सर्वसम्मति से चुनाव प्रक्रिया में अधिक भागीदारी के लिए चुनाव कार्यक्रम तय करने से पहले अक्टूबर और नवंबर के महीने में दिवाली, छठ, दुर्गा पूजा और राज्य स्थापना दिवस जैसे विभिन्न त्योहारों पर विचार करने का अनुरोध किया। बताया गया कि छठ पूजा के दौरान राज्य के कई मतदाता यात्रा करेंगे। **कई दलों ने किया स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने का अनुरोध :** राजनीतिक दलों ने त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने तथा समान अवसर के लिए स्थानीय नागरिक एवं पुलिस प्रशासन द्वारा गैर-पक्षपातपूर्ण कार्रवाई के साथ स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने का अनुरोध किया। संवेदनशील और ग्रामीण मतदान केंद्रों पर उचित तैनाती के लिए सीएपीएफ और राज्य पुलिस का उचित मिश्रण, जिसकी निगरानी एक आईजी स्तर के अधिकारी द्वारा की जाएगी।


## झारखण्ड सरकार
### कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा

**अति अल्पकालीन ईच्छा की अभिव्यक्ति**

राज्यादेश संख्या 04 रा0(वि0) दिनांक 30.05.2024 के आलोक में एतद् द्वारा लोहरदगा जिले के सभी मत्स्य के बीज उत्पादकों को सूचित किया जाता है कि समेकित मात्स्यिकी को बढ़ावा देने हेतु तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्वार योजनान्तर्गत लोहरदगा जिले के विभिन्न जलाशयों में मत्स्य अंगुलिकाओं के संचयन हेतु भारतीय मेजर कार्प (रोहू, कतला, मृगल) एवं ग्रास कार्प बीज के मत्स्य अंगुलिकाओं की आवश्यकता है।

इच्छुक मत्स्य बीज उत्पादकों से मत्स्य अंगुलिकाओं की आपूर्ति हेतु ईच्छा की अभिव्यक्ति का आमंत्रण की जाती है। ईच्छा की अभिव्यक्ति तकनीकी एवं वित्तीय प्रस्ताव के साथ दिनांक 30.09.2024 तक कार्यालय अवधि में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में जमा किया जा सकता है। बाद में प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

विदित हो कि मेजर कार्प मत्स्य अंगुलिकाओं के क्रय का सरकारी दर मो0 750.00 (सात सौ पचार) रू0 प्रति है। परिवहन व्यय सहित तथा ग्रास कार्प मत्स्य अंगुलिकाओं का दर मो0 1500.00 (एक हजार पाँच सौ) रू0 प्रति हजार परिवहन सहित की दर से निर्धारित है।

मत्स्य अंगुलिकाओं के आपूर्ति से संबंधित शर्ते निम्नवत् होंगे।

शर्तः– 1. आपूर्तिकर्त्ता (मत्स्य बीज उत्पादक) को जलाशयों तक अंगुलिकाओं को अपने खर्च पर जीवित तथा स्वस्थ अवस्था में पहुँचना होगा।
2. आपूर्तिकर्त्ता (मत्स्य बीज उत्पादक) के द्वारा जिस तालाब में मत्स्य अंगुलिकाओं को तैयार किया जा रहा है, उस तालाब का पूर्व विवरण/मत्स्य बीज उत्पादक एवं पूर्ण पता से कार्यालय को अवगत कराना अनिवार्य होगा, जिससे संचयन के पूर्व उनकी जाँच/सत्यापन कराई जा सके विवरण प्रास्तुत करने हेतु विहित प्रपत्र कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
3. जिन मत्स्य बीज उत्पादकों को अधोहसताक्षरी के स्तर से मत्स्य अंड बीज (स्पॉन) आपूर्तिकी गई है। उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी।
4. जलाशय में संचयन हेतु एक मत्स्य बीज उत्पादक से न्युनतम 50 हजार तथा अधिकतम 02 लाख मत्स्य बीज (मेजर कार्प अंगुलिकाओं) ही क्रय किये जायेंगे एवं तद्नुसार लाभुक के बैंक खाते में अनुदान की राशि डी0बी0टी0 के माध्यम से उपलब्ध करायी जाएगी।
5. आपूर्तिकर्त्ता (मत्स्य बीज उत्पादक) के प्रस्ताव निविदा अथवा उनके द्वारा प्रदत्त मत्स्य अंगुलिकोओं को रद्द अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को पौस सुरक्षित रहेगा।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुर्ख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
लोहरदगा

PR 336854 (Fish)24-25*D



## झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
### झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

68वीं औपबंधिक सूची
जिला– लातेहार

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता का विवरण | केस सं0/ वाद सं0 | झा0 आं0 के सेनानी पुस्तिका में नाम | आन्दोलनकारी होने का संक्षिप्त कारण | गृह विभाग के संकल्प संख्या–2108 दिनांक 07.05.2012 के आलोक में श्रेणी का वर्गीकरण। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1. आवेदन क्रमांक–**710/24**<br>2. आवेदक–**लुयूस कुजूर**<br>3. पिता–**मानवेल कुजूर**<br>4. ग्राम–**परहा टोली** पोस्ट–**किता**<br>5. थाना–**महुआडांड** प्रखण्ड–**महुआडांड**<br>6. लिंग–**पुरूष** आयु–**45 वर्ष**<br>7. पहचान चिह्न–**अंकित नहीं।** | महुआडांड थाना काण्ड सं0 16/91 | पृ–71 क्र.–7(3) | कारण–दिनांक 15.04.1991 को 200–250 की संख्या में नाजायज मजमा बना कर विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप। | 2(ix) |

नोट :– 1. सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि यथा नाम, पिता का नाम, पूरा पता, लिंग, आयु, पहचान चिह्न, केस/वाद सं0, झा0 आंदोलन के सेनानी पुस्तिका, कारण, जेल अवधि आदि में पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं और यदि जेल गये हैं तो उसका प्रमाण पत्र/आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध करावें।
2. जिन आवेदकों का चिन्हितीकरण अखबार कतरन/बैठक पंजी/सदस्यता प्रमाण पत्र के आधार पर किया गया है, वे सम्पुष्टिकरण से पूर्व उक्त कागजात को सक्षम पदाधिकारी से अभिप्रमाणित कर, इसमें नाम होने के आषय का शपथ पत्र अवष्य रूप से उपलब्ध करावें।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य — (नरसिंह मुर्मू) सदस्य — (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 336864 Home (24-25)_D



## झारखण्ड सरकार
## गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
## झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

67वीं औपबंधिक सूची जिला–लातेहार (पार्ट–2)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री अनिल मिंज, सत्येन्द्र सिंह एवं धनेष्वर उराँव द्वारा माननीय सदस्य श्री भुवनेष्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 68. | 1. आवेदन क्र0–374/24<br>2. आवेदक–तपेष्वर भगत , पिता–करमा भगत<br>3. ग्राम–दामोदर , पोस्ट–दामोदर , थाना–चन्दवा , प्रखण्ड–चन्दवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिना पैर में सफेद दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 69. | 1. आवेदन क्र0–375/24<br>2. आवेदक–राज किशोर उराँव , पिता–पोढ़वा उराँव<br>3. ग्राम–बनहरदी , पोस्ट–बनहरदी , थाना–चन्दवा , प्रखण्ड–चन्दवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष , पहचान चिन्ह–छाती पर तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 70. | 1. आवेदन क्र0–376/24<br>2. आवेदक–रामेष्वर उराँव , पिता–पोढ़वा उराँव<br>3. ग्राम–बनहरदी , पोस्ट–बनहरदी , थाना–चन्दवा , प्रखण्ड–चन्दवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–59 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें हाथ में जले का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 71. | 1. आवेदन क्र0–377/24<br>2. आवेदक–अर्जुन लोहरा , पिता–स्व0 नन्कू लोहरा<br>3. ग्राम–बुल्हु , पोस्ट–आन , थाना–चन्दवा , प्रखण्ड–चन्दवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिना पैर में जख्म। | कंडिका–2(ix) |
| 72. | 1. आवेदन क्र0–378/24<br>2. आवेदक–राज कुमारी , पति–बिर्जुन गंझू<br>3. ग्राम–भूसार , पोस्ट–कामता , थाना–चन्दवा , प्रखण्ड–चन्दवा<br>4. लिंग–महिला , आयु–54 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें हाथ में गोदना। | कंडिका–2(ix) |
| 73. | 1. आवेदन क्र0–379/24<br>2. आवेदक–सुरेन्द्र भगत , पिता–षनि भगत<br>3. ग्राम–दामोदर , पोस्ट–दामोदर , थाना–चन्दवा , प्रखण्ड–चन्दवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिना आँखा में सफेद। | कंडिका–2(ix) |
| 74. | 1. आवेदन क्र0–380/24<br>2. आवेदक–सुखलाल गंझू , पिता–रघुनन्दन गंझू<br>3. ग्राम–चतरो , पोस्ट–दामोदर , थाना–चन्दवा , प्रखण्ड–चन्दवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–76 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें हाथ के कलाई में जला। | कंडिका–2(ix) |
| 75. | 1. आवेदन क्र0–381/24<br>2. आवेदक–बिनोद भगत , पिता–स्व0 ललित भगत<br>3. ग्राम–अम्बादोहर , पोस्ट–दामोदर , थाना–चन्दवा , प्रखण्ड–चन्दवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिना आँख के ऊपर कटा। | कंडिका–2(ix) |
| 76. | 1. आवेदन क्र0–382/24<br>2. आवेदक–तारामनी भगत , पति–स्व0 यमुनाधर लाल भगत<br>3. ग्राम–दामोदर (नगर), पोस्ट–दामोदर , थाना–चन्दवा , प्रखण्ड–चन्दवा<br>4. लिंग–महिला , आयु–55 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें हाथ में जख्म। | कंडिका–2(ix) |
| 77. | 1. आवेदन क्र0–383/24<br>2. आवेदक–प्रमोद गंझू , पिता–स्व0 मघेष्वर गंझू<br>3. ग्राम–चतरो कुसुम टोली , पोस्ट–दामोदर , थाना–चन्दवा , प्रखण्ड–चन्दवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें गाल में कटा निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 78. | 1. आवेदन क्र0–384/24<br>2. आवेदक–बलदेव भगत , पिता–स्व0 शनि भगत<br>3. ग्राम–दामोदर , पोस्ट–दामोदर , थाना–चन्दवा , प्रखण्ड–चन्दवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–58 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिना पैर एड़ी के ऊपर कटा। | कंडिका–2(ix) |
| 79. | 1. आवेदन क्र0–385/24<br>2. आवेदक–लल्लू उराँव , पिता–स्व0 दसई उराँव<br>3. ग्राम–चतरो , पोस्ट–दामोदर , थाना–चन्दवा , प्रखण्ड–चन्दवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–88 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिना आँख के ऊपर तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 80. | 1. आवेदन क्र0–386/24<br>2. आवेदक–भूखली देवी , पति–स्व0 बाबुलाल गंझू<br>3. ग्राम–चतरो , पोस्ट–दामोदर , थाना–चन्दवा , प्रखण्ड–चन्दवा<br>4. लिंग–महिला , आयु–65 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिना छाती के नीचे तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 81. | 1. आवेदन क्र0–387/24<br>2. आवेदक–लक्ष्मण गंझू , पिता–सबना गंझू<br>3. ग्राम–चतरो , पोस्ट–दामोदर , थाना–चन्दवा , प्रखण्ड–चन्दवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–56 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें जांघ में कटा। | कंडिका–2(ix) |
| 82. | 1. आवेदन क्र0–388/24<br>2. आवेदक–सुमित्रा भगत , पति–महेष चन्द्र भगत<br>3. ग्राम–दामोदर , पोस्ट–दामोदर , थाना–चन्दवा , प्रखण्ड–चन्दवा<br>4. लिंग–महिला , आयु–52 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 83. | 1. आवेदन क्र0–389/24<br>2. आवेदक–लौदा गंझू , पिता–स्व0 मंगन गंझू<br>3. ग्राम–चतरो , पोस्ट–दामोदर , थाना–चन्दवा , प्रखण्ड–चन्दवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–81 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें हाथ के कलाई में जला। | कंडिका–2(ix) |
| 84. | 1. आवेदन क्र0–390/24<br>2. आवेदक–रमेष उराँव , पिता–स्व0 हरिमोहन उराँव<br>3. ग्राम–चतरो , पोस्ट–दामोदर , थाना–चन्दवा , प्रखण्ड–चन्दवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–32 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 85. | 1. आवेदन क्र0–391/24<br>2. आवेदक–लालमनी देवी , पति–प्रमोद भगत<br>3. ग्राम–अम्बादोहर , पोस्ट–दामोदर , थाना–चन्दवा , प्रखण्ड–चन्दवा<br>4. लिंग–महिला , आयु–50 वर्ष , पहचान चिन्ह–छाती में गोदना। | कंडिका–2(ix) |
| 86. | 1. आवेदन क्र0–392/24<br>2. आवेदक–मुन्नी देवी , पति–महेष उराँव<br>3. ग्राम–अम्बादोहर , पोस्ट–दामोदर , थाना–चन्दवा , प्रखण्ड–चन्दवा<br>4. लिंग–महिला , आयु–51 वर्ष , पहचान चिन्ह–गर्दन में गोदना। | कंडिका–2(ix) |
| 87. | 1. आवेदन क्र0–433/24<br>2. आवेदक–रतीलाल उरॉव , पिता–स्व0 फुलदेव उरॉव<br>3. ग्राम–अम्बादोहर पोस्ट– दामोदर , थाना–चन्दवा , प्रखण्ड–चन्दवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 88. | 1. आवेदन क्र0–434/24<br>2. आवेदक–भुनेष्वर गंझु , पिता–स्व0 चन्द्रभान गंझु<br>3. ग्राम–नगर चन्दवा पोस्ट– दामोदर , थाना–चन्दवा , प्रखण्ड–चन्दवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ में तील। | कंडिका–2(ix) |
| 89. | 1. आवेदन क्र0–435/24<br>2. आवेदक–मंजिरा उरॉव , पिता–स्व0 भण्डारी उरॉव<br>3. ग्राम–अम्बादोहर पोस्ट–दामोदर , थाना–चन्दवा , प्रखण्ड–चन्दवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 90. | 1. आवेदन क्र0–436/24<br>2. आवेदक–दिनेष बैठा , पिता–देवचरण बैठा<br>3. ग्राम– दामोदर , पोस्ट–दामोदर , थाना–चन्दवा , प्रखण्ड–चन्दवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 91. | 1. आवेदन क्र0–437/24<br>2. आवेदक–सुले उरॉव , पिता–गन्दरू उरॉव<br>3. ग्राम–दामोदर पोस्ट–दामोदर , थाना–चन्दवा , प्रखण्ड–चन्दवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 92. | 1. आवेदन क्र0–438/24<br>2. आवेदक–जगेष्वर गंझु , पिता–स्व0 टेमा गंझु<br>3. ग्राम–अनगडा पोस्ट– दामोदर , थाना–चन्दवा , प्रखण्ड–चन्दवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाये पैर में कटा निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 93. | 1. आवेदन क्र0–439/24<br>2. आवेदक–प्रमोद कुमार भगत , पिता–स्व0 ललित उरॉव<br>3. ग्राम– अम्बादोहर पोस्ट– दामोदर , थाना–चन्दवा , प्रखण्ड–चन्दवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाये पैर में कटा निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 94. | 1. आवेदन क्र0–440/24<br>2. आवेदक–महेष उरॉव , पिता–स्व0 भण्डारी उरॉव<br>3. ग्राम– अम्बादोहर पोस्ट– दामोदर , थाना–चन्दवा , प्रखण्ड–चन्दवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाये पैर में कटा निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 95. | 1. आवेदन क्र0–441/24<br>2. आवेदक–चरवा उरॉव , पिता–स्व0 सुकरा उरॉव<br>3. ग्राम– चतरो पोस्ट– दामोदर , थाना–चन्दवा , प्रखण्ड–चन्दवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाये पैर में कटा निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 96. | 1. आवेदन क्र0–442/24<br>2. आवेदक–माण्डू उरॉव , पिता–बिरसा उरॉव<br>3. ग्राम– चन्दवा पोस्ट– चन्दवा , थाना–चन्दवा , प्रखण्ड–चन्दवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाये पैर में कटा निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 97. | 1. आवेदन क्र0–443/24<br>2. आवेदक–नवल मिंज , पिता–स्व0 रोबर्ट मिंज<br>3. ग्राम– गेरूवागढ़ा पोस्ट– चन्दवा , थाना–चन्दवा , प्रखण्ड–चन्दवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट में कटा निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 98. | 1. आवेदन क्र0–444/24<br>2. आवेदक– श्याम सुन्दर उरॉव , पिता–स्व0 लेटा उरॉव<br>3. ग्राम– अम्बादोहर पोस्ट– दामोदर , थाना–चन्दवा , प्रखण्ड–चन्दवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाये ऑख में कटा निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 99. | 1. आवेदन क्र0–445/24<br>2. आवेदक– महेष्वर गंझु , पिता–स्व0 तुला गंझु<br>3. ग्राम–अनगडा पोस्ट– दामोदर , थाना–चन्दवा , प्रखण्ड–चन्दवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने छाति में तील। | कंडिका–2(ix) |
| 100 | 1. आवेदन क्र0–649/24<br>2. आवेदक–मनोज प्रसाद , पिता–स्व0 विषुनदेव साव<br>3. ग्राम–थाना टोली, चन्दवा पोस्ट–चन्दवा , थाना–चन्दवा , प्रखण्ड–चन्दवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी बिजय भगत , मुरलीधर प्रसाद एवं विरेन्द्र ठाकुर द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेष्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान तथा पहचान के आधार पर। | |
| 101 | 1. आवेदन क्र0–446/24<br>2. आवेदक–नन्दु राम चन्द्रवंषी , पिता–सहोदर राय<br>3. ग्राम–केडू, पोस्ट–मोंगर , थाना–लातेहार , प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट में तील का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 102 | 1. आवेदन क्र0–एन0/61<br>2. आवेदक–षंकर राम , पिता–स्व0 बैजु राम<br>3. ग्राम–केडू, पोस्ट–मोंगर , थाना–लातेहार , प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने गर्दन में तील का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 103 | 1. आवेदन क्र0–एन0/62<br>2. आवेदक–कमलेष प्रसाद , पिता–स्व0 नरसिंह साव<br>3. ग्राम–पाण्डेयपुरा पोस्ट–पाण्डेयपुरा , थाना–लातेहार , प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–ठुडी में कटा हुआ निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 104 | 1. आवेदन क्र0–एन0/33<br>2. आवेदक–सुखदेव उरॉव , पिता–सुरज उरॉव<br>3. ग्राम–केडू, पोस्ट–मोंगर , थाना–लातेहार , प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 105 | 1. आवेदन क्र0–447/24<br>2. आवेदक–किषुन उरॉव , पिता–जगतु उरॉव<br>3. ग्राम–केडू, पोस्ट–मोंगर , थाना–लातेहार , प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–लीलार में गोदना। | कंडिका–2(ix) |
| 106 | 1. आवेदन क्र0–448/24<br>2. आवेदक–जगमोहन सिंह , पिता–जीवराखन सिंह<br>3. ग्राम–केडू, पोस्ट–मोंगर , थाना–लातेहार , प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाति में तील का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 107 | 1. आवेदन क्र0–650/24<br>2. आवेदक–बिनीता भगत , पति–विनोद कुमार भगत<br>3. ग्राम–सिन्दवार टोली, पोस्ट–सदर , थाना–सदर , प्रखण्ड–सदर<br>4. लिंग–महिला , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–कान पर मासा। | कंडिका–2(ix) |
| 108 | 1. आवेदन क्र0–651/24<br>2. आवेदक–बंधु सिंह खरवार , पिता–स्व0 देवकिषुन सिंह<br>3. ग्राम–डांडीछापर , पोस्ट–कोटाम , थाना–गारू , प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–76 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें कलाई पर तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 109 | 1. आवेदन क्र0–652/24<br>2. आवेदक–सुरेष सिंह , पिता–स्व0 विफन सिंह<br>3. ग्राम–डांडीछापर , पोस्ट–कोटाम , थाना–गारू , प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 110 | 1. आवेदन क्र0–653/24<br>2. आवेदक–रामा सिंह , पिता–रामकिषुन सिंह<br>3. ग्राम–चोरहा , पोस्ट–चोरहा , थाना–गारू , प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–पिठ पर तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 111 | 1. आवेदन क्र0–654/24<br>2. आवेदक–अखलेष कुमार , पिता–स्व0 मथुरा प्रसाद<br>3. ग्राम–गारू , पोस्ट–गारू , थाना–गारू , प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर घुटने पर कटे का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 112 | 1. आवेदन क्र0–655/24<br>2. आवेदक–सनीदेव उरांव , पिता–विष्णु उरांव<br>3. ग्राम–कवरी , पोस्ट–कोटाम , थाना–गारू , प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 113 | 1. आवेदन क्र0–656/24<br>2. आवेदक–विष्णु उरांव , पिता–स्व0 नोहरी उरांव<br>3. ग्राम–सीमाखास , पोस्ट–सीमाखास , थाना–गारू , प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–74 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ में तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 114 | 1. आवेदन क्र0–453/24<br>2. आवेदक–सरिता देवी , पति–रामा सिंह<br>3. ग्राम–चोरहा , पोस्ट– सरजु , थाना– गारू , प्रखण्ड– गारू<br>4. लिंग–महिला , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाये हाथ के बाह में चोट लगा हुआ दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 115 | 1. आवेदन क्र0–454/24<br>2. आवेदक–प्रदिप कुजूर , पिता–राजेन्द्रर कुजूर<br>3. ग्राम–सिरीस , पोस्ट– पल्हेया , थाना– मनिका , प्रखण्ड– मनिका<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर के ठेहुनी में घाव। | कंडिका–2(ix) |
| 116 | 1. आवेदन क्र0–455/24<br>2. आवेदक–अमल सिंह , पिता–स्व0 किनु सिंह<br>3. ग्राम–गोइन्दी हेठाटोली , पोस्ट– करवाई , थाना– गारू , प्रखण्ड– गारू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 117 | 1. आवेदन क्र0–657/24<br>2. आवेदक–तरसीला मिंज , पति–अनिल मिंज<br>3. ग्राम–चैनपुर , पोस्ट–चटकपुर , थाना–महुआडांड , प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–महिला , आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 118 | 1. आवेदन क्र0–658/24<br>2. आवेदक–इमिलीया मिंज , पति–जौन कुजूर<br>3. ग्राम–धांगरटोला , पोस्ट–गारू, थाना– गारू , प्रखण्ड– गारू<br>4. लिंग–महिला , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 119 | 1. आवेदन क्र0–659/24<br>2. आवेदक–जौन कुजूर , पिता–स्व0 पतरस कुजूर<br>3. ग्राम–धांगरटोला , पोस्ट–गारू, थाना– गारू , प्रखण्ड– गारू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना ठेहुना के पास जख्म का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 120 | 1. आवेदन क्र0–660/24<br>2. आवेदक–बासुदेव उरांव , पिता–नोहरी उरांव<br>3. ग्राम–सिमाखास , पोस्ट–गारू, थाना– गारू , प्रखण्ड– गारू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 121 | 1. आवेदन क्र0–661/24<br>2. आवेदक–सर्वजीत उरांव , पिता–विष्णु उरांव<br>3. ग्राम–कवरी , पोस्ट–गारू, थाना– गारू , प्रखण्ड– गारू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–होंठ पर तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी बिरसा मुण्डा , सुर्यदेव भगत एवं महाभारत भगत द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेष्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान तथा पहचान के आधार पर। | |
| 122 | 1. आवेदन क्र0–449/24<br>2. आवेदक–पहलु उरॉव , पिता–स्व0 मधु उरॉव<br>3. ग्राम–धनकारा पोस्ट– नावागढ , थाना–लातेहार , प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाये भौव में मासा। | कंडिका–2(ix) |
| 123 | 1. आवेदन क्र0–450/24<br>2. आवेदक–सुकु उरॉव , पिता–स्व0 बिरू उरॉव<br>3. ग्राम–दुगिला पोस्ट– कुरा , थाना–लातेहार , प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–65वर्ष, पहचान चिन्ह–बाये सिना के बगल में तील का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 124 | 1. आवेदन क्र0–451/24<br>2. आवेदक–रामलाल उरॉव , पिता–स्व0 महरंग उरॉव<br>3. ग्राम–धनकारा पोस्ट– नावागढ , थाना–लातेहार , प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 125 | 1. आवेदन क्र0–452/24<br>2. आवेदक–रतन उरॉव , पिता–ष्याम नारायण उरॉव<br>3. ग्राम–बमनहीरूवा पोस्ट– टेमकी , थाना–लातेहार , प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
3. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य — (नरसिंह मुर्मू) सदस्य — (दुर्गा उरॉव) अध्यक्ष

PR 336684 (Home)24-25*D

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## राष्ट्रपति ने एएसओएसएआई सभा के उद्घाटन सत्र को किया संबोधित, कहा




# लेखा परीक्षा से शासन में जनता का बढ़ता है विश्वास

नवीन मेल संवाददाता

### सार्वजनिक संसाधनों का प्रबंधन पूरी ईमानदारी के साथ हो

राष्ट्रपति ने कहा कि वित्तीय दुनिया अक्सर अपारदर्शी लेखा प्रथाओं से घिरी रहती है। इस स्थिति में, स्वतंत्र सर्वोच्च लेखा परीक्षा संस्थानों की भूमिका यह देखना है कि सार्वजनिक संसाधनों का प्रबंधन कुशलतापूर्वक, प्रभावी ढंग और पूरी ईमानदारी के साथ किया जाए। एसएआई द्वारा किए गए लेखा परीक्षा और मूल्यांकन न केवल सार्वजनिक धन की सुरक्षा करते हैं, बल्कि शासन में जनता का विश्वास भी बढ़ाते हैं।

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि लेखा परीक्षा संस्थाओं द्वारा लेखा परीक्षा और मूल्यांकन से न केवल सार्वजनिक धन की सुरक्षा होती है, बल्कि शासन में जनता का विश्वास भी बढ़ता है। राष्ट्रपति नई दिल्ली में भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) द्वारा आयोजित 16वीं एशियाई सर्वोच्च लेखा परीक्षा संस्थान संगठन (एएसओएसएआई) सभा के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रही थीं।

इस अवसर पर राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि भारत का कैग देश के सार्वजनिक वित्त में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह अकारण नहीं था कि भारतीय संविधान ने कैग के कार्यालय को व्यापक अधिकार और पूर्ण स्वायत्तता प्रदान की है। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि कैग का कार्यालय संविधान निमार्ताओं की अपेक्षाओं पर खरा उतरा है। यह नीति संबंधी और नैतिक आचरण की एक सख्त संहिता का पालन करता है, जो इसके कामकाज में सर्वोच्च स्तर की ईमानदारी सुनिश्चित करता है। राष्ट्रपति ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के ऑडिट का कार्य पारंपरिक ऑडिटिंग से आगे बढ़कर जन कल्याणकारी योजनाओं और परियोजनाओं की प्रभावशीलता का आकलन करना है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे सभी नागरिकों को समान रूप से सेवा प्रदान करें। उन्होंने कहा कि तेजी से प्रौद्योगिकी-संचालित दुनिया में, अधिक से अधिक सार्वजनिक सेवाएं प्रौद्योगिकी का उपयोग करके प्रदान की जा रही हैं। इसलिए, ऑडिट को अपने निरीक्षण कार्यों को प्रभावी ढंग से करने में सक्षम होने के लिए तकनीकी विकास के साथ बने रहने की आवश्यकता है। राष्ट्रपति ने कहा कि आज हम ऐसे महत्वपूर्ण मोड़ पर हैं, जहां कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डाटा एनालिटिक्स, मशीन लर्निंग और भू-स्थानिक प्रौद्योगिकी जैसी उभरती डिजिटल प्रौद्योगिकियां आधुनिक शासन की रीढ़ बन रही हैं। डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (डीपीआई) नागरिकों को प्रदान की जाने वाली डिजिटल अर्थव्यवस्था और सेवाओं के कामकाज को समर्थन देने और बढ़ाने के लिए आधार के रूप में कार्य करती है। डिजिटल पहचान से लेकर ई-गवर्नेंस प्लेटफॉर्म तक, डीपीआई में सार्वजनिक सेवाओं और वस्तुओं की डिलीवरी में क्रांति लाने की क्षमता है, जिससे वे अधिक सुलभ, कुशल और समावेशी बन सकें।


राष्ट्रपति ने कहा कि दुनिया के कई हिस्सों में महिलाओं और समाज के कमजोर वर्गों की डिजिटल तकनीकों तक पहुंच कम है, डिजिटल कौशल विकसित करने के कम अवसर हैं और डिजिटल अर्थव्यवस्था में उनका प्रतिनिधित्व कम है। यह विभाजन न केवल आवश्यक सेवाओं तक उनकी पहुंच को सीमित करता है, बल्कि असमानता को भी बढ़ाता है। यहीं पर सर्वोच्च लेखा परीक्षा संस्थानों (एसएआई) की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। लेखा परीक्षकों के रूप में, उनके पास यह सुनिश्चित करने की अनूठी जिम्मेदारी और अवसर है कि डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना को इस तरह से डिजाइन और कार्यान्वित किया जाए, जो सभी के लिए समावेशी और सुलभ हो।

राष्ट्रपति ने कहा कि भारत के कैग संस्थान का सार्वजनिक लेखा-परीक्षण का समृद्ध इतिहास रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि 16वीं एएसओएसएआई सभा के मेजबान के रूप में एसएआई इंडिया के पास सभा में एकत्रित विद्वानों के विचार-विमर्श में बहुत कुछ प्रस्तुत करने को होगा। उन्होंने 2024 से 2027 की अवधि के लिए एएसओएसएआई की अध्यक्षता संभालने के लिए एसएआई इंडिया को बधाई दी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भारत के कैग के कुशल नेतृत्व में, एएसओएसएआई सदस्यों के बीच अधिक सहयोग और नवाचार को बढ़ावा देते हुए नई ऊंचाइयों को छुएगा। इस अवसर पर भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक गिरीश चंद्र मुर्मू, उप नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के एस सुब्रमण्यन सहित अनेक गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।

## यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता के प्रति पीएम मोदी के समर्थन का आभारी हूं : जेलेंस्की

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने मंगलवार को यूक्रेन की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के प्रति 'स्पष्ट समर्थन' के लिए भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना की। दोनों नेताओं ने भविष्य के संयुक्त राष्ट्र शिखर सम्मेलन से इतर न्यूयॉर्क में मुलाकात की। एक्स पर एक पोस्ट में, जेलेंस्की ने बातचीत के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने लिखा, यह इस साल हमारी तीसरी द्विपक्षीय बैठक है। हम विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं।




जेलेंस्की ने लिखा, हमारी बातचीत का मुख्य फोकस अंतरराष्ट्रीय मंचों, विशेष रूप से संयुक्त राष्ट्र और जी-20 में हमारी बातचीत को बढ़ाने के साथ-साथ शांति सूत्र को लागू करने और दूसरे शांति शिखर सम्मेलन की तैयारी करने पर था।

## जापान में 5.9 तीव्रता का भूकंप

### इजू द्वीप के आसपास कांपी धरती, आधे घंटे बाद आई सुनामी

एजेंसी

**टोक्यो।** बरसात और भूस्खलन से कई दिन से बेहाल जापान के लोगों को मंगलवार को इजू द्वीप समूह के आसपास भूकंप के झटकों का सामना करना पड़ा। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.9 दर्ज की गई। भूकंप आने की वजह ज्वालामुखी गतिविधि बताई गई है। भूकंप के बाद सुबह सुदूर जापानी द्वीपों पर मध्यम दर्जे की सुनामी आई। द जापान टाइम्स की खबर के अनुसार, देश की मौसम विज्ञान एजेंसी ने भूकंप आने के बाद आगाह किया कि इजू और ओगासावारा द्वीप श्रृंखला के तटों पर ज्वार के स्तर से एक मीटर ऊपर तक की लहरें उठ सकती हैं। अमेरिकी भूवैज्ञानिक



सर्वेक्षण ने भूकंप की तीव्रता 5.6 मापी है। इजू समूह के द्वीपों पर लगभग 21,500 और ओगासावारा द्वीप समूह पर लगभग 2,500 लोग रहते हैं। जापान में बरसात और भूस्खलन से भी भारी तबाही हुई है। आज भी राहत और बचाव का काम चल रहा है। लापता लोगों की तलाश की जा रही है।

भूकंप आने के लगभग 30 मिनट बाद हचिजो द्वीप पर याने जिले में लगभग 50 सेंटीमीटर की सुनामी का पता चला। तीन अन्य द्वीपों कोजुशिमा, मियाकेजिमा और इजू और ओशिमा पर कम ऊंची लहरें उठीं। भूकंप का असर हचिजो द्वीप से लगभग 180 किलोमीटर दक्षिण में दिखा। यह स्थान राजधानी टोक्यो से लगभग 300 किलोमीटर दक्षिण में है। जापान प्रशांत महासागर को घेरने वाली भूकंपीय रेखा 'रिंग ऑफ फायर' पर स्थित है। जापान के प्रमुख कैबिनेट सचिव योशिमासा हयाशी ने कहा कि सरकार को भूकंप या सुनामी से किसी तरह के नुकसान की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है।

## अनिद्रा को दूर भगाए योग निद्रा

आरपी सिंह

**नई दिल्ली।** इन दिनों बहुत से लोग तरह-तरह की चिंता से इतने परेशान रहने लगे हैं कि रात को नींद ही नहीं आ रही। ऐसे लोग यदि योग निद्रा का अभ्यास करें, तो उनको कुछ लाभ हो सकता है। इसमें जो योग शब्द है, उसका मतलब है मिलन या एकाग्र सजगता तथा निद्रा का मतलब है गहरी नींद। योग निद्रा में आप सोते नहीं हैं, बल्कि आप सचेत रहते हुए ही आराम की गहरी विश्राम अवस्था में चले जाते हैं, जो आपको अपने सहज ज्ञान, रचनात्मकता व शरीर में ऊर्जा को संरक्षित करने में सक्षम बनाता है। यह मानसिक नींद या नींद की जागरूकता की तकनीक है। यदि आप योग निद्रा ध्यान का अभ्यास रोज करते हैं तो आपका मन व मस्तिष्क दोनों तरोताजा रहते हैं। इस ध्यान में जागरूकता के साथ आराम करना, सहज रहना व सचेतन रूप से शरीर को आराम देना होता है।

यह योग निद्रा योगियों द्वारा विकसित किया गया है, जो कि सोने और जागने के बीच की एक अवस्था है। वास्तव में बेहोश सोने की जगह विश्राम के लाभों को प्राप्त करने का एक तरीका है। आधुनिक समय में, यह तकनीक हमारी आधुनिक व्यस्त जीवन शैली के लिए बहुत लाभ वाली और तनाव दूर करने वाली विधि है। कहा तो यह जाता है कि 30 मिनट की योग निद्रा 3 घंटे की नींद के बराबर होती है। लेकिन, आम आदमी के लिए सच्चाई यह है कि गहरी नींद के बाद बहुत स्फूर्ति महसूस होती है। जहां तक योगासन की बात है, तो किसी भी योगासन की समाप्ति योग निद्रा करके ही की जाती है। इस अभ्यास में शवासन में लेट जाते हैं और चेतना व नींद के बीच आराम करते हुए आराम की स्थिति को बनाए रखते हैं।

कहा जाता है कि योग निद्रा करने से मानसिक नियंत्रण और कार्यक्षमता में वृद्धि होती है। यह हार्मोन को नियंत्रित करने, ग्लूकोज के स्तर को स्थिर करने और पोस्ट ट्रॉमेटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर (पीटीएस) को कम करने में मदद करता है। इस ध्यान को कहीं भी किया जा सकता है। लेकिन, योग विशेषज्ञ की देखरेख में करना ज्यादा लाभदायक व सुरक्षित रहता है। योग निद्रा ढीले कपड़े पहनकर किसी खुले व शांत वातावरण में करना उचित रहता है।



### इस तरह कर सकते हैं योग निद्रा का अभ्यास

- योग निद्रा के लिए शव आसन की स्थिति में लेट जाएं।
- अब अपनी आंखें बंद करें और पूरे शरीर को ढीला छोड़ दें। गहरी सांस लें और सांस छोड़े।
- अब धीरे से अपना ध्यान अपने दाहिने पैर के अंगूठे पर ले जाएं। फिर कुछ सेकेंड के लिए यह भाव लाएं कि अंगूठा तनाव रहित हो रहा है और इसके सभी रोग दूर हो रहे हैं। इसके बाद उंगलियों पर ध्यान लगाएं। फिर धीरे से अपना ध्यान दाहिने घुटने, दाहिनी जांघ और दाहिने कूल्हे तक ले जाएं। अब अपने अंदर एक ऊर्जा को महसूस करें।
- इसी तरह अपने बाएं पैर के साथ प्रक्रिया को दोहराएं।
- उसके बाद जननांग क्षेत्र, पेट, नाभि क्षेत्र, छाती से ऊपर की ओर बढ़ते हुए अपने शरीर के अन्य हिस्सों पर भी अपना ध्यान लगाएं।
- अब अपना ध्यान दाहिने कंधे, दाहिने हाथ, हथेलियों और उंगलियों पर ले जाएं। इस प्रक्रिया को अपने बाएं कंधे पर दोहराएं।
- फिर अपना ध्यान गले के चेहरे पर ले जाएं, और अंत में होठ, नाक, कान और सिर की चोटी तक ले जाएं।
- इसके बाद इस प्रक्रिया को वापस से उलटा करना होगा, यानी कि सिर की चोटी से पैर के अंगूठे तक आपको ध्यान लगाना होगा।
- योग निद्रा ध्यान के दौरान सहजता और शांति को महसूस करते हुए अपने शरीर को जागरूक रखें।
- फिर एक गहरी साँस लें और अपने शरीर में संवेदनाओं का निरीक्षण करें। कुछ मिनट के लिए इस अवस्था में आराम करें।
- धीरे-धीरे अपने शरीर और परिवेश के बारे में जागरूक हो जाएं, और कुछ मिनटों तक लेटे रहें।
- अब आप धीरे-धीरे बैठ सकते हैं। इसके बाद धीरे-धीरे अपनी आंखें खोलें।

## एजुकेशन/करियर

एमएससी जियोलॉजी दो साल का पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री कोर्स है। जो इस क्षेत्र के व्यापक पहलुओं और इसके परस्पर जुड़े विषयों जैसे पेलियोन्टोलॉजी, जियोग्राफी, एंथ्रोपोलॉजी आदि को शामिल करता है। जियोलॉजी में मास्टर ऑफ़ साइंस प्रीहिस्टोरिक टाइम्स से पृथ्वी की विभिन्न परतों के अध्ययन को शामिल करता है। समकालीन समय के लिए, यह पूरे वर्षों के विकास का भी एसेसमेंट करता है। यह छात्रों को वातावरण की विविध प्रक्रियाओं और जीवन के विकास में समझ प्रदान करता है। इसके साथ ही आप मिनरलोजी, जियोकेमेस्ट्री, पेट्रोलॉजी आदि जैसे विषयों के बारे में भी इसमें पढ़ते हैं।

### टॉप भारतीय यूनिवर्सिटीज

- बीएचयू, वाराणसी
- एसपीपीयू, पुणे
- एमजीयू, कोट्टायम
- बनस्थली विद्यापीठ, जयपुर
- मुंबई यूनिवर्सिटी, मुंबई
- मोहनलाल सुखाड़िया यूनिवर्सिटी, उदयपुर
- प्रेसिडेंसी कॉलेज, कोलकाता
- गॉसनर कॉलेज, रांची
- देवगिरी यूनिवर्सिटी, कोलकाता
- सेंट जेवियर्स कॉलेज

# एमएससी जियोलॉजी में बना सकते है अपना करियर



### एमएससी जियोलॉजी क्यों करें

- इस कोर्स में छात्रों को ठोस पृथ्वी से संबंधित पृथ्वी विज्ञान का अध्ययन करने को मिलेगा। साथ ही जानने को मिलेगा कि किन चट्टानों की रचना की गई है और वह प्रक्रिया जिसके द्वारा वे समय के साथ बदलते हैं।
- एमएससी जियोलॉजी कोर्स में किसी भी स्थलीय ग्रह या प्राकृतिक उपग्रह जैसे मंगल या चंद्रमा की ठोस विशेषताओं का अध्ययन भी शामिल है।
- यह कोर्स यह समझने और सीखने से संबंधित है कि पृथ्वी की पूरी प्रणाली कैसे अपना काम करती है। इसमें भू-आकृतियां, विभिन्न प्रक्रियाएं, घटक और इतिहास शामिल हैं।
- यह कोर्स छात्रों को बिजनेस, कानून, शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में करियर के लिए तैयार करता है।
- छात्रों को अपने क्षेत्र में रिसर्च कार्य करने का भी अवसर मिलता है।
- यह जियोलॉजी के बारे में डीप नॉलेज प्रदान करता है।

### स्किल्स

- एक्सीलेंट एनालिटिकल स्किल
- बेसिक इंजीनियरिंग प्रिंसिपल को समझने की क्षमता
- जियोलॉजिकल एंड नेचुरल इन्वायरमेंट को समझने के लिए रुचि
- मैपिंग टेक्निक
- फ्लैक्सिबिलिटी एंड वर्सेटिलिटी
- पेशेंस
- अच्छी साइंटिफिक एंड टेक्निकल स्किल्स
- स्ट्रांग स्पोकन एंड रिटन कम्युनिकेशन स्किल

### मिनरोलॉजी

मिनरोलॉजी, जियोलॉजी का एक उप-क्षेत्र है, जो खनिजों, उनके रसायन विज्ञान, क्रिस्टल संरचना और इसके भौतिक गुणों का अध्ययन करता है। इसमें खनिजों की उत्पत्ति, उनके भौगोलिक वितरण और उनके उपयोग की प्रक्रियाएं भी शामिल हैं। जियोलॉजी के एक महत्वपूर्ण क्षेत्र के रूप में, मिनरोलॉजी यह पता लगाता है कि खनिजों का उपयोग विभिन्न रूपों जैसे अयस्क, उर्वरक आदि में कैसे किया जाता है। ये अयस्क विभिन्न महत्वपूर्ण धातुओं जैसे लोहा, एल्यूमीनियम आदि के असंसाधित रूप हैं और इनमें से कुछ अयस्क जैसे चूना पत्थर और ग्रेनाइट का उपयोग किया जाता है। निर्माण सामग्री के रूप में। खनिज विज्ञान इन खनिजों का विश्लेषण उनके मूल गुणों और विभिन्न उद्योगों में उनके उपयोग की पहचान करने के लिए करता है।

**पेट्रोलॉजी :** जियोलॉजी के मूलभूत विषयों में से एक- पेट्रोलॉजी चट्टानों का अध्ययन है और उनका निर्माण कैसे हुआ। यह विषय तीन उप-क्षेत्रों का गठन करता है, अर्थात आग्नेय, अवसादी और कायापलट। चट्टानों की संरचना और बनावट का अध्ययन करने और उनकी उत्पत्ति के बारे में अधिक जानने के लिए पेट्रोलॉजी भू-रसायन और भूभौतिकी के तरीकों का उपयोग करती है। यह क्षेत्र भूविज्ञान का एक महत्वपूर्ण विभाजन है क्योंकि चट्टानें पृथ्वी की मूल परतों का निर्माण करती हैं और सूक्ष्म दृष्टिकोण से पृथ्वी का निर्माण करने वाले तत्वों की समझ का अभिन्न अंग हैं।

**इकोनॉमिक जियोलॉजी :** इकोनॉमिक जियोलॉजी पृथ्वी के खनिजों का अध्ययन है जिनका उपयोग अक्सर औद्योगिक और आर्थिक उद्देश्यों के लिए किया जाता है। इन सामग्रियों में धातु, पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस, कोयला आदि शामिल हैं। इकोनॉमिक जियोलॉजी अध्ययन का एक व्यावहारिक क्षेत्र है और जियोलॉजी का एक महत्वपूर्ण उप-क्षेत्र है। इकोनॉमिक जियोलॉजी के विषय में गहराई से जाने पर, आप खनिज इंजीनियरों, पर्यावरण वैज्ञानिकों, संरक्षणवादियों आदि जैसे विविध कैरियर की संभावनाओं का पता लगा सकते हैं।